असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
रांची, सोमवार | 10.04.2023 | वर्ष 10, अंक 97 | RNI No. JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
उन चीजों के बारे में समय बर्बाद मत करो, जिनको आप बदल नहीं सकते।

**रोजा का समय**
इफ्तार (10/04/23) 06:09
सेहरी (11/04/23) 04:08

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

**रांची का तापमान**
अधिकतम 32°
न्युनतम 15°

## क्वीक न्यूज

### पूर्व विधायक चंद्रिका महथा कांग्रेस में होंगे शामिल

**गिरिडीह** : झाविमो के पूर्व विधायक चंद्रिका महथा 13 अप्रैल को कांग्रेस में शामिल होंगे। जय भारत सत्याग्रह यात्रा शामिल होने के लिए कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता गिरिडीह आएंगे। उसी दिन ही चंद्रिका महथा कांग्रेस का दामन थामेंगे। झामुमो के कद्दावर नेता रहे चंद्रिका महथा 2006 में बाबूलाल मरांडी की पार्टी झाविमो में शामिल हो गए थे।विगत विधानसभा चुनाव से पूर्व झाविमो का विलय भाजपा में कर दिया गया। चंद्रिका ने भाजपा में जाने से परहेज किया। विलय के बाद वह किसी दल में शामिल नहीं हुए।

### प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने का जश्न, पीएम मोदी ने जारी किया बाघ का नया आंकड़ा

# देश में 3167 बाघ

एजेंसी

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक के मैसूर में टाइगर प्रोजेक्ट के 50 वर्ष पूरे होने पर इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने पर एक स्मारक सिक्का भी जारी किया।


इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि हम सभी एक बेहत महत्वपूर्ण पड़ाव के साक्षी बन रहे हैं, प्रोजेक्ट टाइगर को 50 वर्ष हो गए हैं। भारत ने न सिर्फ टाइगर को बचाया है, बल्कि उसे फलने फूलने का एक बेहतरीन ईको सिस्टम दिया है। उन्होंने कहा कि जब अनेक टाइगर रिजर्व देशों में उनकी आबादी स्थिर है या आबादी घट रही है तो फिर भारत में तेजी से बढ़ क्यों रही है?

इसका उत्तर है, भारत की परंपरा, भारत की संस्कृति और भारत के समाज में बायो डायवर्सिटी को लेकर, पर्यावरण को लेकर हमारा स्वाभाविक आग्रह। प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने के उद्घाटन सत्र में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि प्रोजेक्ट टाइगर बड़ी बिल्लियों की सुरक्षा और संरक्षण का मार्ग प्रशस्त करता है। प्रकृति की रक्षा करना भारतीय संस्कृति का अंग है। प्रोजेक्ट टाइगर की सफलता न केवल भारत के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए गर्व की बात है। भारत ने आजादी के 75 साल पूरे कर लिए हैं और दुनिया की बाघों की आबादी का 75 फीसद भारत में है। इस अवसर पर पीएम ने बाघों का जनगणना रिपोर्ट जारी किया। भारत में बाघों की संख्या बढ़कर 3 हजार 167 हो गई है। 2006 में यह संख्या 1411 थी। इससे पहले 2018 व 2019 में जारी बाघों की गणना में 2967 संख्या पाई गई थी।

### भारत में प्रोजेक्ट टाइगर की सफलता विश्व के लिए गर्व की बात : पीएम मोदी

**दुनिया में सबसे बड़े एशियाई हाथियों की श्रेणी वाला देश भारत है**

लगभग 30,000 हाथियों के साथ, हम दुनिया में सबसे बड़े एशियाई हाथियों की श्रेणी वाले देश हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्नाटक के बांदीपुर टाइगर रिजर्व पहुंचे। इस दौरान उन्होंने थेप्पाकडू हाथी शिविर में हाथी को गन्ना भी खिलाया। पीएम मोदी ने ऑस्कर विजेता डॉक्यूमेंट्री द एलिफेंट व्हिस्परर्स वाले कपल बोमन-बेली से भी मुलाकात की। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक के बांदीपुर टाइगर रिजर्व का दौरा किया।



### देश में 2014 के बाद से सात जीवों की बढ़ी आबादी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक के बांदीपुर टाइगर रिजर्व का दौरा किया। इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस दुनिया की सात प्रमुख बड़ी बिल्लियों यानि बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, प्यूमा, जगुआर और चीता के संरक्षण एवं सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करेगा। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जुलाई 2019 में विश्व नेताओं से पहल का आह्वान किया था। ताकि एशिया में इन जीवों के अवैध शिकार और व्यापार को रोका जा सके। बता दें कि देश में 2014 के बाद से इन सातों जीवों की आबादी बढ़ी है। इनमें बाघों की आबादी 33 प्रतिशत बढ़कर 2018 में 2,967 पर पहुंच गई।

### पीएम मोदी ने किया नामीबिया के चीतों का जिक्र

पीएम मोदी ने आगे कहा कि दशकों पहले भारत से चीते विलुप्त हो गए थे। हम शानदार चितों को नामीबिया और दक्षिण अफ्रिका से भारत लेकर आए। कुछ दिन पहले ही कूनो नेशनल पार्क में 4 सुंदर शावकों ने जन्म लिया है।उन्होंने कहा यह बिग कैट का पहला सफल ट्रांस-कॉन्टिनेंटल ट्रांसलेशन है। लगभग 30,000 हाथियों के साथ, हम दुनिया में सबसे बड़े एशियाई हाथियों की श्रेणी वाले देश हैं।

## एनआईए ने की छापेमारी, हथियार-गोली बरामद




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा** : जिले में फिर एक बार पुलिस बड़ी कार्यवाही करते हुए एनआईए और स्थानीय पुलिस की टीम के द्वारा रविवार को लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र के ओपा गांव स्थित ईटा भट्ठा में छापेमारी की जहां टीम ने एक पिस्टल,छह गोली जमीन और बैंक के कई महत्वपूर्ण कागजात जब्त किया है वही मौके से ईट भट्ठा मालिक फरार है। उसकी गिरफ्तारी को लेकर एनआईए और पुलिस संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही है माओवादियों के खिलाफ की गई इस कार्रवाई के बाद माओवादी समर्थकों में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि एनआईए को गुप्त सूचना मिली थी कि माओवादी रीजनल कमांडर 15 लाख का इनामी नक्सली रविंद्र गंजू के करोड़ों रुपए ईट भट्ठा मालिक द्वारा अलग-अलग व्यवसाय में इन्वेस्ट किया जा रहा है जिसके बाद एनआईए की टीम ने पहुंचकर स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापेमारी की हालांकि मौके पर माओवादी कमांडर तो नहीं मिला और ना ही व्यवसाय ही हाथ लगा लेकिन माओवादी कमांडर से जुड़े कई महत्वपूर्ण कागजात तथा हथियार बरामद किए गए हैं। बताया जा रहा है कि एनआईए और पुलिस की टीम जिस ईट भट्ठा व्यवसाई को गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है उसे कुछ समय पहले भी एनआईए की टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था उस समय भी एनआईए की टीम ने माओवादी कमांडर के साथ संबंध होने तथा माओवादी का पैसा अलग अलग व्यवसाय में लगाने और अन्य महत्वपूर्ण अपराध के साथ माओवादी कमांडर और व्यवसाय के बीच बातचीत के सबूत हाथ लगे थे जिसके बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।



PR NO-294600 (IPRD) 23-24
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## संक्षिप्त खबरे

### कार और स्कूटी की टक्कर में महिला घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के सुदना में कार और स्कूटी की टक्कर में सुदना निवासी संतोष भारती की पत्नी प्रियंका कुमारी उम्र 22 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार प्रियंका कुमारी रविवार की सुबह 10:30 अपने घर से स्कूटी पर सवार होकर पूजा करने के लिए गायत्री मंदिर जा रही थी। तभी रास्ते में एक कार ने उन्हें धक्का मार दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से प्रियंका को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में लाया गया। जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है। वही प्रियंका के साथ एक 10 वर्षीय बच्ची भी स्कूटी पर बैठी थी जिसे हल्की-फुल्की चोट लगी है।

# जिनका खून बहाने के लिए उठाया था हथियार, आज उन्हीं के रक्तदान से चल रहा नक्सली नंदकिशोर का इलाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** कुछ दिन पहले पलामू एसपी चंदन सिन्हा के नेतृत्व में पुलिस ने जान की बाजी लगाते हुए 5 लाख के इनामी नक्सली नंदकिशोर को गिरफ्तार किया था। लेकिन अब बीमार नक्सली के लिए पलामू पुलिस उसके इलाज के लिए रक्तदान कर रहे हैं।जिन जवानों को मारने के लिए हथियार उठाया था, वही जवान आज उसकी जान बचाने के लिए जी जान लगाए हुए हैं. जिस व्यक्ति की जान बचाने के लिए पुलिस के अधिकारी और जवान मेहनत कर रहे हैं, वह 18 से अधिक जवानों के शहीद करने की घटना में शामिल रहा है. 3 अप्रैल को चतरा के लावालौंग में सुरक्षाबल और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई थी. इस मुठभेड़ में माओवादियों के टॉप पांच कमांडर मारे गए और एक टॉप माओवादी नंदकिशोर यादव उर्फ ननकुरिया जख्मी हो गया था।इसके बाद पुलिस ने उसे



गिरफ्तार कर लिया था, गिरफ्तारी के बाद पुलिस उसका इलाज करवा रही है, उसे इलाज के लिए रिम्स में भर्ती करवाया गया है. नंदकिशोर यादव उर्फ ननकुरिया के इलाज पर होने वाला खर्च पुलिस उठा रही है, उसके लिए दो यूनिट ब्लड को सुरक्षित रखा गया है. इसके लिए पलामू पुलिस के जवानों ने ही रक्तदान किया है. नंदकिशोर यादव उर्फ ननकुरिया पर राज्य की सरकार ने पांच लाख का इनाम रखा हुआ था।नंदकिशोर यादव उर्फ ननकुरिया का इलाज पुलिस अभिरक्षा में रिम्स में किया जा रहा है. पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि नक्सली ननकुरिया के इलाज का खर्च पुलिस वहन करेगी, इलाज में कोई कमी नहीं बरती जाएगी, जरूरत के अनुसार ब्लड उपलब्ध करवाया जाएगा. एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि भटके हुए लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई नक्सली मजबूरी जबकि कई आर्थिक लाभ के कारण दस्ते में फंसे हुए है। पुलिस सभी से मुख्यधारा में शामिल होने की अपील कर रही है और इसके लिए अभियान भी चला रही है।नंदकिशोर यादव उर्फ ननकुरिया झारखंड और बिहार में 50 से अधिक नक्सली हमले करने का आरोपी है. जून 2015-16 में बिहार के औरंगाबाद और गया सीमा पर हुए नक्सल हमले में कोबरा के 10 जवान शहीद हुए थे, हमले में ननकुरिया लैंड माइंस लगाने और गोली चलाने में शामिल रहा है. 2008-09 में पलामू के मनातू चक रोड में लैंड माइंस विस्फोट में चार जवान शहीद हुए थे, इस घटना में ननकुरिया आरोपी रहा है। 2005 के बाद से पलामू चतरा और बिहार के गया औरंगाबाद सीमावर्ती क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक जवान शहीद हुए. 18 से अधिक जवानों के शहीद होने की घटना में ननकुरिया शामिल रहा है. नंदकिशोर यादव उर्फ ननकुरिया पलामू के पांकी थाना क्षेत्र के केकरगढ़ का रहने वाला है और 2005 से नक्सल संगठन में सक्रिय है।

## ए0के0सिंह कालेज जपला में आगामी 11, 12 व 15 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा सेमिनार

**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ए0के सिंह कालेज जपला के परिसर में घुमक्कड़ी धर्म को दर्ज प्रदान करने वाले महापंडित राहुल सांकृत्यायन सत्यशोधक समाज के संस्थापक महात्मा ज्योतिबा फूले तथा भारत संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जी का जन्मदिन पर सेमिनार तीनों दिन सेमिनार का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महाविद्यालय के ही छात्र ही वक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे इस सेमिनार में महापुरुषो से संबंधित परिचर्चा/ साक्षात्कार/ फिल्म का भी आयोजन प्रदर्शन किया जाएगा यह कार्यक्रम महाविद्यालय के शैक्षणिक प्रभारी एवं आंतरिक गुणवत्ता निर्धारक प्रकोष्ठ आई 0क्यू ए0सी 0के समन्वयक डॉ राम सुभग सिंह के निर्देशन में अगामी 11 को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती 12 अप्रैल को महापंडित राहुल सांकृत्यायन जयंती 15 अप्रैल को समय 11 दिन में डां बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से संपन्न होगा। इस कार्यक्रम की जानकारी ऐ0के सिंह कालेज के प्राचार्य सुर्यमणी सिंह ने दी।

## मुखिया ने टेंपू में लाउडीस्पीकर बांधकर डिले पीएम आवास के लाभुकों को किया जागरूक



**पांडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत महूगांवा मुखिया ने रविवार के दिन डिले पीएम आवास योजना के लाभुकों को किया जागरूक. टैंपू में लाउडस्पीकर बांधकर गांव- गांव में घुमाया एवं लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि जो लोग प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का पैसा ले चुके हैं वे तत्काल कार्य को पूर्ण करें. किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुखिया द्वारा इस तरह का लोगों के बीच जागरूकता पैदा करना पांडू प्रखंड के लिए मिसाल बन गया है। लोग चारों तरफ मुखिया मदन राम का प्रशंसा कर रहे हैं. मुखिया ने यह भी हिदायत दी है कि कार्य में लापरवाही बरत रहे लोगों के लिए विभाग कभी भी कार्रवाई कर सकती है। कार्रवाई से बचने का एकमात्र उपाय आवास को ससमय पूर्ण करना है।

# देश को गौरवान्वित करने वाले सीआरपीएफ को लाखों सलाम, तिरंगा वाले शौकत खान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** सीआरपीएफ शौर्य दिवस के अवसर पर रविवार को राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह के आयोजक सह अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत ख़ान ने देश के जांबाज वीर सपूतों के सम्मान में कहा कि हम सभी देशवासियों को अपने सीआरपीएफ पर गर्व है कि कड़ाके की ठंड हों या या तेज धुप और प्यास कि तपिश या हो मुसलाधार बरसात का वक्त सभी दुखों को नजर अंदाज कर अपनी देश और राज्य कि सुरक्षा में समर्पित रहकर एक एक भारतीय नागरिक को सुरक्षित रखने में अपनी अहम योगदान निभाते है और देश के लिए बहुत सारे अनेक महान कार्य कर के पुरी दुनिया में भारत का परचम लहराकर भारत को गौरवान्वित करने वाले हमारे सीआरपीएफ के सभी पदाधिकारी और जवानों को लाखों सलाम पेश करते हैं और



जिन्होंने ने देश कि खातिर अपनी बलिदान दी है ऐसे जांबाज शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर आम नागरिकों से शौकत ख़ान आग्रह करते हैं कि देश भर में शहीद के परिजन जहां भी आपको दिखें उन्हें सम्मान दें।उन्हें सलामी देकर उनका अभिवादन करें और उनके हर सुख में साथ खड़े रहे ताकि उन्हें लगें कि देश के लिए बलिदान देने वाला परिवार एक साथ सदस्य गया है। लेकिन आज मेरे देश का एक एक नागरिक मेरे साथ खड़ा हैं। शौकत ख़ान ने बताया कि मुझे गर्व है कि ईश्वर ने मुझे सेना के सम्मान में और झारखंड के पहले शौर्य चक्र विजेता शहीद आशिष कुमार तिवारी जी के सम्मान में लाखों जरुरतमंदों को सेवा करने का सौभाग्य दिया है। जब तक ईश्वर ने हमें ज़िन्दग़ी बक्शी है, तब तक मैं अपने देश और सेना के सम्मान में निस्वार्थ सेवा कार्य कर अपने जिले का नाम रौशन करता रहुंगा।उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ 172 बटालियन के कमांडेंट सर के साथ साथ सभी पदाधिकारियों और जवानों को आभार व्यक्त करता हूं कि हमारे हर नेक कार्य में आप सभी का सहयोग और मार्गदर्शन मुझे मिलता रहता है।

# ठाकुर अनुकूलचन्द्र के अनुयायियों द्वारा सत्संग उपासना में सत्संग का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** युग पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र के अनुयायियों द्वारा सत्संग उपासना केन्द्र जंगीपुर स्थित उर्जितपा के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ शंख ध्वनि, बन्दे पुरुषोत्तम ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद संध्याकालीन प्रार्थना, समवेत नाम जप, सत्यानु शरण पाठ, नारी नीति पाठ, अनुश्रुति ग्रंथ का सामूहिक पाठ किया गया.सत्संग में इष्टचर्चा करते हुऐ ऋत्विक धृतिसुन्दर लाल ने कहा कि मनुष्य का कर्म सर्वोपरि है। कर्म के अनुसार ही फल की प्राप्ति होती है.ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि वर्तमान आचार्य द्वारा दिया गया कार्य ही इष्ट कार्य है.वही कार्य सर्वोत्तम कार्य है.सत्संगी अखिलेश प्रसाद ने कहा कि मनुष्य जो भी संकल्प करता है, उस संकल्प को सम्पूर्ण जीवन तक



निभाना चाहिये. शक्तिदास सिन्हा ने कहा कि सत्संग करने से मन पवित्र हो जाता है। उन्होंने कहा कि दुष्ट आचरण करने वाला व्यक्ति यदि सत्संग करता है या सत्संग में शामिल हो जाता है तो वह व्यक्ति धीरे धीरे अच्छे कर्म करने लगता है और अंत मे निर्मल हो जाता है। उन्होंने कहा कि दुष्ट व्यक्ति भी सत्संगति से सुधर जाता है.सत्संग में राज कुमार, गीता देवी भी अपने विचार व्यक्त किये.सत्संग में श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के जन्म महोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाने पर चर्चा किया गया। सत्संग में रिशु कुमार, ब्रजेश तिवारी, अजय दा, संजय दा, धृतिदीप, वृंदा देवी, चंचला गुप्ता, निर्मला जायसवाल, भागमनी देवी, श्रवण कुमार, रेखा देवी, दीप माला, मधु सिन्हा, गोविन्द रजक, ललिता देवी सहित बड़ी संख्या में सत्संगी उपस्थित थे। सत्संग में अल्पाहार की व्यवस्था संजय दा द्वारा किया गया था।

## गरीबों दलितों को उनके जमीन का मालिकाना हक दे सरकार : सीपीआई



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर अंचल के ग्राम चूरू में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम ग्रामीणों की जनसमस्याओं से जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने अवगत हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि पूरे इलाका में अकाल पड़ा हुआ है जिसके चलते खरीफ फसल के साथ रबी की फसल भी नहीं हो पाई। वही मनरेगा में मशीनों से काम होने के कारण लोगों को मजदूरी भी नहीं मिल रहे हैं। श्री तिवारी ने कहा कि आज 50 वर्षों से रह रहे ग्राम चिरु के पचासों ग्रामीणों का उनके जमीन का मालिकाना हक कागज नहीं बन पाया है और आज ही पूर्व जमींदार परिवार के लोग स्थानीय प्रशासन से मिलकर इन ग्रामीणों को उजाड़ने में लगे हुए हैं पत्थर मन माफियाओं के खनन के चलते पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। आम जनता धूल फांक रहे हैं और पत्थर माफिया एवं पूर्व जमींदार परिवार गरीबों के रैयती जमीन, पहाड़ का लीज लेकर ग्रामीणों एवं पिछड़े दलितों को उजाड़ने में लगे हैं है इन्हीं सवालों को लेकर ग्राम - कुहकू में 14 अप्रैल को कहुकूह कला में होने वाले आम सभा में अपने हक एवं अधिकार के लिए लड़ाई में शामिल होवे। बैठक को पार्टी के वरिष्ठ साथी सूर्यपत सिंह ने पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया।वही झारखंड सरकार के द्वारा अकाल राहत का पैसा सभी किसानों के खाता में नही जाने पर चिंता व्यक्त किया और अविलंब भुगतान करने की बात कही। बैठक में सजीवन भुइंया, रामसागर भूइंया, नरेश राम, रानती देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## एनएसयूआई छात्र संगठन ने बच्चों के बीच कॉपी कलम चॉकलेट का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** रविवार को एनएसयूआई के 53 स्थापना दिवस के मौके पर अनाथ आश्रम में जाकर बच्चों के बीच कॉपी पेन पेंसिल फल टॉफी बिस्कुट का वितरण किया गया मौके पर एनएसयूआई पलामू जिलाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी ने कहा कि छात्रों के भीतर देशभक्ति भरकर हक़, अधिकार, कर्तव्य और राजनीति की शिक्षा देने वाली भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन है जिसकी स्थापना 1971 में इंदिरा गांधी जी ने की थी। मौके पर एनएसयूआई के पूर्व छात्र नेता अभिषेक तिवारी ने कहा कि देश ही नहीं विश्व की सबसे बड़ी छात्र संगठन एनएसयूआई है जो छात्रों के हक अधिकार के लिए हमेशा संघर्षरत है। मौके पर ओम प्रकाश त्रिपाठी, आशीष ठाकुर, अंकित कुमार, प्रभाकर इत्यादि मौजूद थे।

## महिला मुखिया अंजू ने कैंसर पीड़ित की बेहतर इलाज के लिए किया रक्तदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी काबिलियत की जलवा बिखेरते हो गए अगली कतार में खड़ी हैं। फिर रक्तदान में वे अपनी खूब पीछे कैसे छोड़ सकती है। विश्रामपुर प्रखंड के सुदूरवर्ती जंगल की तलहटी में बसा घासीदाग पंचायत जहां की मुखिया महिला अंजू देवी रविवार की दोपहर भीषण गर्मी व कड़ी धूप में मेदिनीनगर स्थित पलामू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पहुंची। जहां कैंसर पीड़ित पंचायत क्षेत्र की हीं एक अन्य महिला की बेहतर इलाज के लिए अपना रक्तदान की। इतना ही नहीं आगे भी जरूरत के अनुरूप हर संभव सहयोग की भी बातें कहीं। अगर उसे आगे भी रक्त की जरूरत महसूस की गई तो अपने परिवार के अन्य सदस्यों से भी रक्तदान कराएगी। जानकारी के अनुसार घासीदाग पंचायत क्षेत्र के घासीदाग गांव निवासी गायत्री देवी



कैंसर की बीमारी से ग्रसित है। पिछले दिनों लखनऊ से इलाज कर वापस लौटी थी। अचानक उसके स्वास्थ्यं एक बार फिर से बिगड़ गए। पीड़ित महिला के परिवार के सदस्यों के द्वारा मेदिनीनगर स्थित पलामू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां स्थिति को गंभीर देखते हुए ब्लड की जरूरत बताई गई। जिला मुख्यालय से 80 किलोमीटर दूर सुदूरवर्ती जंगल में अवस्थित घासीदाग पंचायत की महिला मुखिया अंजू देवी साहसिक परिचय देते हुए रक्तदान करने की अपनी इच्छा प्रकट करते हुए कैंसर पीड़ित महिला की बेहतर इलाज के लिए रक्तदान किया।

## देसी कट्टा के साथ वीडियो रील बनाने वाला युवक गया जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** पुलिस ने एक युवक को देसी कट्टा के साथ शहर के ऊपरी लाइन पार्क के पास से गिरफ्तार किया है। युवक का पहचान गढ़वा थाना क्षेत्र के उचरी मोहल्ला निवासी निजामुद्दीन अंसारी का पुत्र इसरार अंसारी के रूप में हुई है। उक्त जानकारी एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने गढ़वा थाना में प्रेस वार्ता कर दी है। उन्होंने बताया कि 8 अप्रैल को गुप्त सूचना मिला था। कि पारस महतो के घर के पास एक संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान इसरार अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जिसके बाद उसके पास से एक देसी कट्टा एक कारतूस व एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि युवक का



अपराधिक इतिहास नहीं है। वह यूट्यूब पर पोस्ट के लिए रिल्स बना रहा था। उसी दौरान स्थानीय लोग उसे पिस्टल के साथ देखा और उसकी सूचना पुलिस को दिया था। जिसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि युवक के पास कट्टा कहा से मिला पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। इस अवसर पर पुलिस अवर निरीक्षक आशीष कुमार सिंह, समीम अंसारी, अरुण प्रकाश बैठा, शैलेंद्र कुमार सिंह, नंदलाल कुमार, राहुल कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर थाना क्षेत्र के चियांकी हवाई अड्डा निवासी स्वर्गीय सहदेव साहू के पुत्र राजू प्रसाद गुप्ता उम्र 35 वर्ष की मौत बाइक दुर्घटना में हो गई। इस घटना के बारे में मृतक के परिजनों ने बताया कि राजू प्रसाद रविवार की सुबह करीब 3:00 बजे भोर में किसी काम से सिंगरा जा रहा था। तभी रास्ते में शहर थाना क्षेत्र के निमिया में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।

## बोरिंग एसोसिएशन ने बोरिंग शुल्क बढ़ाने का लिया निर्णय

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के बिसफुटा पुल स्थित बैजनाथ सेवा आश्रम में बोरिंग एसोसिएशन पलामू कोर कमेटी की बैठक विपिन सिंह की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सभी बोरिंग वाहन के मालिकों ने सर्वसम्मति से फैसला लिया कि शहर सहित ग्रामीण इलाकों में बोरिंग का दर 110 रु प्रति फिट लिया जाएगा। मौके पर उपस्थित अध्यक्ष विपिन सिंह ने कहा कि हाल के दिनों में महंगाई को देखते हुए। लेबर चार्ज में बढ़ गया है,डीजल का दाम भी आसमान छू रहा है। जिसके कारण बोरिंग शुल्क बढ़ाई गई है। बैठक में शामिल विपिन कुमार सिंह, अजय सिन्हा, बैजनाथ कुमार कल्लू, नवल किशोर राय, संतोष गुप्ता, चंद्रशेखर सिंह, वीरेंद्र गुप्ता, नरेंद्र मेहता, बिनोद बिहारी महतो, दिनेश गुप्ता, विक्की चंद्रवंशी, विकास कुमार सिंह (विपु सिंह) सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भाजयुमो कार्यसमिति की बैठक हुई संपन्न

# क्षेत्र के कई युवाओं ने थामा बीजेपी का दामन, पुष्पमाला व अंग वस्त्र से सम्मानित कर दिलाई गई सदस्यता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू :** जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत स्थित नन्दलाल साव इंटर कॉलेज हिसरा में भाजयुमो कार्यसमिति की बैठक भाजयुमो अध्यक्ष जनक कुमार शर्मा के नेतृत्व में की गई। जिसका संचालन भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य राजू कुमार शर्मा के द्वारा किया गया। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय,डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं वंदे मातरम् गाकर की गई। मुख्य अतिथि भाजपा के पलामू जिला उपाध्यक्ष सह विश्रामपुर विधायक प्रतिनिधि रामचन्द्र यादव ने भारतीय जनता पार्टी की विशेषता एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाए गए महत्वाकांक्षी योजना पलामू सांसद, क्षेत्रीय विधायक के कुशल नेतृत्व में हो रहे कार्यों के बारे में बताते हुए भाजयुमो कार्यकर्ताओं



को कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए.बैठक में उपरोक्त के अलावा मंडल अध्यक्ष प्रेमसागर सिंह, मंडल महामंत्री मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, जिला किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य दामोदर यादव सांसद प्रतिनिधि कृष्ण विजय सिंह मंडल मंत्री विमल चंद्रवंशी भाजपा नेता लव कुमार विश्वकर्मा मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार विश्वकर्मा सह संयोजक आशुतोष सुमन कार्यालय मंत्री वीरेन्द्र सिंह, भाजयुमो उपाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह महामंत्री मिथुन साह एवं शनि सिंह, राहुल कुमार सिंह, जितेन्द्र चंद्रवंशी, रंजन शर्मा, निरंजन विश्वकर्मा,जितेन्द्र चौधरी, प्रिंस पाण्डेय, श्यामदेश्वर मेहता, जयराम पासवान, विशाल कुमार सिंह, बबलू चंद्रवंशी, दिनेश कुमार सहित अन्य कई भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। साथ ही बैठक के दौरान चंदन पासवान,पिंटू कुमार पांडे, अरुण कुमार, बिहारी यादव, धीरेन्द्र पाल, संतु साव, सुबोध पाल, राज कुमार यादव इन सभी लोगो ने क्षेत्रीय विधायक के कुशल नेतृत्व में हो रहे कार्यों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा जिसे जिला उपाध्यक्ष सह विश्रामपुर विधायक प्रतिनिधि रामचन्द्र यादव मंडल अध्यक्ष प्रेमसागर सिंह सांसद प्रतिनिधि कृष्ण विजय सिंह महामंत्री मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, भाजयुमो अध्यक्ष जनक कुमार शर्मा सहित अन्य मंडल के सम्मानित कार्यकर्ताओं के द्वारा संयुक्त रूप से पुष्पमाला एवं अंग वस्त्र से सम्मानित कर सदस्यता ग्रहण कराई गई।

# मोदी राज में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना हो गया है गुनाह : बिट्टू पाठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदनीनगर :** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में जिला में चल रहे जय भारत सत्याग्रह को लेकर आज दिनांक 9 अप्रैल 2023 को 12 वह दिन पलामू जिला के पाटन प्रखंड में नुक्कड़ सभा किया गया नुक्कड़ सभा का अध्यक्षता जिला अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष अशोक पासवान ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक मौजूद थ जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि मौजूदा दौर में केंद्र सरकार देश की आत्मा यानि लोकतंत्र को ध्वस्त करने में लगी है मोदी राज में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना हो गया है गुनाह आज विदेश के अख़बारों में




भारतीय लोकतंत्र पर लगातार हमले को लेकर खबरे छप रही हैं। लोगों के बीच आज भी सवाल बना हुआ है कि मोदी जी का अडानी से क्या रिश्ता है एवं 20, 000 करोड़ किसके हैं? अशोक पासवान ने कहा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के दिए हुवे संविधान को हम सबको बचाने के जिम्मेदारी है जब से यह सरकार आई है धजियां उड़ा कर रख रखा। राहुल जी से मोदी जी डरे हुवे हैं द्यएसबीआई-एलआईसी के जरिए लुटवाने का काम निरंतर कर रहे हैं। साथ ही, महाघोटाले के आरोपी अडानी को बचाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। केंद्र सरकार ने तानाशाही की सीमा लांघ दी है। मौके पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद सिंह सत्येंद्र सिंह विद्या सिंह चेरो चिंतामणि तिवारी देवांश शुक्ला रामानंद पांडे अनिल कुमार सिंह अनवर अंसारी संजय पासवान लो सिंह सरोज पाल हरिनंदन पासवान सज्जाद अली रितेश पासवान प्रियांशु पासवान संतोष कुमार अली मुनिया जागनाथ पासवान सरजू ठाकुर अभिमन्यु पांडे अली मियां सुनील सिंह दीपक ठाकुर चंद्रदेव सिंह इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री ने दीं ईस्टर की शुभकामनाएं



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को ईस्टर के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रेम, दया, करूणा, क्षमा और मानवता का यह प्रेम सभी स्वस्थ जीवन, सुख शांति और समृद्धि प्रदान करें।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**रांची :** चुटिया थाना क्षेत्र स्थित इंदिरा चौक के पास एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव पेड़ पर लटका मिला है। युवक की पहचान रंजीत चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार युवक ने आर्थिक तंगी की वजह से रविवार अहले सुबह फांसी लगा ली।

### कुड़मी आंदोलन का पांचवां दिन, 31 ट्रेनें रद्द

**रांची :** कुड़मी आंदोलन की वजह से आज (रविवार) भी 31 ट्रेन नहीं चलेंगी। एसटी सूची में शामिल करने की मांग को लेकर कुड़मी समाज के अनिश्चितकालीन रेल रोको आंदोलन का आज पांचवा दिन है। रद्द्द की गई ट्रेनें रांची रेल मंडल से परिचालित होती हैं। आंदोलनकारी खेमाशुलि स्टेशन तथा कुस्तौर स्टेशन पर पटरी पर बैठे हैं।



# कांटाटोली फ्लाईओवर निर्माण के कारण हो रहा जाम : ट्रैफिक एसपी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमाॅ कांटाटोली चौक के निर्माणाधीन फ्लाईओवर का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने देखा कि फ्लाईओवर का निर्माण जिस तरह से हो रहा है और इसके डस्ट को सड़कों पर रखा जा रहा है, बैरिकेडिंग इधर-उधर फेंका हुआ पड़ा है, यह सब देख कर , वहां देखरेख कर रहे दीपक नामक व्यक्ति को फटकार भी लगाई। एसपी ने कहा कि आखिर इतना विलंब क्यों हो रहा है, कांटा टोली फ्लाईओवर लंबे समय से बन रहा है। जिस तेजी से बनना चाहिए था वह होता दिख नहीं रहा है। जिस तरह से सड़क में मैटेरियल गिरा रखे हैं, तो ट्रैफिक को ज्यादा दिक्कतें हो रही है। बाकी जो 15 फीट का सड़क छोड़ा गया है , इसमें दोनों तरफ से वाहनों का आवागमन होने में जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है । सड़क भी जर्जर है। अगर आप देखें तो रांची में दो और फ्लाईओवर का निर्माण हो रहा है। रातू रोड फ्लाईओवर और डोरंडा फ्लाईओवर दोनों की स्थिति देख सकते हैं, कितनी तेजी के साथ काम हो रहा है। वाहनों का आवागमन में किसी तरह की कोई परेशानी भी नहीं हो रही है। आगे उन्होंने यह भी कहा कि इसको फिर से हम लोग देखेंगे जितना जल्दी हो सके मटेरियल को दूसरे जगह व्यवस्थित कराएं और सड़क को क्लियर करें , ताकि वाहनों का आवागमन सुगम हो सके। वही बिना परमिट वाले ऑटो चालकों को हिदायत दी है, कहा है कि लंबे समय से आटो चालकों को हिदायत दिया जा रहा है अब संभल जाए , नहीं तो आपका बिना परमिट आटो जब्त कर लिया जाएगा। इस मौके पर ट्रैफिक थाना प्रभारी जॉन मुर्मू ,अहमद अली उपस्थित थे।

# मेगा हेल्थ कैंप में 425 लोगों का नि:शुल्क इलाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** स्वस्थ रांची-समृद्ध रांची के तहत झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल के नेतृत्व में गुरू कृपा पब्लिक स्कूल, जतरा मैदान, रांची में निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप लगाया गया । शिविर में प्लास्टिक सर्जरी विशेषज्ञ, हड्डी विशेषज्ञ, माइक्रोबायोलॉजिस्ट, नेत्र विशेषज्ञ, दंत विशेषज्ञ, मधुमेह व मानसिक विशेषज्ञ, बी पी और शुगर के विशेषज्ञ, निसंतानता तथा जनरल फिजीशियन के साथ अन्य चिकित्सकों द्वारा 425 मरीजों का हेल्थ चेकअप कर निशुल्क दवाईयां दी गई।इस अवसर पर झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि आयोजित निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप से शहर के काफी लोग लाभान्वित हुए, ये हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है, हमलोगों के सहयोग से कई लोगों के चेहरे में खुशहाली आयी है। प्रोफेशनल्स कांग्रेस की प्रदेश सचिव मीनाक्षी सिंह ने कहा कि देश और समाज का विकास तभी हो पाएगा जब लोग मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सूयस सिन्हा ने कहा नस से संबंधित बीमारी के करीब 50 मरीज आए कई मरीजों को नशा से संबंधित प्रॉब्लम थी सभी को दवाई उपलब्ध कराया जा रहा है और इस कैंप के 15 दिन के पश्चात हमने फिर उनको अपने सेंटर पर बुलाया है और वहां उनसे फॉलोअप कर इलाज का जायजा लिया जाएगा 7दंत चिकित्सक एवं सर्जन डॉक्टर जैमेश भगत ने कहा आज इस कैंप में मुख्य तौर पर दांत और मुंह से रिलेटेड बीमारियों का चेकअप किया गया बहुत से मरीज ऐसे मिले जो गुटका ,खैनी, तंबाकू इस्तेमाल करके मुंह की स्थिति काफी खराब हो गई थी और कैंसर होने की संभावना काफी बड़ी हुई थी और इसके लिए उन्हें अवगत कराया गया यह सब खाने के चलते मुंह के अंदर छाले हो जाते हैं यह सब चीज पेशेंट को समझाएं गए ।डॉक्टरों की टीम मे प्लास्टिक सर्जन डॉ अनंत सिन्हा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सुबोध, दंत चिकित्सक एवं सर्जन डॉ अशीष भगत, डायबिटोलॉजिस्ट एवं जनरल फिजिशियन डॉ रतनेश, माइक्रोबायोलॉस्टि डॉ पूजा सहाय, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ प्रकाश कुमार, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आरके सिंह, मानसिंक रोग विशेषक डॉ सुयश सिन्हा एवं निसंतानता विशेषज्ञ डॉ सोम्या सिन्हा, पॉपुलर नर्सिंग होम से डॉ हर्ष कुमार ई एन टी विशेषज्ञ की टीम एवं सिविल सर्जन सदर अस्पताल की टीम ने इस स्वास्थ्य शिविर कैंप में अपना महत्वपूर्ण सेवा एवं योगदान दिया।

## कांके थाना प्रभारी आभास कुमार का किया गया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन, राँची के सदस्यगण कांके थाना के नए प्रभारी आभास कुमार से मिले और गेंदा पौधा देकर उनका अभिनन्दन किया।छात्र संगठन के सदस्यों ने नए थाना प्रभारी का अभिनंद करते हुए कहा कि छोटे-छोटे मामले में तुरंत प्राथमिकी न कर समझौता का प्रयास करें।थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में प्रेम सौहार्द्र एवं शांति के लिए पुलिस प्रशासन एवं पब्लिक का सामंजस्य जरुरी है। पुलिस आम लोगों के सहयोग के लिए हमेशा हमेशा तत्पर है। बधाई देने में पूर्व उपाध्यक्ष, राँची विश्वविध्यालय छात्र संघ हुसैन अंसारी, जिलाध्यक्ष अमन अहमद, महासचिव इमरान हाशमी, आशिक अंसारी आदि छात्र उपस्थित थे।

# सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में 25 राउंड फायरिंग, एक गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** शनिवार को सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के आनंद नगर में गोलीबारी कर दहशत का माहौल बनाने का प्रयास किया गया। 7-8 अपराधियों ने दहशत फैलाने की नियत से करीब 25 राउंड फायरिंग की है। दिन में भी दो पक्षों में मारपीट की घटना हुई थी। बिरेंद्र झा के बच्चे से मारपीट हुई थी, सिर्फ झा जी बोलने पर बात बिगड़ गई। इसी बात को लेकर दूसरे पक्ष के सोनू विक्रम ने साथियों के साथ आया और गोलीबारी की, गोलीबारी एक घर की खिलाड़ी पर भी लगी। पुरा मुहल्ले में दहशत फैल गया। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंय, थाना प्रभारी राजेश सिन्हा पहुंचकर पुलिस ने सोनू विक्रम सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी राजेश सिन्हा ने बताया कि वर्चस्व की लड़ाई है हालांकि हम लोगों ने एक युवक सोनू विक्रम को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा चार और युवाओं को हिरासत में लिया गया है।

## वार्ड पार्षद के घर पर हुए हमले में पांच आरोपित गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पुलिस ने सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित आदर्श नगर में शनिवार शाम अपराधियों ने वार्ड पार्षद ओम प्रकाश प्रसाद के घर पर हमला कर दो दर्जन से अधिक फायरिंग मामले में पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। हालांकि इस मामले में रांची पुलिस ने बीते देर शाम को ही मुख्य आरोपी विक्रम सिंह उर्फ सोनू को गिरफ्तार कर लिया था। इसकी गिरफ्तारी के बाद कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। बताया जाता है कि वार्ड पार्षद के चुनाव के वर्चस्व में इस घटना को अंजाम दिया गया था। रांची पुलिस ने बताया कि कई लोग इस घटना में शामिल थे हालांकि पुलिस अभी इस पूरे मामले की जांच कर रही है और कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। अब तक की पूछताछ में पांच लोगों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि वर्चस्व की जंग में इस घटना को अंजाम दिया गया था। हालांकि गोली किसी व्यक्ति को नहीं लगी है। पुलिस ने सात खोखा और एक जिंदा गोली बरामद किया था।

## पांच लाख के जेवरात चोरी मामले में इलेक्ट्रीशियन गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** डोरंडा थाना पुलिस ने इलेक्ट्रीशियन अजीत कुमार उपाध्याय को चोरी करने के मामले में गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक जोड़ा सोने का कंगन जालीदार और एक सोने का चैन बरामद किया है। बताया जाता है कि सात अप्रैल को डोरंडा के पत्थर रोड मनीटोली निवासी सुरेश विजय ने आरोप लगाया था कि एक अजीत नाम का इलेक्ट्रीशियन उनके घर बिजली का काम करने आया था। उस दिन उनके अलमीरा से करीब पांच लाख रूपया का सोने का आभूषण चोरी हो गया। इसमें एक जोड़ा सोने का कंगन, एक सोने का चैन एवं पांच सोने का अंगूठी थी। उस दिन से इलेक्ट्रीशियन अजीत फरार है। आठ अप्रैल को जब इलेक्ट्रीशियन अजीत कुमार को डोरंडा थाना बुलाया गया।

गहन पूछताछ करने पर उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। उसके स्वीकारोक्ति बयान पर आठ अप्रैल की शाम उसके घर से एक जोड़ा सोने का कंगन और एक सोने का चैन बरामद कर लिया। आरोपित को न्यायिक हिरासत में रविवार को जेल भेज दिया गया।

## तेतरटोली में पाहन बिरसा मुण्डा को कार्यभार सौंपा गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मोरहाबादी तेतर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे पूर्व पहान स्वर्गीय रंजीत पहान के आकस्मिक निधन के बाद निवर्तमान पाइनभोरा बिरसा मुण्डा को कार्यवाहक मुख्य पहान बनाया गया था। बैठक में निवर्तमान पाहन बिरसा मुंडा ने निजी व्यस्तता के कारण स्वेक्षा से अपने कार्यवाहक पहनई पद के कार्यभार को पूर्व पहान स्वर्गीय रंजीत पहान के भतीजा सन्नी मुण्डा को सौप दिया जिसपर ग्रामीणों द्वारा सन्नी मुण्डा को सर्वसम्मति से नए पहान और कार्तिक तिर्की को पाइनभोरा के रूप में पूर्व कार्यवाहक पहान बिरसा मुण्डा द्वारा माला पहना कर और अंग वस्त्र ओढ़ाकर कार्यभार सौप दिया गया। जिसे सन्नी मुण्डा और कार्तिक तिर्की ने सहर्ष स्वीकार किया। इस बैठक में मुख्य रूप से मुख्य संरक्षक अंतु तिर्की, जीवन भूतकुमार, संतु तिर्की, संतोष कच्छप, माँगा मुण्डा, अनिल पूर्ति, सूरज मुण्डा, अध्यक्ष कृष्णा मुण्डा, सुनिता कच्छप, मलती मुण्डा, सचिव सोनू तिर्की, अध्यक्ष रवि मुण्डा, राजेश मुण्डा, जीतन मुण्डा, मादि मुण्डा, बसंती मुण्डा, कांति मुण्डा, बंदना, संतोषी, सूर्य तिर्की, हरीश मुण्डा, अनिल कुजुर, सीमा पूर्ति, लीरि, बिरेंद्र, रामरति, संजय, आनंद, बलेश्वर, प्रतीक, अजय, कुचो, आनंद, सोमनाथ, बुधन, धनेश्वरी, सुकरा, बिमला, आरती, पूनम, और ग्रामीण उपस्थित थे।

## सरना व सनातन धर्म के लोगों के बीच आपसी सौहार्द को बिगाड़ने का हो रहा है प्रयास : आशा लकड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में सोची-समझी साजिश के तहत सरना व सनातन धर्म के लोगों के बीच आपसी सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। रविवार को ये बातें भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सह रांची की मेयर डा. आशा लकड़ा ने कही। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में पुलिस-प्रशासन ने रामनवमी पर्व के दौरान विसर्जन जुलूस निकालने पर रोक लगा दिया। पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड के हल्दीपोखर में रामनवमी के विसर्जन जुलूस में शामिल लोगों पर पथराव किया गया। इधर, रांची में सरहुल के त्योहार के दौरान लोअर करमटोली, नगड़ी प्रखंड के चेटे गांव, ठाकुरगांव व हजारीबाग में असामाजिक तत्वों ने सरना झंडा को जलाकर आदिवासी व सनातन धर्म के लोगों के बीच आपसी सौहार्द को बिगाड़ने का काम किया है। सिर्फ यही नहीं, जमशेदपुर के कदमा क्षेत्र में तनाव का माहौल उत्पन्न कर दिया। इससे यह स्पष्ट है कि झारखंड राज्य में सनातन व सरना धर्म के लोगों की आस्था के साथ सुनियोजित साजिश के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की गई है। डॉ. आशा लकड़ा ने कहा कि राज्य में सोची-समझी साजिश के तहत सरना व सनातन धर्म का अपमान किया जा रहा है।

### थाना से ढाई सौ मीटर की दूरी पर पेड़ से लटका मिला शव

**रांची।** चुटिया थाना से महज ढ़ाई सौ मीटर की दूरी पर इंदिरा गाँधी चौक है। इसी के पास एक पीपल का पेड़ है। इस पेड़ से लटका एक व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की पहचान रंजीत चौधरी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि रंजीत ने जिस जगह गैस वेल्डिंग का काम करता था। उसी जगह फांसी लगाया है। वहीं पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया। थाना प्रभारी ममता ने बताई की अभी जांच पड़ताल चल रही है आगे की कार्रवाई होने पर ही कुछ बताया जा सकता है।

# झारखंड की हेमन्त सरकार को बदलने का आ गया समय : लक्ष्मीकांत बाजपेयी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, यहां पर किसी की आवाज को नहीं दबाया जा सकता है। यदि कांग्रेस के लोग यह कह रहे हैं कि उनके नेता को लोकसभा में नहीं बोलने दिया गया तो यह पूरी तरह से गलत है। कांग्रेस खुद लोकतंत्र की हत्या करने वाली पार्टी है। भाजपा नेता व झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी रविवार को रांची हवाई अड्डे पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले स्थानीय हवाई अड्डे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत में बाजपेयी ने कहा कि झारखंड की हेमन्त सरकार को बदलने का समय आ गया है और संवैधानिक तरीके से वर्तमान सरकार को भाजपा के कार्यकर्ता हटाने का काम करेंगे। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग हर जगह यह शिकायत दर्ज करा रहे हैं कि उनके नेता राहुल गांधी की सदस्यता भारतीय जनता पार्टी के कारण चली गई है, जबकि पूरा मामला कोर्ट में है और जो भी निर्णय लिया गया है, वह न्यायालय ने लिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे में यदि कांग्रेस के लोग भाजपा पर आरोप लगाते हैं तो वह पूरी तरह से निराधार है। उन्होंने कहा कि झारखंड में कई तरह की समस्या है, जैसे भ्रष्टाचार, महंगाई महिलाओं की सुरक्षा। इन सभी समस्याओं के निदान के लिए वह जनता के बीच जाएंगे और लोगों को जागरूक करेंगे।

# राजद युवाओं को साथ लेकर चलने वाली पार्टी : रंजन यादव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राष्ट्रीय जनता दल युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा कि 2023-25 के कमिटी की पहली सूची जारी की गयी है। लोकसभा-विधानसभा चुनाव को लेकर राजद अपनी तैयारियों में जुट गया है। युवा संगठन की रीढ़ होते हैं। हमारी पार्टी युवाओं को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। पार्टी के शीर्ष नेताओं की उम्मीद पर हम खड़ा उतरेंगे।

इसी को ध्यान में रखते हुए युवा मोर्चा ने नयी कमिटी की पहली सूची जारी की है। रंजन ने कहा कि मेहनत करने वाले लोगों को नयी कमिटी में जिम्मेदारी दी गयी है।

रंजन यादव रविवार को प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि युवा राजद उपाध्यक्ष के लिए तीन लोगों को नयी कमिटी में जगह दी गयी है। इनमें रांची से सुनील कुमार, रांची से सौकत अंसारी और चतरा से विनोद भोक्ता हैं।

जिला अध्यक्ष में साहेबगंज मो. सद्दाम हुसैन, देवघर नगर अध्यक्ष कुंदन कुमार सिंह, गोड्डा मो अंजर अहमद, हजारीबाग में मो. अय्यान रजा खान, गिरिडीह में रवि कुमार, बोकारो में संतोष कुमार गिरी, रांची से जफर अंसारी, रांची से महानगर अध्यक्ष दिलीप सिंह, पलामू से केदार यादव, गढ़वा से विनीत कुमार हैं।

युवा प्रदेश सचिव में पलामू से संतोष कुमार, रांची से फरहान खान, रांची से अजय कुमार, चतरा से नीतीश कुमार, पलामू से कमल कांत, पलामू से धर्मेंद्र कुमार, रांची से अरसद अंसारी, रांची से प्रशांत कुमार, रांची से राज कुमार, लातेहार से संजय कुमार यादव, देवघर से नूनू झा और हजारीबाग से रघुनाथ कुमार राणा युवा प्रदेश अध्यक्ष हैं। युवा प्रदेश महासचिव में रांची से मोईन अंसारी, रांची से उर्मिला सोरेंग, रांची से ममता कुजूर, रांची से विक्की यादव, बोकारो से जितेंद्र नारायण यादव, रांची से राम सिंह, चतरा से दीपक यादव, रांची से अभिषेक सिंह यादव, कोडरमा से प्रदीप यादव, हंटरगंज चतरा से संतोष कुमार, गढ़वा से मुनेश्वर सिंह, देवघर से पंकज सिंह, देवघर से काजल कुमार यादव, रांची से मंतोष यादव, रांची से क्षितिज कुमार मिश्रा और रांची गायत्री देवी को मिली है जिम्मेवारी।

# लोहरदगा और रामगढ़ के बीच खेला गया महिला क्रिकेट मैच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में जूनियर महिला इंटर डिस्ट्रिक्ट एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कराया गया । इस एकदिवसीय क्रिकेट मैच रामगढ़ और लोहरदगा के बीच खेला गया। रामगढ़ की प्रगति कुमारी को बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया । मौके पर जेएससीए के जय कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


# पॉलिसी लागू होने के दो महीने बाद भी ढिबरा कारोबार के लिए नहीं बनी स्पष्ट नीति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** जिले में लगभग 40 सालों से बंद पड़े ढिबरा के कारोबार को पुनर्जीवित करने की कोशिशें फिर असफल हो रही हैं। राज्य सरकार ने इसके लिए नई पॉलिसी लागू की थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ने विगत 17 जनवरी को जिले के दौरे के मौके पर इसकी सांकेतिक शुरुआत भी की। पर लगभग 2 महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी विभागीय लापरवाही के कारण कारोबार पूर्ण रूप से बंद है। इस संबंध में सरकार की ओर से लाई गई नई ढिबरा पॉलिसी के तहत जेएसएमडीसी को जिम्मेवारी दी गई है। जिले में वन क्षेत्र से बाहर पड़े ढिबरा को डंप के मार्फत चिह्नित करते हुए सहकारी समितियों के माध्यम से इसकी चुनाई कर जेएसएमडीसी की ओर से बनाए गए डंपिंग यार्ड में पहुंचाना था। साथ ही इस की खरीद बिक्री की जानी थी। इसकी शुरुआत के 2 महीने के बाद भी अब तक जिले में एक भी ढिबरा डंप को चिह्नित नहीं किया जा सका है।जबकि कारोबार के संचालन को लेकर कई समितियों का रजिस्ट्रेशन भी कर दिया गया है। इधर स्थिति मे कोई परिवर्तन नहीं होता देख इससे जुड़े गरीब तबके के बीच मायूसी है। उल्लेखनीय हो कि सरकार की ओर से ढिबरा कारोबार को वैधानिक बनाने के लिए पिछले 2 मार्च 2022 को अधिसूचना जारी की गई थी । जिसका प्रकाशन 3 मार्च को किया गया था। जिले के लोग इस पॉलिसी को भी सरकार की ओर से छलावा बताने लगे हैं । जोहार यात्रा के दूसरे चरण के तहत 17 जनवरी को कोडरमा पहुंचे राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ढिबरा के पुनर्जीवित को लेकर लागू की गई नई पॉलिसी को सरकार की ओर से इससे जुड़े गरीब परिवारों को राहत देने की बात कही थी। तब मुख्यमंत्री ने कहा था कि नई पॉलिसी से गरीबों को पुलिस कार्रवाई से राहत मिलेगी। साथ ही उनके चेहरे पर मुस्कान लौटेगा। जिले में 40 वर्षों से ढिबरा के एक भी वैध खदान नहीं है ।बावजूद यहां ढिबरा के कारोबार को लेकर गोदामों में इसकी प्रोसेसिंग के अलावा बड़े स्तर पर इसका व्यवसाय का कार्य होता आ रहा है।

1980 में फॉरेस्ट एक्ट लागू होने के पहले जिले में लगभग 400 से अधिक ढिबरा के खदानें संचालित हुआ करती थी। यह सभी खदानें इस एक्ट के तहत जंगली क्षेत्र में होने के कारण यहां खनन का कार्य बंद कर दिया गया। इसके बाद से इन खदानों के मार्फत अवैध कारोबार का सिलसिला शुरू हो गया। जंगली क्षेत्रों में ढिबरा के अवैध उत्खनन एवं इसके माध्यम से हो रहे व्यवसाय पर रोकथाम को लेकर प्रशासन और पुलिस की कार्रवाई को लेकर काफी सालों से इसका विरोध होता आ रहा है। ढिबरा के कारोबार को क्षेत्र में गरीबों के जीविकोपार्जन का मुख्य साधन बताते हुए कुछ राजनीतिक दल एवं संघ की ओर से इसे लेकर विरोध किया जाता रहा है । जिस ढिबरा लदे वाहन को सीएम ने किया था रवाना, वह अभी तक नहीं पहुंचा यार्ड मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में ढिबरा के कारोबार को पुनर्जीवित करने को लेकर सांकेतिक शुरुआत के रूप में जिस ढिबरा लगे 709 वाहन को डोमचांच के पहाड़पुर से चंदवारा के थाम स्थित जेएसएमडीसी के भंडारण यार्ड में भेजने के लिए रवाना किया था। वह वाहन आज तक वहां नहीं पहुंच सका है । उस वाहन पर लदे ढिबरा जेएसएमडीसी की ओर से चंदवारा में बनाए गए डंपिंग यार्ड के बजाय खनन विभाग कार्यालय के निचले तल्ले पर सीढ़ियों के नीचे भंडारित कर रख दिया गया है।

# राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन बैठक में श्रमिकों की समस्याओं से हुआ अवगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन का एक बैठक रोहणी परियोजना कार्यालय में किया गया. बैठक मे रोहणी परियोजना के श्रमिकों की समस्याओं पर चर्चा किया गया. यूनियन की ओर सेश्रमिको की समस्या से रोहणी प्रबंधन को अवगत कराया. प्रबंधन ने यूनियन के समस्याओं के मूददो पर समाधान करने का भरोषा दिया है. बैठक मे समस्याओं के मुद्दों पर पहला मुद्दा धमधमियाँ अशोक विहार कोलोनीयों का वार्षिक रखरखाव के कार्य में कई घोर अनियमितता, सीसीएल श्रमिक आवासो को गुणवक्ता पूर्ण मरम्मती, पहले जो भी कार्य किया गया उसमे संवेदक के द्वारा जम कर अनियमितता बरती जा रही है,या बरती गई है. कॉलोनी की नालियों कि सफाई का कार्य नहीं किया जा रहा है. बैठक में ललन प्रसाद सिंह, सुनील कुमार सिंह, फुलेश्वर यादव,राघव चौबै,जेड एच खान, तईला महतो, दीपनारायण महतो, प्रदीप प्रसाद,रामजी यादव धर्मेंदर सिंह, प्रमिला देवी,सचिन गिरि, बिरबल उरांव, अजय प्रसाद, जयपाल सिंह, सावित्री कुमारी, मिना देवी, बबिता कुमारी, मधु देवी, ममता कुमारी, प्रकास प्रसाद, रामजी चौहान, संतोष प्रसाद, प्रकास साव, राहुल कुमार साव, जगन्नाथ महतो सहित अन्य उपस्थित थे.

## कांके थाना प्रभारी से की गई मुलाकात



**राँची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन, राँची के सदस्यगण कांके थाना के नए प्रभारी आभास कुमार जी से मिले और गेंदा पौधा देकर उनका अभिनंद किया। छात्र संगठन के सदस्यों ने नए थाना प्रभारी का अभिनंद करते हुए कहा कि छोटे-छोटे मामले में तुरंत प्राथमिकी न कर समझौता का प्रयास करें । थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में प्रेम सौहार्द्र एवं शांति के लिए पुलिस प्रशासन एवं पब्लिक का सामंजस्य जरुरी है । पुलिस आम लोगों के सहयोग के लिए हमेशा हमेशा तत्पर है । बधाई देने में पूर्व उपाध्यक्ष, राँची विश्वविध्यालय छात्र संघ हुसैन अंसारी, का.जिलाध्यक्ष अमन अहमद, महासचिव इमरान हाशमी, आशिक अंसारी आदि छात्र उपस्थित थे ।

## सोनी ब्रदर्स स्कूल का हुआ उद्घाटन



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चलागी में सोनी ब्रदर्स स्कूल का उद्घाटन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, डॉ पंकज राज ( संत. जगत ज्ञान ग्रुप ऑफ instituation ),रमेश केशरी , महादेव मुंडा ( आदिवासी समिति के अध्यक्ष) स्कूल के सेक्रेटरी कृष्णा सोनी, प्रबंधक सुमन कुमार सोनी, छाया देवी एंव अन्य के संयुक्त रूप से किया गया। मुख्य अतिथि को शोल ओर बुके दे कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व को बताया , डॉ पंकज राज ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की महत्व को देखते हुए स्कूल का सराहना किया। कार्यक्रम के बीच मे डॉ पंकज राज ,सुमन कुमार सोनी अन्य महादेव मुंडा के द्वारा वृक्ष रोपण भी किया गया अन्य पर्यावरण बचने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम का संचालन आनंद गोप, एंव अमर के द्वारा की गया,वही वोट ऑफ थैंक्स सुमन ने किया।

## पारंपरिक रीति रिवाज के साथ ईस्टर संपन्न

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी व आसपास के गांवों में रविवार को ईस्टर का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनाया गया. मौके पर मृत लोगों के कब्रों पर परिवार के सदस्यों द्वारा फुल माला के साथ मोमबत्ती जलाये गये. खोरखा टोली स्थित मुख्य कब्रगाह में आयोजित आराधना सभा में एनडब्ल्यू जीईएल चर्च की पादरी ने प्रभु संदेश की चर्चा की .इस मौके पर सीएनआई चर्च के सहायक पादरी सहित काफी संख्या में ईसाई समुदाय के सदस्य शामिल थे.

## सर्व ब्राह्मण महासभा की बैठक

**झुमरीतिलैया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर परिषद क्षेत्र के गुमो वार्ड नम्बर 21 में सर्व ब्राह्मण महासभा की बैठक हुई. बैठक में भगवान परशुराम जयंती मनाने को लेकर चर्चा हुई. साथ ही पूर्व के कार्यक्रम की समीक्षा की गई. मौके पर ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष त्रिवेणी पांडेय ने कहा कि 22 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर संध्या 4 बजे भव्य जुलूस निकाला जाएगा. जुलूस पांडेय टोला स्थित दुर्गा मंदिर से निकलेगा और गांधी स्कूल, झंडा चौक होते हुए पुनः दुर्गा मंडप पर समाप्त होगा. इसके पूर्व सुबह 7 बजे से भगवान परशुराम की पूजा अर्चना होगी. उन्होंने कहा कि सभी बाहर से आये अतिथियों के लिए भोजन की व्यस्थता की जाएगी.

## बिजली चोरी व बकाया राशि वसूलने के लिए अभियान चलाया गया

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिजली विभाग द्वारा शनिवार को बिजली चोरी व बकाया राशि वसूली के लिये छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान छह लोगों को बिजली का अवैध रूप से उपभोग करते पाया गया। उन सबों के विरूद्ध बिजली जेई राजेन्द्र प्रसाद चौधरी के द्वारा अर्थदंड के साथ इटकी थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। इसमें तिलकसूती के जीतू लोहरा पर 10555 अर्थदंड लक्ष्मण बोस पर 10500 रुपये, कूर्गी के दुबराज उरांव पर 22 359 रुपये, कुल्ली के चामा उरांव पर 10500 रुपये लक्ष्मण मिंज पर 10,500 रुपये व वरुण गोप पर 22235 रुपये का अर्थ दंड लगते हुयर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## जरूरतमंदों के बीच वस्त्र और रमजान फूड किट का वितरण किया गया

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी सेवा निकेतन एंड ट्रस्ट हॉस्पिटल के तत्वाधान रमजान माह के मौके पर 15 गरीब तबके के लोगों के बीच वस्त्र और रमजान फूड किट का वितरण किया गया। वितरण मुख्य अतिथि गुमला के एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल नगड़ी थाना प्रभारी ओम प्रकाश टोप्पो व मंत्री प्रतिनिधि सलीम अंसारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# अंबेडकर ग्राम विकास समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रविवार के दिन अंबेडकर ग्राम विकास समिति की ओर से एक आवश्यक बैठक रखी गई! बैठक में झारखंड सरकार के पूर्व उप मुख्यमंत्री विधायक सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया! श्री महतो ने कहा कि लोग बाबा भीमराव अंबेडकर के पद चिन्हों में चलकर ही समाज का उत्थान संभव है ! आदिवासी तथा दलितों के उत्थान के लिए बाबा अंबेडकर काफी प्रयत्नशील रहे! आज के समय में जो लोग उनके पद चिन्हों में चलते हैं तो एक काफी विकास के और अग्रसर हैं! तथा आज की बैठक में निर्णय लिया गया कि अंबेडकर ग्राम विकास समिति दलित समुदाय के उत्थान के लिए सक्रिय रूप से कार्य को करेंगे! शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र में हर परिवार को जोड़ेंगे! अंबेडकर जयंती को सफल बनाने के लिए ग्राम कमेटी को मजबूत करना तय किया गया! आगामी दिनांक 14 अप्रैल को ग्राम विकास विद्यालय सिल्ली से 3ः30 बजे अंबेडकर पार्क में समापन किया जाएगा! कमेटी के संरक्षक मुख्य अतिथि सुदेश कुमार महतो तथा अन्य गणमान्य द्वारा अतिथियों द्वारा पार्क में बाबा अंबेडकर के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे! सोनाहातू, राहे, जोन्हा, सिल्ली के साथी अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगे! इस मौके पर आजसू के केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, गूंज परिवार के सुनील सिंह, पूर्व जिला परिषद गौतम कृष्ण साहू, चक्रधर मुखियार, मनोरंजन सेठ, ललन कुमार, मृत्युंजय सेठ, गौतम रोहिदास, धनेश्वर स्वास्थी, भारत मछुआ, लखविंदर रोहिदास, समेत विभिन्न अंबेडकर कमेटी के लोग उपस्थित थे।

# विभिन्न प्रखंडों से भारी संख्या में लोग पिपराडीह रेलवे स्टेशन में आकर स्वास्थ्य शिविर का उठा रहे हैं लाभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** झारखंड सरकार के मार्गदर्शन पर जिला प्रशासन कोडरमा द्वारा जिलेवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही है। जिला प्रशासन कोडरमा व इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के सौजन्य से पिपराडीह रेलवे स्टेशन में 230वां लाइफ लाइन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें शुरुआत में जिले वासियों का आंख से संबंधित और स्त्री रोग से संबंधित जांच किया जा रहा है। जिले के विभिन्न प्रखंडों से भारी संख्या में ग्रामीण आकर स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठा रहे हैं। नेत्र चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच की जा रही है और उनके बीच चश्मा का वितरण किया जा रहा है। जिन मरीजों का मोतियाबिंद की शिकायत आने पर उन मरीजों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया जाता है। आज इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 34 मरीजों का मोतियाबिंद का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवारा में भर्ती किया गया, जहां सभी मरीजों चिकित्सकों व नर्सों की निगरानी में देखभाल की जा रही है। इसके साथ ही 71 मरीजों को चिकित्सकों के नेतृत्व में छुट्टी दी गई।

बता दें कि दिनांक 08/04/2023 को कुल 1134 मरीजों का निबंधन कराया गया था, जिसमें 1065 मरीज ने आंख की समस्या से निबंधन करायें और 69 स्त्री रोग से संबंधित मामले थे। आंख से संबंधित 428

मरीजों के बीच चश्मा का वितरण किया गया। 889 मरीजों का शुगर और बी.पी की जांच की गई। साथ ही आंख की समस्या से संबंधित ईलाज करवाने आये मरीजों में 63 मरीजों का मोतियाबिंद की समस्या से पहचान की गई।बता दें कि आंख की जांच एवं मोतियाबिंद की सर्जरी दिनांक 05 अप्रैल से 10 अप्रैल 2023 तक, कान की जांच और कान की सर्जरी दिनांक 12 अप्रैल से दिनांक 16 अप्रैल 2023 तक, मुड़े हुए पैर का परिक्षण एवं सर्जरी दिनांक 18 अप्रैल से दिनांक 20 अप्रैल 2023 तक, स्तन और ग्रीवा कैंसर जागरुकता एवं परिक्षण दिनांक 05 अप्रैल से 10 अप्रैल 2023 तक, दांत की जांच एवं उपचार दिनांक 20 अप्रैल से 25 अप्रैल 2023 तक और बी.पी व शुगर की जांच दिनांक 5 अप्रैल से 25 अप्रैल 2023 तक किया जायेगा। उपरोक्त स्वास्थ्य जांच हेतु ओ.पी.डी का समय पूर्वाह्न 09 बजे से अपराह्न 04 बजे तक निर्धारित है। किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु हेल्पलाइन नं. 9820303974 पर संपर्क किया जा सकता है।

# असंगठित कामगार मोटिया मजदूर किसान संघ की बैठक सयूम अंसारी की अध्यक्षता में संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** आज रविवार को डाक बंगला परिसर खूंटी में असंगठित कामगार मोटिया मजदूर किसान संघ की बैठक सयूम अंसारी की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में 14 अप्रैल को बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती 1 मई को मजदूर दिवस भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मजदूर हित में बात करते हुए श्रम कार्ड मजदूरी करते जो लोग मर गए हैं उनके हित में चर्चा की गई ।इस अवसर पर गोपाल महतो मंसूर आलम कुलदीप राम बबलू नायक विनय नायक धनेश्वर महतो आदि लोग उपस्थित थे।

# पर्यटक मित्रों व स्थानीय दुकानदारों ने दो छात्र को डुबने से बचाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** हुण्डरु फॉल घुमने पहुंचे श्री कोचिंग सेंटर सदिसोपुर बिहटा पटना बिहार के दो छात्र आदित्य कुमार पिता सतीश कुमार, उम्र 18 बर्ष एवं सानू कुमार पिता पारस कुमार, उम्र-19 बर्ष को पर्यटक मित्रों एवं स्थानीय दुकानदारों ने भण्डार दह में डुबने से बचा लिया घटना रविवार 3 बजे की है आदित्य कुमार 10 वीं एवं सानू कुमार 12 वी की छात्र है श्री कोचिंग सेंटर के संचालक नीरज कुमार एक बस छ्ठ॥12श्व -2121 से 38 विधार्थी एवं 5 शिक्षकों के साथ हुण्डरु फॉल पहुंचे थे शिक्षक एवं छात्र छात्राओं को टिकट काउंटर पर ही पानी में नही उतरने का निर्देश दिया गया था जानकारी के अनुसार आदित्य कुमार और सानू कुमार भण्डार दह के समीप पत्थर से फिसल कर पानी में गिर गये आदित्य कुमार एवं सानू कुमार को डुबता देखकर बाकी छात्रों ने बचाव बचाव का जोर से चिल्लाने लगा आवाज सुनकर झरना के समीप तैनात पर्यटक मित्र रंजन कुमार बेदिया, महेश्वर बेदिया बुधराम बेदिया, फोटोग्राफर सोनू कुमार बेदिया, दुकानदार जितू बेदिया, बुधूवा भोगता दौड़ कर पहुंचा और पानी में कूद पड़े दोनों छात्र को काफी मश्कत के सकुशल पानी से बाहर निकाला गया आदित्य कुमार बेहोश हो चुका था पर्यटक मित्रों ने पत्थर मे लेटा कर सीपीआर तकनीकी के माध्यम से कृत्रिम आक्सीजन दिया गया तब धीरे धीरे आदित्य कुमार की सांसे चलने लगी करीब एक घंटे के बाद आदित्य कुमार चलने लगा और दोनों को बेहतर ईलाज के लिए बस होस्पिटल भेज दिया गया ज्ञात हो कि पिछले बारह मार्च को यही जाबांज पर्यटक मित्रों ने हजारीबाग मटवारी के एक ही परिवार के सात लोगों को डुबने से बचाया था ।

# रामप्रवेश पांडे बने भारत विकास परिषद के प्रांतीय महासचिव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** झुमरीतिलैया निवासी सीडी बालिका उच्च विद्यालय के रिटायर्ड प्रिंसिपल रामप्रवेश पांडे को भारत विकास परिषद का प्रांतीय महासचिव बनाए जाने पर भारत विकास परिषद झुमरी तिलैया शाखा के पदाधिकारियों, संरक्षक एवं वरीय सदस्यों ने उन्हें बुके देकर व मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर बोलते हुए लोगों ने कहा कि रामप्रवेश पांडे का प्रांतीय महासचिव बनाया जाना कोडरमा जिले के लिए गौरव की बात है। ये जिले के पहले व्यक्ति हैं, जिन्हें भारत विकास परिषद के प्रांतीय महासचिव बनने का गौरव हासिल हुआ है। परिषद के संरक्षक नारायण सिंह ने कहा कि रामप्रवेश पांडे के नेतृत्व में प्रांत नई ऊंचाइयों को छुएगा। वही रामप्रवेश पांडे ने कहा कि उनका प्रयास सभी को साथ लेकर अधिक से अधिक सदस्य बनाने एवं प्रांत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का होगा। बताते चलें कि रामप्रवेश पांडे पूर्व में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष एवं क्षेत्र संयोजक सहित कई दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर चुके हैं। बधाई देने वालों में परिषद के संरक्षक नारायण सिंह, संगठन सचिव प्रोफ़ेसर कैलाश राणा, जूही दासगुप्ता, राजेश कुमार, प्रोफेसर नीरा सिन्हा, सीमा सिंह, सचिव छोटे लाल पांडे, अश्विनी तिवारी, कुंज बिहारी त्रिवेदी, संपर्क प्रमुख अजय अग्रवाल, ओपी राय,धर्मेंद्र सिंह आदि के नाम शामिल हैं।

# लाइफ केयर हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** लाइफ केयर हॉस्पिटल बूटी मोड के द्वारा शिव संग समिति के सहयोग से जयसवाल लॉज टाटीसिल्वे मे निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर मे महिला रोग, आँखो का इलाज, हड्डी एवम नस , शिशु संबंधी रोगों का मुफ्त मे इलाज एवम परामर्श डॉक्टर रिषभ, जय श्री,भरत, सेम्स, दिपक, आनंद कुमार द्वारा कि गई । इस शिविर मे आदर्शनगर, हरि नगर, सुर्यनगर, टाटी बस्ती सैकड़ो रोगी उपस्थित थे । इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे जितेंद्र श्रीवास्तव,सुरेंद्र ठाकुर, प्रमोद साहू, मंटू श्रीवास्तव, मनोज जयस्वाल, अमित रंजन,जितेंद्र कुमार इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# मांडर में धूमधाम से मनाया गया ईस्टर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** ईस्टर अर्थात पास्का पर्व मांडर के संत अलोइस गिरजाघर में धूमधाम से मसीहियों ने मनाया।येसु के पुनुरुत्थान के इस त्यौहार पर शनिवार की रात 12 बजे से ही रात्रि जागरण एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान में काफी संख्या में मसीही स्त्री पुरुष एवं बच्चों ने रात्रि व सुबह के आशीष एवं प्रार्थना में भाग लिया।मुख्य अनुष्ठाता फादर प्रसन्न तिर्की ने कहा कि प्रभु येसु ने मृत्यु पर विजय पाकर मनुष्य जाति के पापों को प्रेम रुपी बलिदान से जितने का संदेश दिया।येसु के गुड फ्राइडे को क्रूस पर शहादत के बाद तीसरे दिन जी उठना पुनरुत्थान का प्रतीक है।कोयल टीम ने अपनी सुमधुर पास्का गीत से कार्यक्रम को भक्तिमय बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।चर्च परिसर में कई धार्मिक वस्तुओं, खिलौनों के साथ जलपान के शिविर भी लगे हुए थे।ईस्टर पर इस कार्यक्रम में फादर जॉर्ज, फादर एडविन, फादर पोलीकार्प, फादर ब्रूनो शामिल थे।

# वारिस कुरैशी ने की कार्रवाई की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व प्रवक्ता वारिस कुरैशी ने कहा कि गढ़वा जिला धुरकी थाना क्षेत्र मे एक मुस्लिम युवक वसीम शहजाद की पुलिस के द्वारा पीट पीट कर हत्या किये जाने कि मैं कड़े शब्दों में निंदा करता हूं और दोषी पुलिस अफसर पर अविलंब कार्रवाई की मांग करता हूं ज्ञात हो कि शुक्रवार को गढ़वा निवासी मुमताज अंसारी के पुत्र वसीम शहजाद को नगर उंटारी इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार ने उसको रात में ले जाकर हाजत में उनकी कुरूरता से पिटाई कर दी, पिटाई इतनी सदीद थी कि वसीम शहजाद इस पिटाई को बर्दाश्त नहीं कर सके और उनकी मृत्यु हो गई। जिसकी जिम्मेवारी सीधे-सीधे नगर उंटारी इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार की है, इंस्पेक्टर के खिलाफ मृतक के पिता मुमताज अंसारी ने हत्या का मुकदमा दायर किया है। यह झारखंड में पहला मौका नहीं है जब किसी मुस्लिम युवक की हाजत में पीट-पीटकर हत्या की गई हो, उदाहरण के तौर पर जामताड़ा में मिनहाज अंसारी की हत्या हाजत में ही पीट-पीटकर खरीदी गई थी साथ ही चतरा में सलमान खान की हत्या पुलिस के द्वारा ही की गई थी और अनेकों ऐसे उदाहरण है इस झारखन्ड राज्य में जहां मुस्लिम युवकों की हत्या पुलिस के द्वारा की गई है, ऐसा लगता है कि झारखन्ड के पुलिस विभाव में फासिस्ट मानसिकता के पुलिसकर्मियों कि तादाद अच्छी खासी है यही करण है विषेश कर जब मुसलमानों कि बात आती या ऐसा मौका मिलता हैं तो मुसलमानों के खिलाफ़ जमकर पुलिस लाठियां भांजती है ।

## झामुमो ने जगरनाथ महतो के निधन पर किया शोक सभा का आयोजन



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईचागढ़ प्रखण्ड छेत्र के डुमटांड़ हाट तोला मे रविवार को झामुमो ईचागढ़ प्रखण्ड एवं पंचायत कमिटी के कार्यकर्ताओं द्वारा झारखण्ड सरकार के शिक्षा मंत्री दिवंगत जगरनाथ महतो के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया इस दौरान सभी झामुमो कार्यकर्ताओं ने दिवंगत मंत्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान शोक सभा मे उपस्थित प्रखण्ड अध्यक्ष निताई उरांव, मुखिया रिंकी देवी, बिस सूत्री अध्यक्ष कन्हई बैसरा,उपाध्यक्ष अघोर महतो, लखिनारायण सिंह मुण्डा, गुसेश्वर महतो, हरेन्द्रनाथ महतो, गणपति कैवर्त,नरेन्द्र नाथ गोप,किशुन किस्कू, अमित सिन्हा, रामेश्वर उरांव, पशुपति बागची, विभुति महतो, विभिषण महतो, लाल सिंह, दिपक, झरे महतो, कान्तो उरांव, शुसान्कर महतो आदी उपस्थित हुऐ ।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से कल्याण चंद्र सिंह ने की मुलाकात



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोदी सरकार के विरुद्ध देशभर में अखिल भारतीय कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम के तहत जमशेदपुर में शनिवार को प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, वरिष्ठ नेता सुबोध कांत सहाय, मंत्री बादल पत्रलेख पहुंचे। उनके जमशेदपुर आगमन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह और देबू चटर्जी मौजूद थे। इस दौरान श्री कल्याण ने झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से मुलाकात की। उन्होंने कहा प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात दौरान कांग्रेस संगठन की मजबूती पर बात हुई।

## भाजपा के रक्तदान शिविर में 72 यूनिट रक्त संग्रह



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा नगर कमेटी सरायकेला द्वारा सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर में 72 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए भाजपा नगर कमेटी द्वारा नगर अध्यक्ष बद्रीनारायण दरोगा के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रथम रक्तदाता के साथ-साथ महिलाएं और वरिष्ठ जनों ने भी रक्तदान किया। वार्ड पार्षद जुगल तापे, गौतम नायक एवं कई वार्ड पार्षदों के परिजनों ने भी रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में भाजपा जिला अध्यक्ष विजय महतो, नगर पंचायत अध्यक्ष मीनाक्षी पटनायक, पूर्व विधायक प्रत्याशी गणेश महाली, भाजपा नेता रमेश हंसदा, जिला उपाध्यक्ष राजा सिंह देव, पूर्व नगर अध्यक्ष सोहन सिंह ,ललन सिंह, जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार सिंह ,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अभिषेक आचार्य, रवि सतपति, बब्बन सिंह, कृष्णा राणा,बीजू दत्त, जॉनी हजरा, बिसु कवि, सार्थक आचार्य, महिला नगर अध्यक्ष पिंकी मोदक आदि उपस्थित थे।

## छत का एस्बेस्टर तोड़ चोरों ने दुकान से उड़ाया 60 हजार रुपए



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गम्हरिया थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर के समीप स्थित जगन्नाथ ट्रेडर्स नामक हार्डवेयर दुकान में बीते शनिवार की रात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देते गल्ले में रखे करीब 60 हजार रुपए नकद उड़ा लिया गया। रविवार की सुबह जब दुकान संचालक प्रमोद कुमार अग्रवाल अपनी दुकान पहुंचे तो छत का एस्बेस्टर टूटा हुआ पाया। साथ ही, गल्ले में रखा 60 हजार रुपए भी ग़ायब पाया। तत्पश्चात उन्होंने इसकी सूचना गम्हरिया पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घटनास्थल का जायजा लिया गया। पुलिस दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को भी खंगाल रही है द्य सीसीटीवी में दुकान के अंदर घुसा एक चोर भी दिख रहा है जिसकी पहचान करने में पुलिस जुट गई है।

## फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सबुज संघ, सतवाहिनी धिराजगंज की ओर से स्थानीय मैदान में फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित वार्ड तीन के पार्षद प्रतिनिधि बंकिम चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि संमाजसेवी उत्तम पात्रो व मनोज महतो द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया था। टूर्नामेंट की विजेता केजीएफ टीम रहीं जबकि उपविजेता जेएनएस हंटर टीम रही। टूर्नामेंट के आयोजन में कमेटी के उत्पल चौधरी, हेमन्त दास, अनंत दास, धनंजय दास, गोपी दास, राजू कुमार, सुजीत, मलय, अभिजीत, दीपक, रोहित समेत सभी सदस्यों का योगदान रहा।

## कामारगौड़ा स्थित बिरसा सेतु में ग्राम सभा ने लगाया धरती आबा बिरसा मुंडा की मूर्ति



**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को बड़े ही हर्ष उल्लास से ग्राम सभा कामारगौड़ा बिरसा मुंडा सेतु में पारंपरिक रूप पूजा अर्चना कर शहीद बिरसा मुंडा की मूर्ति लगाया गया। मौके पर ग्राम प्रधान ने कहा की पूर्व में पांच साल पहले इस पुल का नामकरण ग्राम सभा द्वारा पारित कर पारंपरिक विधि विधान से बिरसा मुंडा सेतु नाम से नामकरण किया गया था एवं बिरसा मुंडा सेतु नाम का एक बोर्ड लगाया गया था। मौके पर ग्राम सभा के समर्थन में एवं इस गौरवशाली दिन का साक्षी बनने बिरसा सेना जमशेदपुर, भूमिज, मुंडा चुवाड़ सेना, कोल्हान एकता मंच एवं अन्य आदिवासी सामाजिक संगठन के लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर रवी सिंह सारदार (ग्राम प्रधान), दिनकर कच्छप, सुनील हेंब्रम, रविंदर सरदार और मानिक सरदार आदि उपस्थित थे।

### मानगो फ्लाई ओवर निर्माण को टाटा स्टील ने दिया एनओसी, जाममुक्त शहर का सपना जल्द होगा पूरा

# शहरवासियों को जल्द मिलेगा अमूल्य तोहफा : बन्ना

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर को जाम मुक्त करने खासकर मानगो की जनता को दिन प्रतिदिन जाम से मुक्ति दिलाने हेतु फ्लाई ओवर का निर्माण का मार्ग धीरे प्रशस्त होते नजर आ रहा है। इसी क्रम में शनिवार को मानगो फ्लाई ओवर के निर्माण हेतु टाटा स्टील द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दिये गया। वहीं इसके लिए आम जनता में खुशी का माहौल है । वहीं सूबे के स्वास्थ्य मंत्री सह जमशेदपुर पश्चिम के विधायक बन्ना गुप्ता का ग्रेटर जमशेदपुर एवं जाममुक्त शहर बनाने का सपना अपने मंजिल की ओर एक कदम आगे बढ़ता नजर आ रहा है। मंत्री कार्यालय से जारी प्रेस रिलीज में मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि जमशेदपुर की जनता से किये वायदे को पूर्ण करने के लिए कृत संकल्पित हैं द्य जमशेदपुर की जनता को किये गए एक वायदे में जमशेदपुर को जाम मुक्त करने खासकर मानगो की जनता को दिन प्रतिदिन जाम से मुक्ति दिलाने हेतु फ्लाई ओवर का निर्माण किये जाने पर अपनी प्रतिबद्धता जताया गया है। मानगो फ्लाई ओवर मानगो कि जनता को अमूल्य तोहफ़ा होगा। कहा मानगो फ्लाई ओवर का टाटा स्टील द्वारा एनओसी दिया जाना उन लोगों के मुंह पर तमाचा है जो मंत्री सह क्षेत्र के विधायक के खिलाफ लगातार दुष्प्रचार फैलाने में लगे थे। जिनका क्षेत्र और जनता से कोई सरोकार नहीं है, ये लोग सिर्फ़ नकारात्मक राजनिति में व्यस्त रहते है, इन लोग का एक ही काम है बन्ना गुप्ता के हर विकास कार्य का विरोध करना और क्षेत्र कि भोली -भाली जानता को बेवकूफ बना अपनी राजनिति रोटी सेकना।

### मानगो फ्लाईओवर को लेकर बन्ना अपने मुंह मिया मिट्ठू ना बने : सरयू राय



**जमशेदपुर :** मानगो-जमशेदपुर फ़्लाइओवर के परिवर्तित डिज़ाइन पर टाटा स्टील की स्वीकृति मिलने पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता अपनी पीठ न थपथपायें और अपने मुँह मिया मिट्ठू न बनें। श्री बन्ना गुप्ता के निर्देश पर पथ निर्माण विभाग ने फ़्लाइओवर का जो डिज़ाइन बनाया था और जिसके आधार पर कैबिनेट ने परियोजना स्वीकृत किया था और जिसका शिलान्यास गत वर्ष में मुख्यमंत्री से गोपाल मैदान के कार्यक्रम में करा लिया था मैंने उसका विरोध किया था। मेरी बात सही साबित हुई और टाटा स्टील की समरूप आपत्ति पर सरकार को पहले की डिज़ाइन में परिवर्तन करना पड़ा। तब जाकर टाटा स्टील ने इसपर अनापत्ति प्रमाण कल दिया है। वर्तमान डिज़ाइन में एक और परिवर्तन मैंने सुझाया है जिसपर टाटा स्टील और पथ निर्माण विभाग दोनों सहमत हैं पर जाने कौन कारण है कि इसे सरकार वर्तमान परियोजना का अंग बनाने में ना-नुकुर कर रही है। यह परिवर्तन है इसी फ़्लाइओवर में बस स्टैंड के पार भुईयांडीह को जोड़ने के लिए ढाँचा बनाना ताकि यातायात पूर्णतः नियंत्रित हो जाय।

## भाजपा का विधानसभा घेराव कल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नीमडीह :** 11 अप्रैल को राज्य का सर्वांगीण विकास के मांग पर भाजपा का विधानसभा घेराव कार्यक्रम होगा। इस संबंध में भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रभारी डॉ अमर कुमार चौधरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ जटा शंकर पांडे ने नीमडीह में संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया। पत्रकारों को जानकारी देते हुए डॉ अमर कुमार चौधरी ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार राज्य के विकास में विफल है। उन्होंने कहा कि राज्य के चहुमुंखी विकास के मांग पर भाजपा द्वारा 11 अप्रैल को विधान सभा का घेराव किया जायेगा। डॉ जटा शंकर पांडे ने कहा कि शिक्षा व कृषि का स्तर उन्नत कर राज्य का विकास किया जा सकता है। लेकिन हेमंत सोरेन सरकार विकास के लिए सचेतन नहीं है।

## हीरो सुपर कप में द मैन ऑफ स्टील का पहला मुकबला एफसी गोवा से आज

**मैच का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स 2 और फैनकोड पर 8:30 बजे से**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच ऐडी बूथ्रॉयड ने सोमवार को क्लब के हीरो सुपर कप ओपनर से पहले लचीला रहने की आवश्यकता की ओर इशारा किया है। द मैन ऑफ स्टील अपने हीरो सुपर कप 2023 अभियान की शुरुआत 10 अप्रैल, 2023 को गत चैंपियन एफसी गोवा के खिलाफ करेंगे।जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच ऐडी बूथ्रॉयड ने कहा कि %हम टूर्नामेंट में खेलने के बारे में बहुत उत्साहित हैं। मुझे लगता है कि वहां वास्तव में कुछ अच्छी टीमें हैं और हम सभी एक-दूसरे को जानते हैं, हमारी आंतरिक और बाहरी ताकत और कमजोरियां है। यह एक बहुत कठिन समूह है और हम वास्तव में देख रहे हैं इसमें प्रतिस्पर्धा करने के लिए आगे है हीरो क्लब प्लेऑफ में मुंबई सिटी एफसी के खिलाफ कड़े मुकाबले के बाद, मेन ऑफ स्टील अब चल रहे हीरो सुपर कप पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आइलैंडर्स के खिलाफ क्वालीफाइंग गेम के परिणाम के बारे में उनके विचारों के बारे में पूछे जाने पर, ऐडी ने बाउंसिंग बैक के महत्व पर प्रकाश डाला। मुंबई के खिलाफ प्लेऑफ़ हारने से निराश लेकिन हम उदास नहीं हो सकते, हमें लचीला और मजबूत होना होगा। कुल 16 टीमों, हीरो आईएसएल की 11 टीमों के साथ-साथ आई-लीग की 5 टीमों को 4 समूहों में विभाजित किया जाएगा। टूर्नामेंट वर्तमान में पूरे केरल में दो स्थानों पर खेला जा रहा है। द मैन ऑफ स्टील क्वालीफिकेशन चरण में हाल ही में ताज हासिल करने वाली टीमों जैसे कि हीरो आईएसएल चैंपियंस, एटीके मोहन बागान, डिफेंडिंग हीरो सुपर कप चैंपियन, एफसी गोवा और पूर्व आई-लीग चैंपियन, गोकुलम केरला एफसी के खिलाफ लड़ेंगे।

# कदमा शास्त्रीनगर में दो गुटों में संघर्ष, फायरिंग दुकान व टेंपो को फूंका, पुलिस ने मोर्चा संभाला

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** कदमा थाना अंतर्गत शास्त्रीनगर में बीती रात महावीरी झंडा विवाद मामला रविवार को तुल पकड़ लिया है और तनाव जैसी स्थिति उत्पन्न हो गयी है। घटना कदमा ब्लाक नंबर दो व तीन की है। दोनों ओर से गोली चलने की सूचना है। साथ ही कई वाहनों को जलाने की खबर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रविवार करीब 6.30 बजे शाम की है। जब दोनो गुट की तरफ से नारेबाजी और पथराव शुरु हुआ। इधर घटना स्थल पर एसडीओ व एसपी पहुंच गये। लोगों को समझाने का प्रयास किया पर लोग समझने को तैयार नहीं है। माहौल देख मौके पर क्यूआरटी को तैनात किया गया है। वहीं एक टेंपो और चार दुकानों को फूंक दिया। कुछ दूरी पर पुलिस भी मौजूद थी। पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है। पुलिस मामले को शांत कराने का प्रयास कर रही है वहीं आग लगने की घटना के बाद शाम 7.25 बजे दमकल पहुंची और आग को बुझाने का काम कर रही है। समाचार लिखे जाने तक स्थिति तनावपूर्ण पर नियंत्रण में है। बता दें कि शनिवार को कदमा थाना के शास्त्रीनगर ब्लॉक तीन के पास रामनवमी झंडे पर असामाजिक तत्वों ने मांस बांधकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। इस बीच शांति समिति के लोगों द्वारा पहल लोगों को समझा कर मामला शांत किया गया था।

# परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय में मुफ्त शिक्षा ले रहे बच्चे अपनी पढ़ाई पूरी करेगे : महाप्रबंधक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जादूगोड़ा :** गरीबी रेखा से नीचे परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय में वर्षो से यूसील की ओर से चलाई जा रही कारपोरेट सामाजिक दायित्व स्कीम के तहत 8 से 12 तक मुफ्त शिक्षा ले रहे बच्चे अब अपनी पढ़ाई पूरी कर सकेगे। इस मुद्दे को लेकर हो रही राजनीति पर यूसील महाप्रबंधक एस के शर्मा ने आज विराम लगा दिया। इस बाबत दूरभाष पर उनसे पूछे गए एक सवाल पर उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि कोई भी बच्चे स्कूल से न तो निकाले जायेगे व न ही उनकी आगे की पढ़ाई में बाधा आएगी। सभी बच्चे बारहवी कक्षा तक पढ़ाई पूरी करेंगे। इधर कंपनी महाप्रबंधक एस के शर्मा के इस बयान के बाद अभिभावकों के चेहरे खिल उठे है व कंपनी प्रबंधन के प्रति आभार जता रहे है। यहां बताते चले कि परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय की ओर से बीते दिनों गरीबी रेखा से नीचे पढ़ रहे हजारों बच्चो की फीस में बेतहाशा वृद्धि को लेकर आठवी से बारहवीं तक के बच्चो को शपथ पत्र थमा दिया गया व आगे की पढ़ाई जारी रखने को लेकर स्कूल फीस में भारी वृद्धि कर दी गई। सभी अभिभावक इतने गरीब है की किसी तरह अपना गुजारा करते है।

# डोबो पुल में शहीद रघुनाथ महतो की 11 फिट की प्रतिमा लगेगी : कुड़मी सेना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** डोबो पुल पर प्रतिमा स्थापित करने को लेकर कुड़मी व भूमिज समाज के बीच चल रहे रस्साकस्सी के दौरान आज कुड़मी सेना की ओर से डोबो फुटबॉल मैदान में कुड़मी समाज महापंचायत का आयोजन किया गया. इस दौरान सभी ने एकस्वर से इस मामले का पटाक्षेप करने की दिशा में चर्चा करने पर चर्चा हुई. उक्त महापंचायत में बतौर अतिथि आदिवासी कुड़मी समाज के प्रवक्ता हरमोहन महतो मौजूद थे. अपने संबोधन में हरमोहन ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के शहीद रघुनाथ महतो की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा. साथ ही सुझाव दिया कि जिस तरह मानगो पुल का नाम स्वतंत्रता सेनानी जयप्रकाश नारायण व शहीद बिरसा मुंडा के नाम पर रखा गया है, सरायकेला जिला में खरसावां को जोड़ा गया है, उसी प्रकार डोबो पुल का नामकरण भी शहीद रघुनाथ महतो व बिरसा मुंडा के संयुक्त नाम पर रखा जाना चाहिये. इससे किसी भी समाज की भावनाएं आहत नहीं होगी. बताया कि इस मुद्दे पर कुड़मी सेना का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही एसडीओ से मिलकर अपना सुझाव देगा. वहीं कुड़मी सेना के प्रदेश अध्यक्ष विशाल महतो ने बताया कि पुल पर लगाये गये शहीद रघुनाथ महतो की पुरानी प्रतिमा को हटाकर उसके स्थान पर जल्द ही 11 फीट ऊंची प्रतिमा लगाई जाएगी. उक्त महापंचायत में डोबो, रुगढ़ी, कमारगोड़ा सहित स्थानीय कई लोग मौजूद थे. इसे सफल बनाने में शैलेन्द्र महतो, महेश्वर महतो, आजाद महतो, देवदीप महतो, रासू महतो, प्रबीर महतो, मनोज महतो, आदि का योगदान रहा ।

# जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग के सातवें वीकेंड में हिल टॉप ने कार्मेल को 6-1 से हराया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** हिल टॉप स्कूल के अंडर 9 के बच्चों ने जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग के नए वीकेंड में कार्मेल जूनियर कॉलेज के बच्चों को 6-1 से हराया। टेल्को के हिल टॉप स्कूल को औपचारिक रूप से पिछले वीकेंड में जमशेदपुर एफसी के ग्रासरूट प्रोग्राम में शामिल किया गया था, जहां शुरुआती सप्ताह में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया था। हिल टॉप की विजयी टीम अंडर 9 रोनाल्डो हिल टॉप स्कूल जमशेदपुर की टीम थी, जहां उन्होंने अंडर 9 आयु वर्ग में कार्मेल फाइटर्स के खिलाफ एक के बाद एक गोल किए. उल्लेखनीय है कि झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन (जेएफए) और झारखंड स्पोर्टिंग एसोसिएशन (जेएसए) के साथ मिलकर जमशेदपुर एफसी जमशेदपुर में गोल्डन बेबी लीग 2023 के दूसरे संस्करण का आयोजन कर रहा है, जहां शहर भर के बच्चें अंडर 5 , अंडर7, अंडर9, अंडर11 और अंडर 13 श्रेणियों में खेल रहे हैं. सातवें सप्ताह में जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग 2023 में सबसे बड़ी उपस्थिति देखी गई, जिसमें सभी आयु वर्गों में कुल 108 छात्रों ने भाग लिया.

# कुड़मी सेना : अरविंद राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** कुड़मी सेना के सदस्यों की बैठक स्थानीय निर्मल गेस्ट हाउस में प्रदेश अध्यक्ष विशाल महतो की अध्यक्षता में हुई, जिसमे बतौर मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र महतो मौजूद थे. इस अवसर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की चर्चा हुई व इसके हित मे कई लोगों ने सुझाव भी दिए. संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र महतो ने लोगों को जोड़ने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए झारखंड आंदोलनकारी साकची निवासी अरविंद कुमार (अधिवक्ता) को सदस्यता दिलाई. उन्हें गमछा देकर व माला पहनाकर उनका स्वागत किया. साथ ही शैलेन्द्र ने अरविंद कुमार को राष्ट्रीय महासचिव के रूप में मनोनयन किया व इस संबंध में पत्र देते हुए संगठन हित मे कार्य करने का सुझाव दिया. शैलेंद्र ने बताया कि जल्द ही सदस्यता अभियान चलाकर और लोगों को जोड़ा जाएगा. वहीं अरविंद ने कहा कि वे झारखंड आंदोलन के दौरान उन्हें दिशोम गुरु शिबू सोरेन व शहीद निर्मल महतो से काफी कुछ सीखने का मौका मिला था, जिसका लाभ अब कुड़मी सेना को मिलेगा. बैठक में शैलेंद्र महतो, विशाल महतो के अलावा देवदीप महतो, मनोज महतो, विकास महतो, प्रवीर महतो, अजय महतो, सजय महतो, जयप्रकाश महतो, अनित महतो, विष्णुदेव महतो, हितेश महतो सहित कई सदस्य मौजूद थे.

# आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए हुआ कार्यशाला का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धालभूमगढ़ :** बाल विकास परियोजना के सभागार में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त योजना अंतर्गत 18 से 35 वर्ष के महिलाओं एवं पुरुषों को 3 महीने का निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद प्लेसमेंट के उपरोक्त अगर कोई महिला या पुरुष उक्त प्लेसमेंट में इच्छुक ना रहे तो महिलाओं को 1500 और पुरुषों को 1000 रुपया महीना बेरोजगारी भत्ता पाने का प्रावधान है । उक्त योजना में महिलाओं के लिए सिलाई, ब्यूटीशियन, फैशन डिजाइन, कंप्यूटर, स्पोकन इंग्लिश, पर्सनल डेवलपमेंट का ट्रेनिंग दिया जाएगा और पुरुषों को इलेक्ट्रीशियन ,ऑटो इलेक्ट्रीशियन ,वेल्डिंग, फिटर, सोलर इंस्टालेशन का प्रशिक्षण दिया जाएगा । कार्यशाला में बाल विकास परियोजना सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सविता टोपनो तथा परियोजना अंतर्गत विभिन्न सेविकाओ को युवाओ को मोबिलाइजेशन करने हेतु निर्देश दिया गया। इस कार्यशाला में सभी आगनबाड़ी के सेविका, महिला सुपरवाइजर इत्यादि उपस्थित थे।

# नामदा बस्ती में बाबा दीप सिंह का मना जन्म उत्सव

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** सेंट्रल सिख स्त्री सत्संग सभा की चेयरपर्सन बीबी कमलजीत कौर के द्वारा नामदा बस्ती में रविवार को दमदमी टकसाल के पहले मुखी और शहीद मिशन के बाबा दीप सिंह जी का जन्म उत्सव बड़े ही श्रद्धा के साथ मनाया गया। जमशेदपुर के विभिन्न गुरुद्वारों की स्त्री सत्संग सभाओं की बीबियों ने संयुक्त रूप से सुखमणि साहिब जी का पाठ किया और बाबा दीप सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह के अनुसार बाबा दीप सिंह सभी धर्मी लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। किस प्रकार से धर्म संस्कृति परंपरा तीर्थ स्थान की रक्षा अत्याचारी धर्म विरोधियों से की जाती है, उन से सीख लेने की जरूरत है। इस मौके पर सीजीपीसी संरक्षक गुरदीप सिंह पप्पू, महासचिव अमरजीत सिंह, प्रधान कुलविंदर सिंह, पूर्व प्रधान अमरजीत सिंह सलाहकार गुरचरण सिंह बिल्ला, साकची सिख स्त्री सत्संग सभा प्रधान बीबी मनजीत कौर , जत्थेदार कुलदीप सिंह बुग्गे, महिवाल ट्रांसपोर्ट के निदेशक दलजीत सिंह सिरोपा देकर सम्मानित किए गए।

## संपादकीय

# न्यायपालिका ने दिखाया विपक्ष को आईना

**भ्रष्टाचार** के विरुद्ध प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार की तीव्र कार्रवाइयों से विपक्षी राजनीतिक दल हलाकान हैं। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के नेता तो लगभग बौखलाए हुए हैं। भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाइयों को वे न केवल राजनीतिक रंग देने का प्रयास कर रहे हैं अपितु भ्रष्टाचार के विरुद्ध खुलकर काम कर रही एजेंसियों को भी निशाना बना रहे हैं। इसी संदर्भ में 14 विपक्षी दलों ने सरकार पर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप लगाते हुए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की। हालाँकि सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाइयों पर रोक लगाने की जगह विपक्षी दलों की इस व्यर्थ की याचिका को ही सुनवाई के योग्य नहीं माना। एक तरह से न्यायालय ने विपक्षी दलों के आरोपों को सिरे से नकारकर उन्हें आईना दिखाया है। उल्लेखनीय है कि ऐसा संभवतः पहली बार हुआ होगा जब भ्रष्टाचार के विरुद्ध चल रही कार्रवाइयों को बाधित करने के लिए एक या दो नहीं अपितु 14 राजनीतिक दल केंद्र सरकार पर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए सर्वोच्च न्यायालय तक चले गए। इससे साफ होता है कि विपक्षी दलों को यह समझ आ गया है कि भ्रष्टाचार को रोकने के लिए केंद्र सरकार बड़े पैमाने पर अभियान चला रही है और यदि सरकार को रोका नहीं गया तब उनकी स्थिति बदतर हो जाएगी। विपक्ष के आरोपों के संदर्भ में एक तथ्य अवश्य स्मरण रखना चाहिए कि केंद्रीय एजेंसिया केवल विपक्षी दलों के नेताओं के विरुद्ध ही कार्यवाही नहीं कर रही हैं अपितु भाजपा और उसके सहयोगी भी उनकी कार्रवाइयों के दायरे में आए हैं। पिछले कुछ महीनों में भ्रष्टाचारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर भी बड़ी संख्या में कार्रवाइयां हुई हैं। यह तथ्य विपक्षी दल भी जानते हैं लेकिन सच बताते नहीं हैं। कहना होगा कि विपक्षी दल भ्रष्टाचार पर हो रही कार्रवाई को रोकना भी चाहते हैं और भ्रष्टाचार के समर्थक भी नहीं दिखना चाहते। यह अंतर्विरोध उनकी याचिका में भी दिखायी देता है, जिसकी ओर न्यायालय ने भी संकेत किया है- "आप केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगा रहे हैं। साथ ही, यह भी कहते हैं कि नेताओं के लिए कोई विशेष सुविधा नहीं चाहते क्योंकि वे भी सामान्य नागरिक हैं। फिर आप ही बताइए कि न्यायालय केंद्रीय एजेंसियों को यह निर्देश कैसे दे सकती है कि नेताओं के मामलों में गिरफ्तारी से पहले खास प्रक्रिया अपनाए?" सर्वोच्च न्यायालय की बात सही है कि कानून हर नागरिक के लिए समान है। ऐसे में कोई भी ऐसी माँग कानून की कसौटी पर खरी नहीं उतर सकती, जिसमें किसी भी बहाने से खास लोगों के लिए विशेष व्यवहार की बात कही जाए। भारत का संविधान किसी के साथ अंतर करने की बात नहीं कहता है। प्रतीक के तौर पर हमने कानून की जो मूर्ति बनायी है, उसकी आँखों पर पट्टी इसलिए ही बांधी गई है ताकि यह संदेश जाए कि कानून चेहरा और हैसियत देखकर व्यवहार नहीं करता है, वह सबके लिए समान है। बहरहाल, विपक्षी दलों को यह भी समझना चाहिए कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध चल रही कार्रवाइयों पर आम जनता भी उनके तथाकथित तथ्यों एवं आरोपों को स्वीकार नहीं करेगी। देश के लगभग सभी नागरिक चाहते हैं कि भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्रवाई हो और उसे समाप्त किया जाए।

> विपक्ष के आरोपों के संदर्भ में एक तथ्य अवश्य स्मरण रखना चाहिए कि केंद्रीय एजेंसिया केवल विपक्षी दलों के नेताओं के विरुद्ध ही कार्यवाही नहीं कर रही हैं अपितु भाजपा और उसके सहयोगी भी उनकी कार्रवाइयों के दायरे में आए हैं। पिछले कुछ महीनों में भ्रष्टाचारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर भी बड़ी संख्या में कार्रवाइयां हुई हैं। यह तथ्य विपक्षी दल भी जानते हैं लेकिन सच बताते नहीं हैं। कहना होगा कि विपक्षी दल भ्रष्टाचार पर हो रही कार्रवाई को रोकना भी चाहते हैं और भ्रष्टाचार के समर्थक भी नहीं दिखना चाहते। यह अंतर्विरोध उनकी याचिका में भी दिखायी देता है, जिसकी ओर न्यायालय ने भी संकेत किया है– "आप केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगा रहे हैं।


## मुद्रा के बाजार मूल्य को बचाने के उद्देश्य से ब्याज दरों में वृद्धि करना एक मजबूरी बन जाता है

# रेपो दर में वृद्धि को रोकना, भारतीय रिजर्व बैंक का साहसिक निर्णय

**प्रह्लाद सबनानी**

> वत्तिीय वर्ष 2022-23 में बैकों के ऋ ण 15 .4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 17 .8 लाख करोड़ रुपए से बढ़ें है जबकि वत्तिीय 2021-22 में बैकों के ऋ णों में 9 .7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई थी। ब्याज दरों में वृद्धि होने से ऋ ण की लागत भी बढ़ती है जो अंतत : उत्पादन की लागत को भी वपिरीत रूप से प्रभावति करती है ।अत : आर्थिक गतिवर्धियों में और अधिक तेजी लाने के लिए ब्याज की लागत को कम बनाए रखना आवश्यक है। तीसरे, भारतीय रुपया अंतरराष्ट्रीय बाजार में अब मजबूत हो रहा है। चूंकि वकिसित देशों द्वारा, वशिष रूप से अमेरिका द्वारा ब्याज दरों में की जा रही वृद्धि के चलते कुछ समय पूर्व तक भारतीय रुपए पर, अमेरिकी डॉलर की तुलना में, दबाव दिखाई दे रहा था।

**पिछले** एक वर्ष से भी अधिक समय से पूरे विश्व में लगभग सभी देश लगातार बढ़ती मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रित करने के उद्देश्य से ब्याज दरों में वृद्धि करते जा रहे हैं। अभी हाल ही में अमेरिका ने यूएस फेड दर में 25 आधार अंकों की एवं ब्रिटेन ने केंद्रीय ब्याज दर में 50 आधार अंको की वृद्धि की है। यही स्थिति लगभग सभी विकसित देशों की है। इन देशों में हालांकि ब्याज दरों में लगातार वृद्धि करने से मुद्रा स्फीति पूर्णतः नियंत्रण में आती दिखाई नहीं दे रही है, हां कुछ देशों में मुद्रा स्फीति में कुछ कमी जरूर आई है। सामान्यतः विश्व के कई देश, विशेष रूप से विकसित देश, यदि ब्याज दरों में वृद्धि करते हैं तो अन्य देशों को अपनी मुद्रा के बाजार मूल्य को बचाने के उद्देश्य से ब्याज दरों में वृद्धि करना एक मजबूरी बन जाता है। परंतु, दिनांक 06 अप्रेल 2023 को सम्पन्न हुई भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में रेपो दर में वृद्धि नहीं करने का निर्णय लिया गया है, वैश्विक स्तर पर चल रही आर्थिक परिस्थितियों के बीच यह एक साहसिक निर्णय कहा जा सकता है। बल्कि आगे आने वाले समय में अब अन्य देश भी (विकसित देशों सहित) भारतीय रिजर्व बैंक के इस निर्णय का अनुसरण कर सकते हैं, ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है। एक तरह से भारत ने इस संदर्भ में अन्य देशों को राह ही दिखाई है। दरअसल, मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के लिए विकसित देशों द्वारा ब्याज दरों में लगातार वृद्धि करते जाना, अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों को विपरीत रूप से प्रभावित करता नजर आ रहा है, जबकि इससे मुद्रा स्फीति पर नियंत्रण होता दिखाई नहीं दे रहा है। पूंजीवादी अर्थव्यवस्थाओं में अब पुराने सिद्धांत बोथरे साबित हो रहे हैं। और फिर, केवल मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से ब्याज दरों में लगातार वृद्धि करते जाना ताकि बाजार में वस्तुओं की मांग कम हो, एक नकारात्मक निर्णय है। इससे देश की अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। उत्पादों की मांग कम होने से, कम्पनियों का उत्पादन कम होता है, देश में मंदी फैलने की सम्भावना बढ़ने लगती है, इससे बेरोजगारी बढ़ने का खतरा पैदा होने लगता है, सामान्य नागरिकों की ईएमआई में वृद्धि होने लगती है, आदि। अमेरिका में कई कम्पनियों ने इस माहौल में अपनी लाभप्रदता बनाए रखने के लिए 2 लाख से अधिक कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा की है। किसी नागरिक को बेरोजगार कर देना एक अमानवीय कृत्य ही कहा जाएगा। और फिर, अमेरिका में ही इसी माहौल के बीच दो बड़े बैंक फैल हो गए हैं। यदि इस प्रकार




की परिस्थितियां अन्य देशों में भी फैलती हैं तो पूरे विश्व में ही मंदी की स्थिति छा सकती है। मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के लिए मांग में कमी लाकर उत्पादन कम करने जैसे निर्णयों के स्थान पर आपूर्ति को बढ़ाए जाने जैसे सकारात्मक प्रयास किए जाने चाहिए। इससे उत्पादन बढ़ेगा, विकास की गति तेज होगी एवं रोजगार के और अधिक नए अवसर निर्मित होंगे। अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों में निर्मित हो रही मंदी की आशंकाओं के बीच भारत में स्थिति बहुत नियंत्रण में दिखाई दे रही है। केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से सही समय पर सही निर्णय लिए हैं। हालांकि भारत में भी रेपो दर में मई 2022 के बाद से 250 आधार अंको की वृद्धि की गई है। परंतु, भारत में उत्पादों, विशेष रूप से खाद्य पदार्थों, की आपूर्ति को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। भारत में मुद्रा स्फीति को आंकने के लिए उपयोग किए जाने वाले उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की टोकरी में खाद्य पदार्थों की उपस्थिति 40 प्रतिशत से अधिक है। खाद्य पदार्थों की मांग को ब्याज दरें बढ़ाकर नियंत्रित नहीं किया जा सकता है। हां, खाद्य पदार्थों की आपूर्ति बढ़ाकर इनकी कीमतों पर नियंत्रण जरूर रखा जा सकता है। इसी प्रकार की नीतियों का पालन भारत सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक ने किया है। केंद्र सरकार द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक को यह निर्देश दिए गए हैं कि भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की दर 4 प्रतिशत रहनी चाहिए। हां, विशेष परिस्थितियों में यह, इस दर से 2 प्रतिशत अधिक अथवा कम हो सकती है। इस प्रकार, भारत में मंहगाई की दर 2 से 6 प्रतिशत के बीच रह सकती है। कोरोना महामारी में बाद एवं रूस यूक्रेन युद्ध के चलते भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की दर 7 प्रतिशत से अधिक हो गई थी। अतः भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में पिछले एक वर्ष के दौरान 250 आधार अंको की वृद्धि करते हुए इसे 6.50 प्रतिशत पर पहुंचा दिया है, इसी प्रकार अन्य कई निर्णय भी केंद्र सरकार द्वारा लिए गए हैं। इन निर्णयों के कारण भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर अब घटती भी जा रही है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की दर घटकर 5.2 प्रतिशत हो जाएगी। जबकि थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की दर फरवरी 2023 माह में घटकर 3.85 प्रतिशत तक नीचे आ चुकी है। दूसरे, भारत में ब्याज दरों को बढ़ने से रोकना इसलिए भी जरूरी है कि पिछले कुछ समय से आर्थिक गतिविधियों में आ रही तेजी के चलते बैंकों से ऋण सुविधाओं का उपयोग बहुत बढ़ रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में बैंकों के ऋण 15.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 17.8 लाख करोड़ रुपए से बढ़ें है जबकि वित्तीय 2021-22 में बैंकों के ऋणों में 9.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई थी। ब्याज दरों में वृद्धि होने से ऋण की लागत भी बढ़ती है जो अंततः उत्पादन की लागत को भी विपरीत रूप से प्रभावित करती है। अतः आर्थिक गतिविधियों में और अधिक तेजी लाने के लिए ब्याज की लागत को कम बनाए रखना आवश्यक है। तीसरे, भारतीय रुपया अंतरराष्ट्रीय बाजार में अब मजबूत हो रहा है। चूंकि विकसित देशों द्वारा, विशेष रूप से अमेरिका द्वारा ब्याज दरों में की जा रही वृद्धि के चलते कुछ समय पूर्व तक भारतीय रुपए पर, अमेरिकी डॉलर की तुलना में, दबाव दिखाई दे रहा था। अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपए का मूल्य अंतरराष्ट्रीय बाजार में 83 रुपए प्रति डॉलर को भी पार कर गया था परंतु दिनांक 6 अप्रेल 2023 को यह सुधरकर 81.90 रुपए प्रति डॉलर हो गया है। डॉलर सूचकांक भी धीमे धीमे निचले स्तर पर आ रहा है, यह कुछ समय पूर्व तक 122 के स्तर पर पहुंच गया था, जो दिनांक 6 अप्रेल 2023 को 101.89 के अपने निचले स्तर पर आ गया है। साथ ही, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में भी पिछले लगातार दो सप्ताह से बहुत अच्छी वृद्धि दर्ज हुई है और यह 10 मार्च 2023 के स्तर 56,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर दिनांक 24 मार्च 2023 को 57,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। इस प्रकार, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की स्थिति लगातार मजबूत हो रही है। अतः अब भारत को अमेरिकी ब्याज दरों का अनुसरण करने की आवश्यकता नहीं है। परंतु, अंतरराष्ट्रीय बाजार पर इस संदर्भ में नजर जरूर बनाए रखने की आवश्यकता बनी रहेगी।

# माफियाओं के खिलाफ योगी के सख्त तेवरों से ही रहता है यूपी में अमन-चैन का माहौल

> असल में यूपी में जब कोई व्यक्ति अपराध करता है तो योगी की पुलिस उन अपराधियों को तो तुरंत धर दबोच लेती है जो पेशेवर अपराधी नहीं होते हैं और वपिरीत परिस्थितियों में उनसे अपराध हो जाता है, लेकिन आदतन या पेशेवर अपराधी तत्वों को यूपी पुलिस तुरंत गिरफ्तार करने पर ज्यादा जोर नहीं देती है। यह वह अपराधी होते हैं जो पहले भी हवालात की सजा काट चुके होते हैं और उन्हें जेल जाने से डर भी नहीं लगता है। ऐसे में इन पेशेवर अपराधियों को सबक सिखाने के लिए योगी सरकार इन्हें जेल भेजने से पहले इनके दहशत के साम्राज्य को तोड़ती है। इनकी अवैध संपत्ति की कुर्की के लिए डोजियर तैयार किया जाता है। इसके बाद अपराधी की कमर तोड़ने के लिए बुलडोजर की इंट्री होती है। बुलडोजर पेशेवर अपराधी तत्वों की जुर्म की दुनिया में रहकर कमाई गई अकूत संपत्ति को नेस्तानाबूत करता है। गुंडे-माफियाओं और उनके गुर्गों द्वारा जबरन हथियाई गई जमीन को खाली कराया जाता है। यदि इनके पास किसी तरह के असलहे होते हैं तो उसका लाइसेंस रद्द किया जाता है। इसके पश्चात उन लोगों पर शिकंजा कसा जाता है जो सीधे तौर पर तो किसी अपराध से नहीं जुड़े होते हैं, लेकिन पर्दे के पीछे से अपराधियों की मदद करते रहते हैं।विकास दुबे, मुख्तार अंसारी और अतीक अहमद के साम्राज्य को इसी प्रकार से तोड़ा गया है। ऐसे में कई अपराधी डर के मारे आत्मसमर्पण कर देते हैं या फिर पुलिस के साथ लुकाछिपी के खेल में एनकाउंटर के शिकार हो जाते हैं। बाहुबली वकिास दुबे इसकी ताजा मिसाल है, जो पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था।

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए परम्परागत रूप से उठाये जाने वाले कदमों से अलग तौर तरीके से चल रहे हैं,जिसकी वजह से अपराधी खौफजदा हैं उनके मददगारों और पनाहगारों की संख्या कम होती जा रही है। असल में यूपी में जब कोई व्यक्ति अपराध करता है तो योगी की पुलिस उन अपराधियों को तो तुरंत धर दबोच लेती है जो पेशेवर अपराधी नहीं होते हैं और विपरीत परिस्थितियों में उनसे अपराध हो जाता है, लेकिन आदतन या पेशेवर अपराधी तत्वों को यूपी पुलिस तुरंत गिरफ्तार करने पर ज्यादा जोर नहीं देती है। यह वह अपराधी होते हैं जो पहले भी हवालात की सजा काट चुके होते हैं और उन्हें जेल जाने से डर भी नहीं लगता है। ऐसे में इन पेशेवर अपराधियों को सबक सिखाने के लिए योगी सरकार इन्हें जेल भेजने से पहले इनके दहशत के साम्राज्य को तोड़ती है। इनकी अवैध संपत्ति की कुर्की के लिए डोजियर तैयार किया जाता है। इसके बाद अपराधी की कमर तोड़ने के लिए बुलडोजर की इंट्री होती है। बुलडोजर पेशेवर अपराधी तत्वों की जुर्म की दुनिया में रहकर कमाई गई अकूत संपत्ति को नेस्तानाबूत करता है। गुंडे-माफियाओं और उनके गुर्गों द्वारा जबरन हथियाई गई जमीन को खाली कराया जाता है। यदि इनके पास किसी तरह के असलहे होते हैं तो उसका लाइसेंस रद्द किया जाता है। इसके पश्चात उन लोगों पर शिकंजा कसा जाता है जो सीधे तौर पर तो किसी अपराध से नहीं जुड़े होते हैं, लेकिन पर्दे के पीछे से अपराधियों की मदद करते रहते हैं। विकास दुबे, मुख्तार अंसारी और अतीक अहमद के साम्राज्य को इसी प्रकार से तोड़ा गया है। ऐसे में कई अपराधी डर के मारे आत्मसमर्पण कर देते हैं या फिर पुलिस के साथ लुकाछिपी के खेल में एनकाउंटर के शिकार हो जाते हैं। बाहुबली विकास दुबे इसकी ताजा मिसाल है, जो पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। इससे पूर्व उसकी करोड़ों की अवैध संपत्ति भी पुलिस ने उसके कब्जे से खाली करा ली थी। इसी प्रकार मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद जैसे बाहुबलियों के भी आर्थिक साम्राज्य को तोड़ा गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ के दूसरे कार्यकाल का एक साल पूरा हो गया है। अब तक के छह साल के कार्यकाल में यूपी पुलिस ने माफियाओं, अपराधियों और बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की है। बाहुबली माफिया मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद, शराब माफिया बदन सिंह बद्दो, कुख्यात सुनील राठी, सुशील मूंछ, सुंदर भाटी, ध्रुव सिंह उर्फ कुंटू सिंह और बाहुबली विजय मिश्रा समेत 64 गैंगस्टरों की 3000 करोड़ रुपए की संपत्तियां पुलिस ने या तो जब्त की हैं या फिर सरकार ने उन पर बुलडोजर चलवा दिया है। इसमें माफिया डॉन अतीक अहमद के अलावा मुख्तार अंसारी की 523 करोड़ रुपए की संपत्तियों पर कार्रवाई हुई है। इसी तरह ढाई लाख के इनामी बदन सिंह बद्दो की भी करोड़ों रुपए की संपत्तियां जब्त की जा चुकी हैं जबकि उसके और उसके सहयोगियों के तमाम अवैध अड्डों पर बुलडोजर चलाया जा चुका है। बाहुबली विजय मिश्रा की भी 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्तियां अब तक जब्त की जा चुकी हैं। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अपराधियों को सजा दिलाने के मामले में भी काफी तत्परता दिखा रही है। योगी राज के दूसरे कार्यकाल के पहले ही वर्ष में यूपी के टॉप लेवल के 13 माफियाओं को कोर्ट ने सजा सुनाई है, जो पहले कभी नहीं हुआ। बाहुबली अतीक अहमद को हाल में ही उमेश पाल अपहरण कांड में उम्र कैद की सजा सुनाई है। अतीक गुजरात के साबरमती जेल में सजा काट रहा है। अतीक के खिलाफ सौ से अधिक मुकदमे दर्ज हैं, लेकिन उसके खिलाफ कोई गवाही देने की हिम्मत नहीं जुटा पाता था। वहीं बाहुबली मुख्तार अंसारी जिसके खिलाफ कभी कोई गवाही नहीं देता था, उसको सजा दिलाने के लिए अभियोजन विभाग ने सशक्त पैरवी की। गवाहों को कोर्ट तक पहुंचाया। नतीजतन, मुख्तार अंसारी को उसके वर्षों से लंबित मुकदमों में सजा होनी शुरू हुई। मुख्तार अंसारी के खिलाफ प्रदेश के विभिन्न थानों में संगीन धाराओं के 61 मुकदमे दर्ज हैं। इसी तरह बाहुबली विजय मिश्रा जिसके खिलाफ संगीन धाराओं के 83 केस दर्ज हैं उसे भी कोर्ट ने सजा दी। अभियोजन विभाग की पैरवी से आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को सजा मिली जिससे उनकी विधायकी रद्द हुई। सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति में पुलिस और अन्य एजेंसियों के सहयोग से यह सब संभव हुआ। योगी सरकार के एक साल की बात की जाए तो योगी राज में बीते एक साल में 21 अपराधी मुठभेड़ में मारे गए, 1256 अपराधी मुठभेड़ में घायल हुए। वहीं एनकाउंटर के दौरान 182 पुलिसकर्मी भी घायल हुए। इसी बीच 25000 के 2749 इनामी अपराधी गिरफ्तार हुए और 50000 के 267 इनामी अपराधी गिरफ्तार हुए, इसके अलावा 50,000 से ज्यादा इनाम वाले 36 अपराधी गिरफ्तार हुए। गैंगस्टर एक्ट के 3903 केस रजिस्टर किए गए जबकि 12513 आरोपी गिरफ्तार करके जेल भेजे गए। 126 अपराधियों के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई हुई। गैंगस्टर एक्ट के तहत कुल 70 अरब 58 करोड़ 64 लाख 33 हजार 537 रुपए की चल अचल संपत्तियां जब्त की गईं। बीते एक साल में एसटीएफ ने 847 अपराधियों को गिरफ्तार किया। एसटीएफ ने चार अपराधियों को एनकाउंटर में मारा और 85 इनामी अपराधी गिरफ्तार किए। इसी अवधि में साइबर क्राइम करने वाले 16 अपराधी गिरफ्तार किए गए जबकि ड्रग्स की तस्करी करने वाले 210 अपराधी गिरफ्तार किए गए। 458.79 करोड़ रुपए के ड्रग्स बरामद किए गए। बीते एक साल में 35 असलहा तस्कर दबोचे गये तो 131 असलहे बरामद किए गए। हाईटेक सर्विलेंस से 69 वारदातों को रोका गया। योगी सरकार आतंकी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने में भी पीछे नहीं रही। यूपी में आईएसआईएस, जैश-ए-मोहम्मद, अल कायदा, आईएसआई जैसे आतंकी संगठनों से संबंधित 21 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान पीएफआई, रोहिंग्या, बांग्लादेशी, नक्सल से संबंधित 13 लोगों की गिरफ्तारी की गई। लब्बोलुआब यह है कि योगी राज में अपराधियों को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया गया। गुंडे-माफियाओं ने दहशत के बल पर अपना जो साम्राज्य खड़ा किया था, उसे योगी की पुलिस ने ऐसे माफियाओं-बाहुबलियों के अंदर दहशत पैदा कर उसे धवस्त कर दिया। आज अपराधी हाथों में तख्ती लेकर सरेंडर कर रहे हैं। देशभर में योगी के नाम का डंका बज रहा है। आज स्थिति यह है कि यूपी में अपराध तो कम हुए ही हैं, इसके अलावा दंगाइयों और साम्प्रदायिक शक्तियों के भी हौसले पस्त पड़े हैं।

## नागरिक बोध

# कमजोर आर्थिक वर्ग बनाम आरक्षण

**आजकल** आरक्षण की एक श्रेणी ईडब्लूएस चर्चा का विषय बनी हुई है। ईडब्लूएस (इकोनोमिकली वीकर सेक्शन) जिसको हिंदी में आर्थिक कमजोर वर्ग कहते हैं। यह सामान्य वर्ग के लोगों को शिक्षा और सरकारी नौकरी में आरक्षण देने के लिए बनाया गया था, जिसके तहत आर्थिक आधार पर आरक्षण दिया जाता है। वर्ष 2019 के जनवरी माह में केंद्र सरकार ने सामान्य वर्ग के लोगों को सरकारी नौकरी, स्कूल और कॉलेज में आरक्षण देने के लिए आर्थिक आधार पर 10 फीसदी का आरक्षण लागू किया था। इसके लिए संविधान में 103वां संशोधन किया गया था। आर्थिक कमजोर वर्ग के आरक्षण के लिए निम्नलिखित शर्तें हैं जैसे सामान्य वर्ग (जनरल केटेगरी) के किसी व्यक्ति को ईडब्लूएस में नहीं माना जायेगा अगर उसके परिवार के पास 1. पांच एकड़ या उससे ज़्यादा कृषि भूमि है। 2. एक हज़ार वर्ग फ़ीट या उससे ज़्यादा का आवासीय फ़्लैट है। 3. अधिसूचित नगर पालिकाओं में 100 वर्ग गज या और उससे ज़्यादा का आवासीय प्लॉट है। 4. अधिसूचित नगर पालिकाओं के अलावा अन्य क्षेत्रों में 200 वर्ग गज या उससे ज़्यादा के आवासीय प्लॉट हैं। 5. सरकार ने ये भी स्पष्ट किया कि अगर किसी परिवार की अलग-अलग जगहों या शहरों में ज़मीन या संपत्ति है तो उन सब को जोड़ कर ही ईडब्ल्यूएस होने या न होने का फ़ैसला किया जाएगा। ईडब्ल्यूएस का लाभ प्राप्त करने लिए आवेदकों के पास वार्षिक आय 8 लाख रुपये से कम और संपत्ति का सुबूत होना चाहिए। इसके लिए आवेदकों को आय और संपत्ति प्रमाण पत्र बनवाना होता है। शिक्षक भर्ती के लिए यूजीसी की ओर से जारी दिशा निर्देश के अनुसार प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर ईडब्ल्यूएस कोटे का लाभ उसी को मिल सकता है जिसकी वार्षिक आय आठ लाख रूपए से अधिक न हो। एसोसिएट प्रोफेसर के लिए अन्य शैक्षणिक योग्यता के अलावा असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर 8 साल तक पढ़ाने का अनुभव होना आवश्यक है।

## अमृत कलश

# आनंद

**सदियों** से, माता-पिता लोगों को नष्ट कर रहे हैं। वे अपने माता-पिता द्वारा नष्ट कर दिए गए थे, और इसी तरह और आगे चलता है। ऐसा लगता है कि यह एक पुरानी अवस्था है। तुम्हारे माता-पिता खुश नहीं थे; वे जो कुछ भी जानते थे, उसने उन्हें दुखी और अधिक दुखी बना दिया-और उन्होंने आपको इसके लिए प्रशिक्षित किया, और उन्होंने आप में अपनी एक प्रतिकृति बना ली है। 'तो मैं यह नहीं कह रहा हूं कि यह उनकी जिम्मेदारी है; यह एक अचेतन, जीर्ण अवस्था है जो स्वयं को कायम रखती है। इसलिए अपने माता-पिता के खिलाफ शिकायत करने की कोई जरूरत नहीं है-इससे कोई फायदा नहीं होगा। जिस दिन आप इसे समझ जाएंगे, आपको होशपूर्वक इसे छोड़ना होगा और इससे बाहर आना होगा। 'यदि आप खुश रहना चाहते हैं तो एक व्यक्ति बनें। अगर आप खुश रहना चाहते हैं, तो खुद चुनना शुरू करें। कई बार आपको अवज्ञाकारी होना पड़ेगा-हो! कई बार आपको विद्रोही होना पड़ेगा-हो! इसमें कोई अनादर निहित नहीं है। अपने माता-पिता का सम्मान करें, लेकिन याद रखें कि आपकी सबसे गहरी जिम्मेदारी आपके अपने होने के प्रति है। 'हर किसी को घसीटा जाता है और उसके साथ छेड़छाड़ की जाती है, इसलिए कोई नहीं जानता कि उसकी नियति क्या है। आप जो वास्तव में हमेशा से करना चाहते थे, आप भूल गए हैं। और आप कैसे खुश रह सकते हैं? कोई व्यक्ति जो कवि हो सकता था वह सिर्फ साहूकार है। कोई व्यक्ति जो चित्रकार हो सकता था वह एक डॉक्टर है। कोई व्यक्ति जो डॉक्टर हो सकता था, एक सुंदर डॉक्टर, एक व्यवसायी है। सभी विस्थापित हैं। हर कोई कुछ ऐसा कर रहा है जो वह कभी नहीं करना चाहता था- इसलिए अप्रसन्नता है। 'खुशी तब होती है जब आप अपने जीवन के साथ फिट होते हैं, जब आप इतने सामंजस्यपूर्ण रूप से फिट होते हैं कि आप जो कुछ भी कर रहे हैं वह आपका आनंद है। तब अचानक आपको पता चलेगा कि ध्यान आपका पीछा करता है। यदि आप उस काम से प्यार करते हैं जो आप कर रहे हैं, अगर आप जिस तरह से रह रहे हैं उससे प्यार करते हैं तो आप ध्यानपूर्ण हैं।'

## बोध कथा

# सादगी और बड़प्पन

**फिल्म** अभिनेता अमिताभ बच्चन एक बार हवाई जहाज से यात्रा कर रहे थे। उनके बगल वाली सीट पर बहुत ही साधारण दिख रहे एक सज्जन बैठे थे। अमिताभ बच्चन को अन्य यात्री तो पहचान रहे थे, लेकिन वह सज्जन अपने बराबर में बैठे अमिताभ के प्रति अंजान लग रहे थे। उन्होंने अमिताभ की तरफ ध्यान नहीं दिया। उनके साथ अमिताभ ने बातचीत करने की कोशिश की और उन्हें देखकर अमिताभ मुस्कुराये। वह सज्जन भी अमिताभ की ओर देखकर विनम्रता से मुस्कुराया और 'हैलो' कहा। उनकी बातचीत शुरू हुई और अमिताभ ने सिनेमा और फिल्मों के विषय को उठाया और पूछा, 'क्या आप फिल्में देखते हैं?' सज्जन ने जवाब दिया, 'ओह, बहुत कम। कई साल पहले एक फिल्म देखी थी।' अमिताभ ने उल्लेख किया कि उन्होंने फिल्म उद्योग में काम किया है। सज्जन ने जवाब दिया, 'ओह, यह अच्छा है।' सज्जन ने प्रश्न किया, 'आप क्या करते हैं?' अमिताभ ने जवाब दिया, 'मैं एक अभिनेता हूं।' सज्जन ने सिर हिलाया, 'ओह, यह अद्भुत है!' जब वे दोनों फ्लाइट से उतरे, तो अमिताभ ने हाथ मिलाते हुए कहा, 'आपके साथ यात्रा करना अच्छा था। वैसे, मेरा नाम अमिताभ बच्चन है!' वह सज्जन हाथ मिलाते हुए मुस्कुराया, 'थैंक्यू, आपसे मिलकर अच्छा लगा। मैं जेआरडी टाटा (टाटा ग्रुप का चेयरमैन) हूं!' इतना सुनते ही अमिताभ बच्चन उनके सामने नतमस्तक हो गए।

## देश दुनीया से

# पुलिस की कार्यप्रणाली और स्वायत्तता

**पुलिस** की कार्यशैली अभी तक अंग्रेजी राज जैसी चली आ रही है। सरकार के इशारे के बगैर पुलिस पत्ता तक नहीं हिला सकती। पुलिस न केवल अनुसंधान के मामलों में लचर है बल्कि कानून-व्यवस्था में भी राज्य सरकारों का मुंह ताकती रहती है। आतंकी और अन्य बड़े अपराधों के बरी हुए आरोपियों के साथ ही कई राज्यों में रामनवमी पर बिगड़ी कानून-व्यवस्था को संभालने में नाकाम रही पुलिस आरोपों के कटघरे में है। पश्चिमी बंगाल, बिहार और झारखंड में रामनवमी पर हुए सांप्रदायिक उपद्रवों ने पुलिस और राज्य सरकारों की कानून-व्यवस्था की पोल खोल दी। पुलिस और राज्य की इंटेलीजेंस एजेंसियां न सिर्फ दंगों का पहले से पता लगाने में नाकाम रही बल्कि दंगों को फैलने से रोकने में भी विफल रही। पश्चिमी बंगाल, झारखंड और बिहार में दंगा एक शहर से दूसरे शहरों तक फैलता चला गया। कानून-व्यवस्था संभालने के मामले में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने तत्काल पहल की। इसी पर्व पर उपद्रवियों ने लखनऊ में फसाद करने का प्रयास किया, किन्तु पुलिस ने उसे सख्ती से नाकाम कर दिया। कानून-व्यवस्था के मामलों में सरकारों के हाथों की कठपुतली बनी पुलिस गंभीर मामलों में अनुसंधान को अंजाम तक पहुंचाने में नाकाम रही है। राजधानी जयपुर में मई 2008 में हुए सीरियल ब्लास्ट मामले में राजस्थान हाईकोर्ट ने 29 मार्च को चारों आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट ने जांच एजेंसी की ओर से पेश किए गए सबूतों को गलत पाया। वर्ष 2019 में चारों आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई गई थी। पुलिस की भारी किरकिरी होने के बाद राज्य सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने की कवायद में जुटी है। पुलिस की नाकामी का दूसरा बड़ा मामला उत्तर प्रदेश के भदोही में सामने आया। भदोही जिले की एक अदालत ने 4 लोगों के एनकाउंटर के 25 साल पुराने मामले में 34 पुलिसकर्मियों समेत 36 लोगों को बरी कर दिया है। पुलिस के हाथ कैसे बंधे होते हैं, इसका एक और उदाहरण खालिस्तान समर्थक और वारिस-ए-पंजाब के प्रमुख अमृतपाल का मामला है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश की सरकार अमृतपाल की गिरफ्तारी से बचती रही। पुलिस ही नहीं कई मामलों में सीबीआई और एनआईए जैसी केंद्रीय जांच एजेंसी भी संवेदनशील अपराधों के मामलों की तफ्तीश को लचर तरीके से करके अपनी किरकिरी करा चुकी है। 11 साल पहले हैदराबाद की प्रसिद्ध मक्का मस्जिद में हुए शक्तिशाली पाइप बम धमाके मामले में स्वामी असीमानंद सहित सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया। इस प्रसिद्ध इबादतगाह में हुए ब्लास्ट में 9 लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में सीबीआई के 54 गवाह अपने बयान से मुकर गए। इस पर सीबीआई की खूब फजीहत हुई थी। गुजरात की एक अदालत ने 2002 के सांप्रदायिक दंगों के दौरान कलोल में अलग-अलग घटनाओं में अल्पसंख्यक समुदाय के 12 से अधिक सदस्यों की हत्या और सामूहिक बलात्कार के आरोपी सभी 39 लोगों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। इसी तरह सूरत की एक अदालत ने प्रतिबंधित संगठन स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) का सदस्य होने का आरोप झेल रहे 122 लोगों को दिसंबर 2001 में सूरत में हुई एक बैठक में शामिल होने के आरोप से बरी कर दिया। ये चंद ऐसे बड़े उदाहरण हैं जिनसे देश की पुलिस प्रणाली की खराब होती हालत उजागर होती है। इसके अलावा ऐसे छोटे मामलों की संख्या हजारों में है जिनमें पुलिस के ईमानदारी से अनुसंधान नहीं करने पर आरोपी रिहा होते रहे हैं। अपराधों का अनुसंधान लचरता से करने पर पुलिस का समय और सरकारी धन हर साल बर्बाद होता है। इसकी चिंता सरकारों को नहीं है। पुलिस की रुचि भी ऐसे आपराधिक मामलों में अपराधियों को सजा के अंजाम तक पहुंचाने में ज्यादा नहीं होती, जिनमें कुछ कमाई नहीं होती। यही वजह है कि पुलिस ऐसे अनुसंधानों को गंभीरता से लेने से कन्नी काटती है। पुलिस की बिगड़ती छवि के लिए पुलिस के आला अफसरों समेत राज्य सरकार बराबर की जिम्मेदार है। पुलिस की विफलता पर पर्दा डालने और मनमर्जी से पुलिस से काम कराने में आड़े आने पर सीबीआई की जांच राज्य सरकारों को खटकती रही है। यही वजह है कि विपक्षी दलों की राज्य सरकारें सीबीआई से जांच कराने का विरोध करती रही हैं। इतना ही नहीं पश्चिमी बंगाल और राजस्थान सहित 9 राज्यों की विपक्षी दलों की सरकार सीबीआई से जांच नहीं कराने का प्रस्ताव तक पारित कर चुकी हैं।

> सवाल यह भी है कि अदालत से बरी हुए जिन आरोपियों ने सालों जेल में काटे हैं, इससे उनके भविष्य और परिवार का जो नुकसान हुआ, उसकी भरपाई कौन करेगा। सरकार उनका भविष्य तबाह करने के लिए किसी तरह का मुआवजा नहीं देती है। आरोपियों के खिलाफ ठोस सबूत जुटाने में नाकाम रहे पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मंशा भी सरकारों की नजर नहीं आती। पर्याप्त सबूतों के अभाव में बरी हुए आरोपियों के मामलों से सरकारों ने कोई सबक नहीं सीखा। ऐसी गलतियां फिर नहीं दोहराई जाएं, इसका पक्का इंतजाम करने की मंशा नेताओं और सरकारों की नजर नहीं आती।

# परंपरागत तरीके से मनाया गया ईस्टर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड भर मे मसीह विश्वासीओ ने रविवार को ईस्टर (पास्का) का त्यौहार परंपरागत तरीके से मनाया गया।इस अवसर पर संत जोसेफ बड़े गिरजाघर समेत महुआडांड़ के अन्य पल्लीयो में विशेष मिस्सा पूजा, बाइबल पाठ और अनुष्ठान की गई।संत जोसेफ बड़े गिरिजाघर में मुख्य फादर सुरेश,चिरोपाठ चर्च मे फा बर्नाबस खलखो, गोठगांव चर्च मे फादर मृतुलाल, साले मे फादर जॉर्ज तिग्रा पकरीपाठ मे फादर अमित कुजूर और तुन्दटोली मे फा सुशील लकड़ा ने विशेष मिस्सा पूजा की अगुवाई की। इस मौके पर साले पल्ली में फादर जॉर्ज ने कहा कि ईस्टर (पास्का) पर्व हमारे लिए आस्था और विश्वास का पर्व है।इस दिन प्रभु यीशु ने पाप, दुख और तकलीफ से पार पाया।प्रभु यीशु ने अपने बहुमूल्य जीवन को लोगो की भलाई और खुशी के लिए कुर्बान कर दी और मृत्यु के तीसरे दिन पुनः जी उठे। ईस्टर के मौके पर गिरजाघरो मे फादर राजेश किस्पोटा, जान तिर्की, सेल्सियस, कमल, दिलिप, सेलिषटीन, मनोरंजन और फादर सिल्पयुस समेत मसीह विश्वासी उपस्थित रहे। ईस्टर रविवार पूर्व शनिवार की रात जागरण मिस्सा के दौरान अपने संदेश में मुख्य फादर सुरेश ने कहा कि प्रभु यीशु पुण्य शुक्रवार क्रूस पर अपना बलिदान देकर समस्त मानव जाति को उसके पापों से उद्धार किया। उनका यह बलिदान ईश्वर के प्रति सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है। रविवार की रात वह जी उठे। इसी याद में ईस्टर मनाया जाता है।

# चार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातू प्रखण्ड क्षेत्र के चार स्थाई वारंटी को रविवार रात्रि गिरफतार कर जेल भेज दिया गया। बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि स्थाई वारंटी 1.धन्ना राम उर्फ लक्ष्मण राम 2. कैलाश राम, दोनो पिता स्व0 जपल राम उर्फ जयपाल राम, 3. कार्तिक राम, पिता स्व0 दासो राम, तीनों ग्राम नावाडीह, 4. गोलू उर्फ ज्योति प्रसाद, पिता कपिल प्रसाद साव उर्फ कपीलदेव साव, ग्राम बारियातु बस्ती निवासी, सभी थाना बारियातु जिला लातेहार अपना अपना घर आया हुआ है। जिसके आधार पर बालुमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजित कुमार सिंह के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया ।गठित टीम द्वारा उक्त सभी स्थाई वारंटी को उनके घर पर रविवार की रात्री लगभग ग्यारह बजे विधिवत किया गया तथा गिरफ्तार अभियुक्तो को जेल भेज दिया गया।

## चापाकल में पानी भरने को लेकर दो पक्षों में मारपीट दो घायल



**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के भाटचतरा ग्राम में शनिवार की रात्रि चापाकल में पानी भरने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष के शिवरतन भुइयां 25 वर्ष पिता मतलू भुइया एवं उसकी मां सरिता देवी पति मतलू भुइयां घायल हो गया। रविवार की सुबह दोनों घायल बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा। जहां चिकित्सक डॉ अमरनाथ प्रसाद द्वारा प्राथमिक इलाज की गई। वही शिवरतन भुइयां ने बताया कि घर के समीप चापाकल में पानी भरने एवं बहने वाले पानी को रोकने को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें उमेश भुइयां, राजेश भुइयां, अनीता देवी, मीना देवी, कीटवा भुइयां, संगीता देवी ने मुझे तथा मेरी मां सरिता देवी को लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया। घटना की सूचना बारियातू पुलिस को दे दी गई है।

## बारियातू पुलिस ने बरामद किया शव

**बारियातु (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत टोंटी से भाटचतरा जाने वाली ग्रामीण पक्की सड़क से लगभग 500 मीटर की दूरी पर स्थित भाटचतरा के चैनपुर जंगल से रविवार के सुबह 37 वर्षीय एक व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया। जंगल में शव मिलने से आस पास के क्षेत्रों में सनसनी फ़ैल गई है। प्रथम दृष्टिया शव को देखे जाने पर प्रतित होता है कि व्यक्ति को चाकू से गोदकर व डंडे से मार मार कर निर्मम हत्या की गई है। जहां शव को देखने आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। जंगल में शव होने की सुचना बकरी चराने गए चरवाहा एवं लकड़ी चुनने गए लोगों ने ग्रामीणों को दिया व बारियातु थाना को सुचित किया गया।सूचना पाकर बारियातु थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी, पुलिस अवर निरिक्षक दीपक नारायण सिंह, रवी कुमार सह दलबल एवं टोंटी पंचायत के पंसस मो होजैफा, समाजसेवी गौतम सिंह,धानेश्वर उरांव सहित कई समाजसेवी घटना स्थल पर पहुंचे। जहाँ पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया वही घटना स्थल से पुलिस ने खून से सना एक डंडा भी बरामद किया है। मृतक युवक के पैकेट में रखे आधार कार्ड से उसकी पहचान बारियातु बस्ती निवासी स्वर्ग पैरू भुईयां के 37 वर्षीय पुत्र लल्लू भुईयां के रूप में किया गया।

# समोसा बेचने वाले के बेटा का लगा रेलवे में नौकरी



**दिलीप कुमार @ बालूमाथ**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र के झाबर ग्राम के लोहरा टोली निवासी दिलीप साव के पुत्र जितेंद्र कुमार का रेलवे ग्रुप डी में नौकरी लगने से पूरे परिवार में हर्ष व्याप्त है। दिलीप कुमार साव बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने कई वर्षों से फुटपाथ पर समोसा व चाय की दुकान खोले हुए है। दिलीप ने बताया कि मेरा बड़ा पुत्र जितेंद्र कुमार ग्रुप सी एवं ग्रुप डी रेलवे भर्ती में दोनों की परीक्षा में सफल हुआ है। अभी ग्रुप डी के लिए वह नागपुर योगदान जाकर कर लिया है एवं ग्रुप सी का जॉइनिंग लेटर नहीं आने के कारण उसे अभी जोइनिंग नहीं किया है। दिलीप कुमार के दो पुत्र एवं एक पुत्री है। बड़ा पुत्र जितेंद्र कुमार उत्क्रमित उच्च विद्यालय जहां पर मैट्रिक की शिक्षा प्राप्त करने के बाद आईएससी उच्च विद्यालय बालूमाथ से किया। ग्रेजुएशन आनंदा कॉलेज हजारीबाग से किया। वही उसका छोटा पुत्र एवं पुत्री नवोदय विद्यालय लातेहार में अध्ययनरत है। दिलीप कुमार ने बताया कि आर्थिक स्थिति खराब होने के बावजूद भी हमारे सभी बच्चे अच्छे कर रहे हैं। वही जितेंद्र कुमार रेलवे में नौकरी लगने के बाद मां देवंती देवी अपने पुत्र को मिठाई खिलाकर स्वागत किया है।

# पुलिस की मिलीभगत से हर महीने पांच करोड़ लोहे का हो रहा है चोरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बालूमाथ थाना क्षेत्र में इन दिनों लोहा का चोरी धड़ल्ले से जारी है। पुलिस के सरंक्षण में चल रहे आधा दर्जन कबाड़ी दुकानदार, लोहा चोरी करा कर करोड़ों की बिजनेस कर रहे हैं। कबाड़ी दुकानदार इस अवैध धंधा का कारोबार पूरे सेटिंग वेटिंग के साथ कर रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बालूमाथ थाना अंतर्गत संचालित कबाड़ी दुकानों में बांग्लादेश एवं रोहांगीयो के लगभग 500 से ज्यादा लोगों को लाकर इस अवैध धंधे में लगा रखा है। बांग्लादेश एवं रोहंगिया के लोग अभिजीत ग्रुप द्वारा संचालित प्लांट एवम प्लांट के बाहर चकला से दामोदर तक लोहे का बिछाई गई पाइप लाइन से लोहा की चोरी करते हैं। प्रत्येक दिन 500 से 600 मोटरसाइकिल से पूरे रात लोहा का ढुलाई किया जाता है। लोहा का ढुलाई चकला से मकैया टांड, सिमरसोत, जोगियाडीह समेत बिभिन्न मार्गो से होते हुए कबाड़ी दुकान तक पहुंचाया जाता है।वही कबाड़ी ढोने वाले एक बांग्लादेशी ने बताया कि 1 दिन में हम लोगों द्वारा पूरे रात में 300 से 400 किलो तक मोटरसाइकिल लोहा का चोरी कर कबाड़ी में पहुंचाया जाता है एक बार में एक मोटरसाइकिल वाला लगभग 50 से60 किलो लोहा लाते हैं जिसे 26 से 30 रुपये प्रति किलो दुकानदार को बेचा जाता है जिसे कबाड़ी दुकानदार 35 से 38 रुपये किलो राजस्थान, यूपी व उड़ीसा के कबाड़ी प्लांटों में ट्रकों व पिकअप के माध्यम से भेजा जाता है बालूमाथ थाना क्षेत्र में प्रत्येक दिन 8 से 10 ट्रक लोहे का चोरी कर दिनदहाड़े बाहर प्लांट तक भेजा जाता है इस अवैध कारोबार में पुलिस का सरंक्षण प्राप्त है एक कबाड़ी दुकानदार ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि कबाड़ी चलाने के एवज में मोटी प्रत्येक महीना पुलिस को देते हैं एवं चोरी का लोहा ले जाने के लिए ट्रक से इंट्री दी जाती है। वह उसे भी मोटी रकम प्रति ट्रक, पिकअप अलग से पुलिस को दी जाती है। इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी से रविवार की शाम 5.20 बजे फोन कर उनका पक्ष जानने के लिए फोन किया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## शहीद अहीर बीरों की सहादत लहू मिट्टी को बैठक कर हर घर पहुचाने का लिया संकल्प



**हेरहंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड अंतर्गत सलैया पंचायत के यादव महासभा की कमिटी ने बैठक कर रेजांग्ला में शहीद अहीर बीरों की शहादत स्थल की लहू मिट्टी को नमन के लिए अहीर समाज के प्रत्येक घरों तक ले जाने का निर्णय लिया और कार्य क्रम को सफल बनाने के लिए कर्यकर्ताओ का चयन किया गाय चयनित किए गए लोगों को प्रखण्ड सचिव श्री भोला यादव ने संबोधित कर कार्यक्रम के प्रति प्रेरित किया। उपस्थित प्रखण्ड कोषाअध्यक्ष रविन्द्र यादव, पंचायत अध्यक्ष दिलचन्द यादव, सचिव गोविन्द यादव, स्त्रवन यादव, जनेश्वर यादव भूषण यादव, केदार यादव, महादेव यादव, रंजित यादव, बिगन यादव, राकेश यादव, मोगल यादव, ललन यादव, मुकेश यादव, घनश्याम यादव कुलेश्वर यादव, कमलेश यादव, तथा अन्य लोग मौजूद रहे।

## उपायुक्त के निर्देश पर अवैध नकली शराब विक्रेताओं के विरुद्ध चलाया गया छापामारी अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर उत्पाद अधीक्षक शिव कुमार साहू के नेतृत्व में कान्हाचट्टी प्रखंड के राजपुर क्षेत्र में अवैध नकली शराब विक्रेताओं के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में उत्पाद अधीक्षक द्वारा जानकारी दी गई की जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड के राजपुर में अवैध रूप से नकली शराब का कारोबार किया जा रहा है कि गुप्त सूचना मिली थी। इस गुप्त सूचना के आधार पर उस क्षेत्र में मेरी उपस्थिति में अवर निरीक्षक उत्पाद निर्मल मरांडी एवं शस्त्र बल के साथ छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान रामचरित दांगी के 22 वर्षीय पुत्र के किराना दुकान से नकली क्क्7 375एमएल का 20 बोतल, 180 एमएल का 12 बोतल, ग्लेडियस लिमोनी 180 एमएल 39 बोतल, मैगडॉल्स नंबर1 375 एमएल 16 बोतल, 180 एमएल के 19 बोतल को जब्त किया गया है। साथ ही संलिप्त लोगों के ऊपर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# चतरा मुठभेड़ में शामिल जवानों व अधिकारियों को किया सम्मानित महानिदेशक डिस्क और प्रशंसा पत्र देकर बढ़ाया हौसला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सीआरपीएफ के महानिदेशक डॉ सुजय लाल थाउसेन दो दिवसीय झारखंड दौरे के क्रम में चतरा मुठभेड़ में शामिल 33 पदाधिकारियों-कर्मियों का हौसला बढ़ाया। हजारीबाग के बरही स्थित 203 कोबरा बटालियन में शनिवार को आयोजित सम्मान समारोह में डीजी सीआरपीएफ डॉ थाउसेन ने सभी 33 पदाधिकारियों-कर्मियों को डीजी डिस्क व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। मुठभेड़ की यह घटना चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के नौडीहा जंगल में तीन अप्रैल की सुबह हुई थी। तब उक्त मुठभेड़ में पांच इनामी नक्सली मारे गए थे, जिनमें 25-25 लाख रुपये के दो इनामी सैक सदस्यों के अलावा पांच-पांच लाख रुपये के इनामी तीन सब जोनल कमांडर शामिल थे। डीजी सीआरपीएफ ने अपने संबोधन में उक्त अभियान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह अभियान झारखंड में चल रहे नक्सल विरोधी अभियानों के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। अभियान के दौरान जवानों ने जिस साहस व समर्पण से अपनी जान की परवाह किए बगैर नक्सलियों का डटकर सामना किया, यह देश सेवा की अप्रतिम मिशाल है। मौके पर डीजीपी रेंज बोकारो दिलीप कुमार चौधरी सहित कोबरा 203 के कमांडेंट राजीव कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी गौरव कुमार, उप कमांडेंट विक्रांत कुमार, सहायक कमांडेंट प्रकाश कुमार द्विवेदी, रवि किरण गुर्राम, इंस्पेक्टर (जीडी) जेफरी हेमिंगचुल्हो, निल्मय सांग, राहुल कुमार, एचसी (आरओ) प्रदीप कुमार, संजीव रंजन सिंह, सीटी (जीडी) अजय कुमार, देवेंद्र कुमार, आदर्श ओझा, कृष्ण कुमार नायक, संजय चौहान, ई मारुति, सतीश कुमार मुंडा, विकेश कुमार सिंह, आदित्य राज, चिरंजीवी पार्टी, जी महेश नायडू और झारखंड पुलिस के आईजी (ऑपरेशन) होमकर अनमोल वेनुकांत, डीआईजी नरेंद्र कुमार सिंह, चतरा एसपी चतरा राकेश रंजन, एसडीपीओ सिमरिया अशोक रविदास, सब इंस्पेटर बजरंग उराव, रोहित साव, रामाशीष शुक्ला, बमबम कुमार, वीरेंद्र यादव और प्रकाश कुमार यादव मौजूद थे।

## रेलवे के द्वारा किया गया ब्लास्टिंग से क्षेत्र में मची अफरा-तफरी

**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रेलवे शिवपुर साइडिंग के करीब रेलवे लाइन निर्माण कार्य में पत्थरों को तोड़ने के लिए किया गया भारी विस्फोट। किए गए ब्लास्टिंग से हुए उच्च तीव्रता के कारण आस पास के लगभग 5 किमी कि दूरी तक भी काफी जोरदार सुनाई दिया। इस प्रकार के जानलेवा ब्लास्टिंग होने से अगल बगल के ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोग घरों से घबरा कर बाहर निकल आए। सूत्रों के अनुसार घटनास्थल के आसपास कबरा, हांडू, शिवपुर, नौडीहा व अन्य गांवों के कई घरों के दीवारों में इस ब्लास्टिंग से दरार आ गया है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला परिषद सदस्या देवंती देवी ने जिला प्रशासन से ऐसे तीव्रता वाले विस्फोटक इस्तेमाल करने वाले संवेदक पर कार्रवाई करने की मांग करते हुए लोगों के जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई हैं।

# पत्रकार साजिद के साथ मारपीट में हाथ में लगी चोट, कैमरा भी तोड़ा

- जमीनी मामले में लड़ाई का कर रहे थे वीडियो संकलन, विपक्षियों ने किया प्रहार
- रिपोर्टर के साथ हुई मारपीट की घटना में, पत्रकार आक्रोशित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/लावालौंग :** लावालौंग थाना क्षेत्र के कोलकोले गाँव में जमीनी मामले को शांत कराने में प्रभात मंत्र के लावालौंग प्रखण्ड पत्रकार मो साजिद पर मौजूद लोगों ने प्रहार कर दिया जिससे मो साजिद का दाहिना हाथ में गंभीर चोट आई है और वीडियो कवर करने के दौरान लोगों ने कैमरा तोड़ दिया है। जानकारी के अनुशार लावालौंग निवासी क्युमुद्दीन अंसारी, न्यूमुद्दीन अंसारी, मो माजिद अंसारी, नसीम अंसारी का पैतृक जमीन कोलकोले गाँव में मुख्य सड़क पर है लगभग 80 डिसमिल जमीन है। जिसपर बिचौलियों का नजर लगी हुई थी। इसी क्रम में कोलकोले गाँव से सुचना प्राप्त हुआ था कि आप सब के जमीन पर कुछ लोग बाजबरन रात के अंधेरे में घर निर्माणा कर रहें हैं। इसकी जांच को लेकर उक्त सभी लोग कोलकोले गये हुए थे। जहां घात लगाए हुए अपराधियों ने चारों पर हमला कर दिया। इसकी सूचना जब पत्रकार साजिद को मिली तो खबर संकलन को लेकर कोलकोले घटना स्थल पर पहुंचे और वीडियो बनाने लगे इसी क्रम में कोलकोले गाँव निवासी मो.खतीब, मो.मोकतार,मो. एकराम, मो.शब्बू, गुड्डू अहमद, मो.आरिफ, मो.अमीर, एहसान ऊर्फ पाटो सुल्तान,इरशाद ऊर्फ गढ़न, खुर्शीद आलम, मो.हफीज, मो.हसीब ने पत्रकार पर हमला बोल दिया जिससे पत्रकार का दाहिना हाथ में काफी गम्भीर चोट आई हैं। साथ हीं कैमरा को भी चूर चूर कर दिया।घटना को लेकर मो साजिद ने पुलिस अधीक्षक चतरा से जांच कर आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार

# मयूरहंड प्रखंड कुशवाहा समाज के निर्विरोध प्रखंड अध्यक्ष बने अनिल भारती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** चतरा जिला कुशवाहा समाज कमिटी के दिशा निर्देश पर रविवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित विवाह मंडप में मयूरहंड प्रखंड के कुशवाहा समाज कमेटी का गठन किया गया।झारखंड मुक्ति मोर्चा मयूरहंड प्रखंड अध्यक्ष नीरज प्रसाद महतो उर्फ मनोज दांगी की उपस्थिति में व करमा पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी श्री सर्जन प्रसाद दांगी की अध्यक्षता व समाजसेवी बाबूलाल दांगी उर्फ बासुदेव दांगी के संचालन में कुशवाहा समाज का बैठक किया गया।बैठक में कुशवाहा समाज के उत्थान को लेकर विशेष चर्चा किया गया। बैठक में सोकी, ढेबादौरी, हुसिया, सरगांव पेटादेरी, ढोढी, नदियापर, परोरिया से आए समाज के सम्मानित सदस्यों के द्वारा प्रखंड कमेटी का गठन किया गया।ज्ञात हो कि चतरा जिला के विभिन्न प्रखंडों में कुशवाहा समाज प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन मतदान प्रक्रिया से किया जा चुका है। मयूरहंड कुशवाहा समाज प्रखंड के मिट्टी का गठन नहीं हो सका था लेकिन रविवार को समाज के प्रबुद्ध लोग मयूरहंड स्थिति विवाह मंडप पहुंचे और मतदान प्रक्रिया व्यवस्था के जगह समाज के प्रबुद्ध लोगों ने सर्वसम्मति से बेलखोरी गांव निवासी अनिल भारती को मयूरहंड प्रखंड कुशवाहा समाज कमेटी अध्यक्ष के रूप में चयन किया।तो वहीं बारी बारी से फिर प्रखंड स्तरीय कुशवाहा समाज कमेटी के संरक्षक देवनारायण दांगी, उपसंरक्षक सर्जन प्रसाद दांगी, उपाध्यक्ष बिल्टु दांगी, कोषाध्यक्ष बिनोद दांगी सचिव डीएन प्रसाद मेहता और मीडिया प्रभारी जय शंकर प्रसाद वर्मा के रूप में समाज के प्रबुद्ध लोगों के द्वारा निर्विरोध चुना गया।कुशवाहा समाज के द्वारा निर्विरोध चुने गए प्रखंड कमेटी के सभी निर्वाचित सदस्यों को मयूरहंड ग्राउंड में भव्य स्वागत किया जाएगा और इसकी तैयारियां भी जोर-शोर से शुरू कर दी गई है।बैठक में मुख्य रूप से शिक्षक विजय दांगी,द्वारिका प्रसाद मेहता शिवदयाल दांगी सेकेन्द्र मेहता ओम कोचिंग सेंटर के संचालक विरेंद्र कुमार वर्मा पप्पु दांगी समेत समाज के करीब 200 लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### हिरन को ग्रामीणों ने वनाधिकारियों को सौंपा

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत गोविंदपुर पंचायत के तेतरिया ग्राम से सटे जंगल के किनारे जंगल से भटककर हिरन आ गया । गाँव से सटे जंगल के किनारे महुआ चुनने वाले ग्रामीणों ने देखा कि कुत्तों का झुंड हिरन के पीछे पड़ा है,कुत्तों को भगाते हुए ग्रामीणों ने हिरन को बिहारी महतो को सौपा,बिहारी महतो ने इसकी जानकारी गाँव के तमाम लोगो को दी और हिरन को सुरक्षित अपने गोहाल में बाँध कर रख दिया । इसके पश्चात वनरक्षी असलम अंसारी ने बताया कि गाँव के उमेश कुमार ने हिरन की बात की जानकारी दी । जिसकी सूचना मिलते ही मैं होम गार्ड के दो जवानों के साथ बताए गए स्थान से हिरन को कब्जे में लेकर भागने के क्रम में हिरन को लगी चोट का विष्णुगढ़ पशु चिकित्सालय में डॉ0 सरोज की देखरेख में हिरन को लगी चोट का इलाज कराया। वनरक्षी असलम अंसारी ने बताया कि कोटरा ( बार्किंग डियर ) की चोट गंभीर नही है,इसके बाद वाइल्ड लाइफ के हज़ारीबाग नेशनल पार्क में हिरन को वनाधिकारियों की निगरानी में सुरक्षित छोड़ा जायेगा ।



### स्मारिका विमोचन के साथ सॉफ्टेक के रजत जयंती का हुआ आगाज़

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को हजारीबाग रोड यूनियन बैंक के ऊपरी तल्ला पर संचालित राष्ट्रीय कंप्यूटर साक्षरता मिशन की अधिकृत इकाई सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन के जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ स्मारिका विमोचन के साथ हुआ । कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षक राजेंद्र रुखरियार, वरिष्ठ पत्रकार जावेद इस्लाम, डीएवी के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह, शिक्षक डी के सिंह, भामाशाह सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय, आईलेक्क्स पब्लिक स्कूल के निदेशक सह प्राचार्य शैलेश कुमार, डॉ बी आर अम्बेदकर स्कूल मलकोको के प्राचार्य गुलाब कुमार दास, शिक्षक सूरज दास, शंकर दास, सहायक अध्यपक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे, प्रखंड अध्यक्ष मनोज घोष, एलआईसी के एमडीआरटी इंद्रदेव यादव, प्रसिद्ध व्यवसाई मनोज केसरी, सहायक अध्यापक मो सनौवर, रंजीत सिंह, नवरत्न प्रसाद आदि बतौर शिक्षाविद शामिल हुए । कार्यक्रम निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में और केंद्र प्रबंधिका रूमी कुमारी के संचालन में हुआ । अपने स्वागत भाषण में केंद्र निदेशक ने कहा कि सन 1997 में मात्र दो कंप्यूटर और चार विद्यार्थियो से प्रारंभ हुए इस संस्थान ने आज तक करीब 3000 विद्यार्थियो को कंप्यूटर प्रशिक्षित किया है । जिसमे करीब 600 लड़कियां, 50 गृहणियां, 200 उद्यमी और 100 सरकारी कर्मी और अधिकारी शामिल है । जिसके कई छात्र सरकारी और गैरसरकारी सेवाओं के साथ विदेशो में भी कार्यरत है । पचास प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी स्थानीय स्तर पर व्यवसाय कर जीविकोपार्जन कर रहे है । उन्होंने बताया की बरही को डीजिटल साक्षर करना उनका मुख्य लक्ष्य है इसमें करीब 25 से 27 फीसदी प्राप्ति हुई है । कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने सॉफ्टेक के योगदान की चर्चा करते हुए बरही के लिए वरदान बताया। साथ ही हर संभव डिजिटल साक्षरता अभियान में सॉफ्टेक का साथ देने की बात कही । कार्यक्रम सफल बनाने में केंद्र के गणेश कुमार दास, बैजनाथ महतो, सबिता कुमारी, भोला कुमार आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । मौके पर आईलेक्स के खुशी कुमारी, दीप ज्योति, शिवेश दीप आदि विद्यार्थी भी मौजूद थे ।



### रामगढ़ जिला में होगा आरबीएसएस का विस्तार : धनंजय कुमार पुटूस

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को रामगढ़ पुराना सदर अस्पताल के निकट स्थित आरबीएसएस के प्रधान कार्यालय में रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अमर मुंडा, संचालन श्रीधर सिंह व धन्यवाद ज्ञापन समापन पिंटू मालाकार ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि आरबीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस उपस्थित हुए। बैठक में धनंजय कुमार पुटूस ने उपस्थित सदस्यों से संगठन द्वारा पूर्व में किये गए कार्यों की रिपोर्ट ले समीक्षा की, एवं संगठन विस्तार पर चर्चा की। धनंजय कुमार पुटूस ने बताया की आरबीएसएस की विश्वसनीयता लोगों में तेजी से बढ़ रही है, इसी को देखते हुए जल्द ही पूरे जिले में पंचायत स्तर तक कमेटी का विस्तार किया जाएगा। जिसमे साफ छवि के शिक्षित लोगों को संगठन से जोड़ा जाएगा तथा सभी को साथ लेकर रामगढ़ जिला की बेहतरी के लिए कार्य किया जाएगा।बैठक में विजय दुबे, अजय राम,अमित पटेल,गोलू पांडे,अमित गुप्ता, सुमित वर्मा,रवि मोदी, केदार महतो आदि उपस्थित हुए।



# अखाड़ाधारियों को हरसंभव मदद की जाएगी : कुणाल यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** हज़ारीबाग़ की ख्यातिपूर्ण और ऐतिहासिक रामनवमी जुलूस-2023 को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांति और अमन के साथ संपन्न कराने के लिए रामनवमी महासमिति 2023 के अध्यक्ष कुणाल यादव ने हज़ारीबाग के सभी अखाड़ा धारी, क्लबों के सदस्यों, आम- आवाम, रामभक्त, सद्भावना से जुड़े लोग, समाजसेवी, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, रामनवमी महासमिति के लोग, विभिन्न सामाजिक संगठन और प्रेस-मीडिया के लोगों को बहुत-बहुत बधाई दीया है । ज्ञात हो कि कुणाल यादव ने रामनवमी से पूर्व ही सभी अखाड़ा और क्लबों के बीच पहुंचकर उनसे सौहार्दपूर्ण वातावरण में नशामुक्त और आपसी विवाद के बगैर शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी जुलूस निकालने का आग्रह किया था। जुलूस के दौरान शुरुआत से लेकर समापन तक खुद रामनवमी महासमिति के लोग के साथ कुणाल यादव सड़कों पर डटे रहे और रामभक्तों और श्रद्धालुओं के साथ पारंपारिक लाठी- तलवार पर कौशल प्रदर्शन कर उनका उत्साहवर्धन भी किया । श्री कुणाल के अथक प्रयास से हजारीबाग रामनवमी 2023 की परंपरा वर्तमान वर्ष पूरे उत्कर्ष और वैभव पर दिखा और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

इसके लिए बड़ी संख्या में हजारीबाग के तमाम राम भक्तों एवं उनके समर्थक सोशल मीडिया पर उनके प्रयास की तारीफ़ करते हुए उन्हें धन्यवाद और साधुवाद भी दिया । कुणाल यादव ने कहा कि हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी की परंपरा में अड़चन डालने के लिए तमाम प्रकार की कोशिशें की गई लेकिन हजारीबाग के अमनपसंद लोगों ने कुत्सित मंशा पर पानी फेर दिया और पूरे वैभव के साथ पारंपारिक तरीके से रामनवमी जुलूस- 2023 को संपन्न करके एक नया इतिहास रचने का काम किया है । सबसे महत्वपूर्ण बिंदु को श्री कुणाल ने प्रेस वार्ता करते हुए संबोधित किया कि किसी भी अखाड़ा धारियों को बहुत ज्यादा डरने या घबराने की बात नहीं है , महासमिति का अध्यक्ष हमें सभी अखाड़ाधारी मिलकर चुने हैं तो मैं राम भक्तों को भरोसा दिलाता हूं कि हम उनके साथ हम तब भी खड़े थे , आज भी हैं और आगे भी खड़े रहेंगे । श्री कुणाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि चूंकि हमने या घोषणा भी किया था की अखाड़ाधारियों को अगर रामनवमी से संबंधित कोई मामला होगा तो मैं पूर्ण रूप से कानूनी सहायता प्रदान करूंगा।



### हनुमान मंदिर समिति अरगड्डा सदस्यों ने सांसद चंद्र प्रकाश को यज्ञ में किया आमंत्रित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा हनुमान मंदिर के सदस्यों के द्वारा गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी से मुलाकात कर यज्ञ अनुष्ठान में आमंत्रित किया गया। यह यज्ञ जीपी कैंप में आगामी 14 अप्रैल से 21 अप्रैल तक 8 दिवसीय चलने वाला हैं। इसमें भक्तों के द्वारा मां काली, मां बंगलामुखी, मां कात्यायनी और शिव परिवार की प्रतिमाओं को मंदिर स्थलों पर स्थापित किया जाएगा। मौके पर हनुमान मंदिर समिति व यज्ञ समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी विष्णुगढ़ प्रखंड कमिटी की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** आजसू पार्टी विष्णुगढ़ प्रखंड कमिटी की बैठक +2 उच्च विद्यालय में कई गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल तथा संचालन कोषाध्यक्ष दिपु अकेला ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष लिलो महतो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला सचिव रंजीत गुप्ता की मौजूदगी रही।

बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाउपाध्यक्ष लिलो महतो ने कहा की 13 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम समाजिक न्याय मार्च में विष्णुगढ़ प्रखंड से सेकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहेगी, और वर्तमान सरकार के किलाफ में पोल खोलने का काम करेंगे।

साथ जिला सचिव रंजीत गुप्ता ने कहा कि हेमन्त सोरेन ने चुनाव पूर्व झारखण्ड की जनता से अनेको वादे किए जिनमे साढ़े तीन साल के कार्यकल एक भी पूरे नही हुए । ये सरकार झूठे वादों की सरकार है,हेमन्त सरकार सिर्फ जनता को बरगलाने के काम मे माहिर है । आजसू पार्टी पूरे दमखम से सरकार को उसके कुकृत्य को उजागर करते हुए,जनता के समक्ष रखने का काम करेगी।



### आदिवासी छात्र संघ ने मुंडा पट्टी में सरहुल मिलन को लेकर की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** आदिवासी छात्र संघ के द्वारा रविवार को सिरका मुंडा पट्टी में सरहुल पूजा तैयारी को लेकर बैठक आयोजित किया गया। बैठक में आगामी 24 अप्रैल को अरगड्डा सामुदायिक भवन के प्रांगण में सरहुल मिलन समारोह सफलता के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के बारे में मंथन किया गया। अवसर पर अशोक करमाली ने कहां कि सरहुल मिलन में आदिवासी समाज की एकजुटता दिखेगीं। समाज के लोगों से 16 अप्रैल के रामगढ़ सरहुल में भी शामिल होने और मिलन समारोह में तन- मन- धन से सहयोग देने की अपील किया। बैठक की अध्यक्षता अमर मुंडा व संचालन सालुका मुंडा ने किया। मौके पर मुख्य रूप से अशोक करमाली, विश्वनाथ मांझी, राम टहल मुंडा, राजा राम उरांव, फगन देवी, सुनीता देवी, शिबू देवी, सबिता कुमारी, पूर्णिमा तिग्गा, मानी कुमारी, विनोद उरांव, सिकंदर मुंडा, विष्णु मुंडा, महेंद्र उरांव आदि मौजूद थे।



## पुलिस पदाधिकारियों का तबादला रामगढ़ थाना प्रभारी बने रोहित कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला के विभिन्न थाना व ओपी प्रभारियों का स्थानंतरण किया गया है. पतरातू पुलिस निरीक्षक रोहित कुमार महतो को पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रामगढ़ बनाया गया है। पुनि सुशील कुमार जो पुलिस केंद्र रामगढ़ में थे वे पुलिस निरीक्षक पतरातू बने हैं। यातायात थाना प्रभारी विपिन कुमार को पुलिस निरीक्षक मांडू बनाया गया है। पुनि रविंद्र प्रसाद को यातायात थाना प्रभारी बनाये गये हैं। वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी विनय कुमार को कुजू ओपी का प्रभारी बनाया गया है। बरलंगा थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह पतरातू थाना प्रभारी बने हैं। मांडू थाना प्रभारी अनंत कुमार सिंह को बरलंगा थाना प्रभारी बनाया गया है। रामगढ़ थाना में कार्यरत अवधेश कुमार को मांडू थाना प्रभारी बनाया गया है। पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार का स्थानांतरण रामगढ़ थाना कर दिया गया है । कुजू ओपी प्रभारी बलवंत दुबे वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी बनाये गए है। भदानीनगर ओपी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल प्रभारी डीसीबी शाखा पुलिस कार्यालय रामगढ़ बने हैं। भुरकुंडा ओपी में कार्यरत राजदीप कुमार भदानीनगर का ओपी प्रभारी बने है।



## दहेज उन्मूलन समिति महासभा के 97वें अधिवेशन में दूसरे दिन उदय भान नारायण सिंह हुए शामिल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत ग्राम कटियोन में दहेज उन्मूलन समिति महासभा उत्तरी छोटानागपुर झारखंड का 97वें अधिवेशन के दूसरे दिन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज परिवार से स्व. बसंत नारायण सिंह के पोते उदय भान नारायण सिंह उपस्थित हुए। इस दौरान उन्हें माला और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। राज परिवार के स्व बसंत नारायण सिंह का वर्षगांठ पर अपने दादा के साथ पूर्व के सभा पति के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। उदय भान नारायण सिंह ने अपनी बातो में युवाओं को जोश भर दिया जिससे पूरा हाऊस तालियों से गूंज उठा। इस कार्यक्रम में संरक्षक व पुर्व सभापति अवधेश सिंह ने कहा कि समाज को चलाने के लिए बर्दास्त करने की क्षमता होनी चाहिए। क्षत्रीय का अर्थ होता है छत्रछाया देना। गोपाल सिंह ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए हमे जितनी भी समय देना पड़े, मैं तैयार हूं बस समाज के सभी सदस्यों का सहभागिता जरूरी है। मौके पर मुख्य अतिथि उदय भान नारायण सिंह, क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष गोपाल सिंह, युवा अध्यक्ष राज सिंह चौहान संरक्षक अवधेश सिंह, पंचायत समिति सदस्य विकास सिंह, तीन दिवसीय कार्यक्रम के अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह, व्यवस्थापक समिति के अध्यक्ष सिद्धेश्वर सिंह, सचिव बसंत सिंह, कोषाध्यक्ष दिनेश्वर सिंह संरक्षक लक्ष्मी नारायण सिंह, सदस्य दिगंबर सिंह, सुजीत सिंह, कृष्णा सिंह, मिथलेश सिंह, धीरेंद्र सिंह, टीचर संजय सिंह, संजय सिंह, रामलखन सिंह, कन्हाय सिंह, सुखदेव सिंह, रविंदर सिंह, मंटू सिंह, केदार सिंह, जगदीश सिंह, उमेश सिंह, दिनेश्वर सिंह, उदय प्रताप सिंह, रामचंद्र सिंह, इशो सिंह, सतेंद्र सिंह, प्रभु नारायण सिंह, कैलाश पति सिंह, बिनोद सिंह, त्रिभुवन सिंह, राकेश सिंह, भोला सिंह, शम्भू सिंह, मनोज सिंह, सकलदेव सिंह, प्रमोद सिंह, बच्चू सिंह, प्रदुमन सिंह, अजय सिंह, देवेंदर सिंह आदि उपस्थित रहें।

### 13 अप्रैल को आजसू पार्टी की समाजिक न्याय मार्च



**गिददी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी प्रखंड डाड़ी सदस्यों के द्वारा रविवार को बैठक कर आगामी 13 अप्रैल को सामाजिक न्याय मार्च कार्यक्रम में मौजूदा सरकार के पोल खोल का निर्णय लिया गया। आजसू के वक्ताओं ने किसान मजदूर इंटर कॉलेज गिद्दी सी के प्रांगण से मौजूदा सरकार के द्वारा चुनाव के पूर्व वादा करने के बाद नहीं निभाने के बारे में लोगों को बदलाने। इसके अलावे एकजुटता का परिचय देते हुए आगामी 13 अप्रैल के सामाजिक न्याय मार्च को सफल बनाने के लिए सैकड़ों की तादाद में डाड़ी के सभी पंचायतों से शामिल होने की बात कहीं गई। इसमें निर्मल महतो पार्क हजारीबाग से उपायुक्त कार्यालय तक पैदल मार्च करने और डीसी को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया। बताया गया कि यह मार्च बिल्कुल ऐतिहासिक होगा। जिसका परिणाम आगे दिखाई पड़ेगा। बैठक की अध्यक्षता आजसू प्रखंड अध्यक्ष भुनेश्वर महतो व कोषाध्यक्ष विनोद किस्कू ने की। जबकि मुख्य रूप से आजसू के जिला प्रधान सचिव कपिलदेव महतो, जिला सह सचिव अर्जुन महतो, कार्यकारिणी अध्यक्ष मोहनलाल महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश महतो, बलबीर प्रजापति, संजीत प्रजापति, धनेश्वर महतो, मिथुन महतो, अरुण भुईयां, नारायण महतो समेत कई सदस्य मौजूद थे।

### एनटीपीसी मजदूर यूनियन की बैठक




**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनटीपीसी मजदूर यूनियन एटक की साप्ताहिक बैठक यूनियन कार्यालय पीटीपीएस पतरातू में हुई। अध्यक्षता भाकपा अंचल सचिव मनोज कुमार महतो ने किया। बैठक में मजदूरों की समस्याओ एवं स्थानीय युवाओं को रोजगार को लेकर आगामी मई माह को एक दिवसीय धरना पर चर्चा की गई। वही मनोज कुमार महतो ने कहा की धरना को सफल बनाने के लिए सभी मजदूरों एवं स्थानीय बेरोजगार युवाओं को गोल बंद किया जाएगा। कार्यरत मजदूर अपने बैरक मे जाकर प्रचार-प्रसार करेंगे। साथ ही आसपास के सभी गांव में जाकर यूनियन प्रचार भी करेगी। मौके पर रमेश महतो,मनोज मुंडा,किशोर कुमार महतो,संतोष मुंडा,ओम प्रकाश साहू,नरेश बेदीया,उमेश महतो,जयनंदन महतो,सुरेंद्र महतो, विनय कुमार गुप्ता,उमेश करमाली, मनीष बेदीया,सनी लाल बेदिया,नरेश कुमार सिंह,दीपक पांडे,सनी कुमार, धनेश्वर महतो,राहुल,महेश कुमार, प्रभु महतो,ओम कुमार आदि उपस्थित थे ।

## चुंबा में अंबेडकर जयंती को लेकर अनुसूचित जाति उत्थान परिषद ने किया दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** चुंबा के लुकैया में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 14 अप्रैल जयंती समारोह मनाने को लेकर अनुसूचित जाति उत्थान परिषद के जिला रामगढ़ टीम ने दौरा किया। इसके पश्चात एक बैठक अनुसूचित जाति उत्थान परिषद के जिला रामगढ़ अध्यक्ष मनोज राम के अगुवाई में हुई। जबकि संचालन अमित कुमार दास ने किया। सभी वक्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि भारत रत्न भीमराव जी के 14 अप्रैल जन्मोत्सव को धूमधाम के साथ समाज के लोग मनाएंगे। अवसर पर उत्थान परिषद के जिला अध्यक्ष मनोज राम ने कहां कि बाबा साहेब को समय- समय याद करना समाज में एकजुटता और इसके निर्माण की गति तेज होने का एक संदेश देता हैं। इसमें हम सभी मिलकर बाबासाहेब के विचारों के साथ आगे बढ़ने की शपथ लेते हैं। बैठक में अमित राम, मांडू प्रखंड अध्यक्ष विजय नायक, मंझिला चुंबा पंचायत समिति सदस्य महेंद्र दास, सत्येंद्र कुमार, राजेंद्र रवि, जयलाल रविदास, शशि कुमार, इंजीनियर जितेंद्र कुमार, रामसकल रविदास, अशोक रविदास, दिलीप, पुनीत, ललन, इंदर, विकाश, आशीष, ललित, सूबेदार, शिवा, रंजीत, योगेंद्र, कुंदन, बुद्धेश्वर, बादल, प्रवीण, प्रिंस समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।



## कटिया में ब्रह्मकुमारी संचालन समिति ने किया एक दिवसीय मेडिटेशन कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** ब्रह्मकुमारी संचालन समिति की ओर से पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय मेडिटेशन सह उद्घाटन सत्र का आयोजन कटिया मिडिल स्कूल में संपन्न हुआ है। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद राजाराम प्रसाद के द्वारा किया गया !

कार्यक्रम में संस्था की ओर से बीके शिखा दीदी ने अपने उद्बोधन में लोगों को समझाया की आज के युग में सबसे बड़ी विपदा यह है की मनुष्य और मनुष्य में प्रेम और सद्भावना नहीं है यही कारण है कि सर्वत्र घृणा भय और संदेह का माहौल है। राम चरित्र मानस के अनुसार सुमति में संपदा होती है कुमति से विपदा आती है।आज के जीवन में मेडिटेशन का क्या वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक महत्व है इसकी विस्तृत जानकारी सभी को दी गई। कार्यक्रम में संस्था की ओर से बीके रामदेव ने यह सूचना दी की प्रातः6से 9एवं संध्या 5-00 से 7-00 तक मेडिटेशन का निशुल्क प्रशिक्षण पथ संख्या 8 मैं नियमित दी जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ कटिया मिडिल स्कूल की छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत एवं गणेश वंदना पर नृत्य प्रस्तुत कर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मानव जीवन में शांति लाने का प्रयास करना इस कार्यक्रम में क्षेत्र के काफी लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।स्थानीय स्तर पर ब्रह्मकुमारी संचालन समिति की ओर से प्रमुख रूप से किशोर कुमार महतो,प्रिय नाथ मुखर्जी, बैजनाथ राय,चंदन कुमार,अमित कुमार,पूर्व मुखिया राहुल रंजन,वीरेंद्र झा,दिलीप सिंह,राजू कुमार, पत्रकारिता जगत से संजय कुमार सिन्हा,भाजपा से प्रदीप कुमार महतो,अनिल राय,महावीर अग्रवाल, किशोर प्रसाद इत्यादि उपस्थित थे।




प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी का आरोपी हिरासत में

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कटकमसांडी थाने में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार मो शकील ने हजारीबाग पेलावल अंतर्गत ग्राम पबरा निवासी मो ईनायत अली को नौकरी दिलाने के नाम पर साढ़े दस लाख रूपया के ठगी के आरोपी बोकारो निवासी मो मतीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उक्त आशय की जानकारी थाना प्रभारी उत्तम कुमार ने मीडिया को दी।

## पतरातू थाना में नए प्रभारी के रूप में रघुनाथ सिंह ने पदभार ग्रहण किया

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतरातू थाना में नए प्रभारी के रूप में रघुनाथ सिंह ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की पतरातू क्षेत्र से अपराध को मिटाना है मेरा प्रथम लक्ष्य है। उन्होंने आगे कहा कि जितने भी अपराधिक मनोवृति के लोग इस क्षेत्र में रहते हैं वह अपराध का रास्ता छोड़कर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करें इसी में उनकी भलाई है।

## छः घंटा अखंड कीर्तन बाबा नाम केवलम का आयोजन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विद्या नगर में 6 घंटा अखंड कीर्तन बाबा नाम केवलम का आयोजन हुआ। इसमें साधक भाव-विभोर हुए। कीर्तन में हज़ारीबाग़, रामगढ़, चतरा, कोडरमा, पदमा, इचाक, जलमा इत्यादि से सैकड़ों महिलाओं, बच्चो और पुरुषों ने भाग लिया और आध्यात्मिक लाभ उठाया।यह कार्यक्रम प्रमोद के घर पर हुआ।चरम निर्देश में सभी साधकों ने यम-नियम का सख्ती के साथ पालन करने का संकल्प लिया।स्वाध्याय के उपरांत आनंद मार्ग के गया डायोसीज़ सचिव महिला अवधूतिका आनंद लघिमा आचार्या ने अध्यात्म पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जब भौतिक मन सुक्ष्मता के चरम बिन्दु पर पहुंचता है, तो उसे मानसिक ज्ञान कहते हैं। यहां से मानसिक ज्ञान का मूल्य आरंभ होता है एवं जब मानसिक ज्ञान सुक्ष्मता के चरम बिंदु पर पहुंचता है तब वह आध्यात्मिकता के संपर्क में आता है।

## नेक्सजन किड्स इंटरनेशनल ने मनाया छठा वार्षिकोत्सव

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेक्सजन किड्स इंटरनेशनल स्कूल बरही का छठा वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, विद्यालय के संरक्षक परमेश्वर यादव, निदेशक संतोष यादव, समाजसेवी अशोक यादव एवं युगल यादव ने संयुक्त रूप से दीपं जलाकार किया। इस अवसर पर छोटे छोटे बच्चो के द्वारा एक से बढ़कर एक गीत संगीत नृत्य की प्रस्तुति देकर उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। मौके पर वार्षिक परीक्षाफल भी घोषित किया गया। अपने अपने कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले बच्चो को मेडल एवं रिपोर्ट कार्ड देकर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। मौके पर बच्चो ने नाटक का मंचन कर भी समाज को संदेश दिया। कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा की शिक्षा ही आज के समय सबसे बड़ी पूंजी है। नेक्सजन किड्स इंटरनेशनल स्कूल छोटे छोटे बच्चों की निखारने का काम कर रहा है।

## भाजपा ने सचिवालय घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड प्रदेश की जनता के साथ छलावा करने वाली, झूठी, बहरी, गूंगी झारखण्ड मुक्ति मोर्चा सरकार के विरोध में दिनांक 11/04/2023 को भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित रांची में झारखण्ड सरकार के सचिवालय घेराव कार्यक्रम की सफलता के लिए चिरकुण्डा शहीद चौक पर मानव श्रृंखला बना कर, झंडा- बैनर के साथ ग्रामीण भाजपा धनबाद के जिला उपाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने रांची चलने की अपील की। कार्यक्रम में जिला मंत्री अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि धीरज सिंह, मंडल अध्यक्ष बापी सेन गुप्ता, महामंत्री जगरनाथ सिंह, अभिषेक दास, उपाध्यक्ष सुनीता देवी, मून विलियम, नन्दलाल कुमार, पार्षद सुशील चंद्रवंशी, प्रदीप गोराई, पूर्व मुखिया रिंटू पाठक, पूर्व पार्षद इरफ़ान खान, मदन शर्मा, संतोष सिंह, लक्ष्मण जी, रीना बैनर्जी, आज़ाद खान, पवन शर्मा, भोला पासवान, पप्पू रजक, राहुल मंडल, मुन्ना चौहान सहित सैकड़ो कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## झारखंड मे गठबंधन की सरकार हर मोर्चे पर विफल : चंद्रशेखर सिंह

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने आज सरायढेला स्थित होटल ट्रायोटेंल मे पत्रकार वार्ता किया। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद गठबंधन की सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। यह सरकार भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त है। इस निकम्मी सरकार मे विकास के सारे कार्य ठप हो चुके हैं। रघुवर दास की सरकार ने जो जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई थी। उन्हें भी रोक दिया गया। किसान सम्मान निधि पर रोक लगाई गई। उज्जवला योजना के चूल्हे पर रोक लगाई गई। महिलाओं के लिए एक रुपए में 50 लाख की संपत्ति की रजिस्ट्री पर रोक लगाई गई। हेमंत सरकार में खनिज संपदाओं की लूट हो रही है। ट्रांसफर पोस्टिंग का उद्योग चल रहा है। चुनाव पूर्व घोषणा में पांच लाख रोजगार देने की बात कही गई थी। वह वादा खोखला निकला। हत्या, बलात्कार, डकैती में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है। शिक्षित बेरोजगार युवकों को बेरोजगारी भत्ता देने की बात भी खोखली निकली। आदिवासी महिलाओं और पुरुषों के साथ भी जघन्य अपराध हो रहे हैं। उदाहरण के लिए रूपा तिर्की और रामेश्वर मुर्मू की हत्या। पानी बिजली स्वास्थ्य सेवा लचर हो गई है। पूरे झारखंड की जनता की निगाहें भाजपा की ओर है और जनता के भावनाओं के अनुरूप भारतीय जनता पार्टी 11 अप्रैल को रांची में सचिवालय घेराव का कार्यक्रम करके इस निकम्मी सरकार के खिलाफ शंखनाद करेगी। धनबाद जिला महानगर के द्वारा इस सचिवालय घेराव कार्यक्रम में धनबाद जिला महानगर से लगभग पांच हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धनबाद जिला महानगर में विभिन्न स्थानों पर दीवार लेखन का काम हुआ है। कई स्थानों पर बैनर भी लगाए गए हैं। कार्यकर्ता बस, छोटी और बड़ी कार तथा ट्रेन के द्वारा भी रांची जाएंगे। पत्रकार वार्ता में जिला उपाध्यक्ष संजय झा, जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून, जिला मीडिया प्रभारी मिल्टन पार्थसारथी, जिला मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर मुन्ना, बृजनंदन शर्मा आदि उपस्थित थे

## दिवंगत जगरनाथ महतो के शोकाकुल परिवार से मिले राहुल कुमार महतो, बंधाया ढ़ाढस

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य के शिक्षा मंत्री स्वर्गीय जगरनाथ महतो के पैतृक आवास आलागों भंडारीदाह में बिनोद बिहारी महतो के प्रपौत्र एवं राज किशोर महतो के पुत्र एवं लॉ कॉलेज के सचिव राहुल कुमार महतो पहुंचे और शोकाकुल परिवार को ढाढस बंधाया। स्वर्गीय जगन्नाथ महतो के बेटे अखिलेश महतो उर्फ राजू को सांत्वना दी और गहरा शोक व्यक्त किया।

# रामगढ़ हजारीबाग को जोड़ने वाली गिद्दी पुल की स्थिति जर्जर, नये पुल की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ और हजारीबाग दोनों जिले का लाइफ लाइन कहे जाने वाला गिद्दी पुल का अस्तित्व खतरे में है इस पुल से पहले छोटी गाड़ियां चलती थी। लेकिन अब 12,14,16 चक्का हाईवा इस पुल से गुजरता है। जिंदल कंपनी जैसे कई बड़ी कंपनियां का वाहनों का आना जाना रहता है। इसी पुल से लाखों वाहन गुजरते हैं। अब इस पुल में दरार को देखने वाला कोई नहीं। यह पुल सीसीएल के बड़कासयाल एरिया एवं अरगड्डा एरिया दोनों क्षेत्र की गाड़ियां इस रूट से पार होती है इस पुल का निर्माण लगभग 1973 में किया गया था । अब यह पुल पूरी तरह से जर्जर हो चुका है रिपेयरिंग के नाम पर सीसीएल द्वारा एक लियर कंक्रीट चढ़ाई गई थी मगर वह भी अब उखड़ गया है हालत यह है कि एक बड़ी गाड़ी पार होने पर पुल पुरी तरह से कंपता है और एक बड़ी गाड़ी आ जाने के बाद दूसरी गाड़ी नहीं पार हो पाता है यहां के लोग इस पुल को



लेकर काफी भयभीत है उनका कहना है कि एक नए पुल का निर्माण होना चाहिए ताकि हम लोगों को यह सुविधा मिल सके। इस पुल का निरीक्षण हजारीबाग सांसद जयंत सिंह , अरगड्डा जीएम कर चुके हैं सभी ने आश्वासन दिया है यह के विधायक जे पी पटेल का एरिया पड़ता है वहां से भी सिर्फ आश्वासन ही मिला है अभी तक पुल का कुछ भी नहीं हो पाया है सूत्रों के अनुसार यह पुल बड़का स्याल एरिया और अरगड्डा एरिया के बीच के विवाद के कारण इस पुल का निर्माण नहीं हो पा रहा।

# अम्बा प्रसाद ने सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत बादम काली मंदिर से लेकर अम्बाजीत कोनी मोड तक 2.75 किलोमीटर मुख्य पथ का बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने विधिवत नारियल फोड़कर व फीता काटकर शिलान्यास किया। बादम मुख्य पथ काली मंदिर से लेकर अम्बाजीत कोनी मोड़ तक 2.75 किलोमीटर की सड़क एक करोड़ 69 लाख की लागत से कालीकरण तथा पीसीसी व नाली का निर्माण किया जाना है। बादम बस स्टैंड के पास विधायक अंबा प्रसाद के पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ा तथा माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक अम्बा प्रसाद ने सड़क निर्माण करने वाले संवेदक को गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कार्य करने का निर्देश दिया है। मौके पर मुख्य रूप से विधायक अंबा प्रसाद, जिप सदस्य सुनीता देवी, विश्व



सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, जुबेर खान, त्रिलोकी साव, करीम साव, नरेश कुमार, जमाल सगीर, अहमद उल्लाह, श्याम भार्गव, शमशेर अंसारी, जगरनाथ साव, सूरज साव, फोकिल साव, संजय साव, कोमल साव, विक्रम साव, रंजीत कुमार, चंद्रिका कुमार साव,मोहन साव, सुरेश महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# हाइवा और बाइक की टक्कर में एक की मौत

**शव को आते ही गांव में पसरा मातम, परिवार वालों का रो रो कर है बुरा हाल**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**दारू :** थाना क्षेत्र के हरली चौक में सड़क दुर्घटना हुई जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना शनिवार की रात्रि करीब बारह बजे हैं. दारू से मेरु की तरफ जा रहे हाइवा ने अपने घर हुटपा जा रहे मोहन यादव को पीछे से अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया और उसकी बाइक हाइवा में फंस गया। इस घटना में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृत व्यक्ति फुसरो में सीसीएल में कार्यरत था और अपने नानी घर पुरनाडीह दारू खैरिका से अपने घर हुटपा जा रहा था। शनिवार की मध्य रात्रि में हुई इस दुर्घटना की तेज आवाज के साथ आसपास के लोगों की नींद खुली मौके पर पहुंचने पर बाइक के साथ दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को देखकर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हाइवा में फंसे व्यक्ति को निकालकर एम्बुलेंस की सहायता से इलाज के लिए हज़ारीबाग भेज दिया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के घर मे सूचना मिलते ही कोहराम मच गया परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। मृतक की शव को पोस्टमार्टम के बाद रविवार को उसके परिजनों को सौप दिया गया जहां उसका हुटपा मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# येसु अपने आशीर्वाद के साथ हमेशा हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे : बिशप आनंद जोजो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** प्रभु येसु के तीसरे दिन जीवित उठने की याद में ईसाई समुदाय ने पास्का ईस्टर पर्व मनाया।ईसाई समुदाय द्वारा विश्व के साथ-साथ हज़ारीबाग़ के बिभिन्न गिरजाघर में रात्रि से लेकर अहले सुबह तक प्रार्थना पूजा के साथ ईस्टर परब का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात लोगों ने एक दूसरों के साथ अपने अपने मोहल्ले, परिवार में धूमधाम से ईस्टर त्योहार मनाया।प्रभु का रूपान्तरण महागिरजाघर में शनिवार मध्य रात्रि को बिशप आनंद जोजो के नेतृत्व में पल्ली पुरोहित फा अंटोनी, फा रेमंड,फा मनोज, फा



टॉमी,फा सैजू, फा विजय, फा प्रदीप,फा अब्राहम इत्यादि ने मिस्सा पूजा प्रारम्भ किया,गिरजाघर की सभी बत्तीयों को बुझा दिया गया पवित्र आदम कद मोमबत्ती और ईसाई समुदाय द्वारा मोमबत्ती अपने हाथ में ले कर पवित्र जल से आशीष कर जलाया गया÷ देखिये येसु खरिस्त की ज्योति÷ के जयकार के साथ गिरजाघर में प्रवेश किये।कोर्रा, दीपनगर, मरियम टोली, पतरातू टोला के विश्वासी युवा संघ के द्वारा बाईबल पाठ और कोर्रा टोला द्वारा भक्ति गीत के साथ मिस्सा पूजा अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। मिस्सा पूजा के बाद लोगों ने एक दूसरे को ईस्टर परब का अभिवादन हाथ मिला और गले मिल कर किया।बिशप आनद जोजो ने अपने सन्देश में कहा कि प्रभु येसु दुःखभोग, मृत्यु और पुनरुथान द्वारा पाप, बुराई और मृत्यु पर बिजय प्राप्त किया प्रभु येसु कभी नही मरेंगे वे हमेशा हमारे बीच जीवित रह कर आदर्श शिक्षा, आशीर्वाद के साथ हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

# पश्चिम बंगाल में अनुसूचित जाति की श्रेणी में हैं तो फिर झारखंड में क्यूं नहीं सूड़ी समाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बुंडू :** रांची जिला अंतर्गत बुंडू प्रखंड क्षेत्र में पांच परगना सूड़ी संघ झारखंड के तत्वाधान में रविवार को राजदरबार सभागार में सूड़ी मंडल समाज को अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल करने कि मांग को लेकर आंदोलन की रूप रेखा तैयार की गई जिसमें समाज के सिल्ली,वंसिया,रेलाड़ीह,बुंडू,तमाड़ पुरनानगर,सिंदरी,अड़की,गम्हरिया,तुलिन,झालदा,पोटका,कांड्रा,पतराहातु , इचाहातु,बसंतपुर,सोसो के प्रतिनिधि पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भयभंजन साहु और संचालन पंकज आर्या ने की मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ठीय सूड़ी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सनत मंडल मौजूद थे। कार्यक्रम में सभी ने एक स्वर में कहा कि अगर हम सुड़ी जाति के लोग पश्चिम बंगाल में अनुसूचित जाति की श्रेणी में हैं तो झारखंड में क्युं नहीं एक ही देश में एक जाति के लिए अलग अलग निति क्युं।पश्चिम बंगाल से आए प्रतिनिधियों ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि 1967 में आंदोलन के फलस्वरूप हमें अनुसुचित जाति की श्रेणी मिला है और आज आरक्षण का हक प्राप्त कर रहे हैं झारखंड में भी लड़ाई लड़ी जाएगी। कार्यक्रम में शामिल कार्यक्रम में संतोष कुमार साहू, राधेश्याम साहू ,राजन साहू, संतोष साहू,कृष्ण मुरारी साहू, जगबंधु साहु,नीलकंठ साहू, सिद्धार्थ साहू, बब्लू साहू ,गौरीशंकर साहू ,वीरेंद्र साहू ,अजीत साहू ,राजेंद्र साहू , कपिल साहू,कपिल साहू,उपेंद्र साहू, संजय साहू ,ओम साहू, नीरज साहू, अजय साहू ,प्रदीप साहू, किस्टो साहू ,रमन साहू, रविंद्र मंडल ,मुन्ना मंडल ,शंकर साहू,कनिलाल साहू,सिरिधर साहू,अनुप साहू ने विचारों का आदान प्रदान किया। कार्यक्रम की सफलता के लिए दीलीप साहू ने आयोजन समिति के सच्चिदानंद साहू, राजेंद्र साहू ,राकेश साहू ,बृजेंद्र साहू, नीलेश साहू, समीर साहू, उमेश साहू, आदित्य साहू ,अजय साहू ,रामवृक्ष साहू,मनीष साहू के साथ तमाम सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया।

## कांग्रेसियों ने किया नुक्कड़ सभा का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** कांग्रेसियों ने बरही चौक पर संध्या 5 बजे जय भारत सत्याग्रह के तहत नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता व संचालन प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने किया। वहीं इस नुक्कड़ सभा में बतौर मुख्य अतिथि बरही विधानसभा प्रभारी अशोक सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक उमाशंकर अकेला शामिल हुए। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अशोक सिंह ने कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी की लोकसभा का सदस्यता रद्द करने पर मोदी सरकार की निंदा की, कहा की देश में विपक्ष की आवाज़ को भाजपा द्वारा दबाया जा रहा है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की विपक्ष को सदन में बोलने नही दिया जाता है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की ईडी और सीबीआई जैसे संस्था का दुरुपयोग कर भय का माहौल बनाया जा रहा है। विधायक उमाशंकर अकेला ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की मोदी सरकार जिस प्रकार हथकंडे अपना रही है, उससे लोकतंत्र खतरे में है। पार्टी के सांसद राहुल गांधी की लोकसभा से सदस्यता रद्द करना लोकतंत्र की हत्या हैडॉ निजामुद्दीन अंसारी ने बताया की भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव के समय कहा था।

# श्री रामकृष्ण शारदा में निशुल्क दंत जांच शिविर सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रविन्द्र पथ स्थित श्रीराम कृष्णन शारदा मिशन में डेंटल कॉलेज एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर दिन रविवार को समापन हुआ। शिविर में निशुल्क दंत जांच के साथ निशुल्क आंखों का जांच एवं निशुल्क रक्त का भी जांच किया गया। शिविर का लाभ 321 जरूरतमंदों ने लिया। चिकित्सकों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं शिक्षा कार्यक्रम का संचालन हुई। डेंटल कॉलेज सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि दांत हमारा स्वास्थ्य व शरीर का काफी महत्वपूर्ण अंग है। मुंह एवं दांत के उचित देखभाल एवं साफ-सफाई से मुंह एवं दांत में होने वाले कई गंभीर बिमारियों से बचा जा सकता है। यदि मुंह एवं दांत में किसी प्रकार का कोई लक्षण दिखाई दे तो तत्काल समय रहते चिकित्सकों से उचित परामर्श लेनी चाहिए ताकि इससे बाद में होने वाली परेशानियों से बचा जा सके। शिविर में



सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग डॉ सौम्या राज ने विभिन्न बीमारियों और उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। शिविर के दौरान डॉ रंजन कुमार, डॉ. अनिमेष हर्षित, डॉ रानी कुमारी, डॉ एकता, डॉ. शिविर के दौरान मुकेश महतो एवं डॉ. अब्दुल्ला जफर ने अपनी बहुमूल्य सेवाएं दी। शिविर का आयोजन राजकुमार दास ने किया। उक्त अवसर पर डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ के श्री कृष्ण ने कॉलेज द्वारा बुनियादी उपचार सहित ऐसी मुफ्त सेवाएं लगातार प्रदान किए जाने का आश्वासन दिया।

# विहिप की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही(हजारीबाग):** प्रखंड अंतर्गत विहिप द्वारा लिटिल बोर्डिग विद्यालय गुड़ियो में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर एवं संचालन जिला मंत्री अरविंद मेहता ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रांत बजरंग दल मिलन प्रमुख संजय चौबे एवं विभाग सामाजिक समरसता प्रमुख प्रवीण चंद्र उपस्थित हुए। दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ परिचय सत्र करके कार्यक्रम की शुरुवात की गई। कार्यक्रम में बरही प्रखंड के सात पंचायत एवं बरकट्ठा प्रखंड के तीन पंचायत के सभी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करते हुए प्रांत मिलन प्रमुख संजय चौबे ने कहा कि हमें विश्व हिंदू परिषद के कार्य योजना के तहत नियमित रूप से सभी कार्यक्रमों का सफल संचालन करना है, इसके लिए हमें ग्राम स्तर तक संगठित और मजबूत संगठन खड़ा करने की आवश्यकता है। यह कार्य तभी संभव है, जब प्रखंड इकाई एवं पंचायत स्तरीय इकाई ग्राम स्तर पर सुयोग्य अनुभवी एवं सनातन की भावना से ओतप्रोत प्रशिक्षित कार्यकर्ता संगठन निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। यदि प्रशिक्षित कार्यकर्ता संगठन निर्माण की कार्य योजना को मूर्त रूप देते हैं, तो बनने वाला संगठन भी एक प्रकार से प्रशिक्षित संगठन हो जाएगा। ऐसी स्थिति में ना सिर्फ गांव बल्कि पंचायत प्रखंड जिला और राज्य को भी मजबूती प्राप्त होगी। इसके साथ ही सनातन संस्कृति के साथ घटित होने वाली घटनाओं का एकमात्र विकल्प शक्तिशाली मिलन केन्द्र का संचालन करना है। इससे सभी प्रकार की सामाजिक समस्या का अवलोकन हो जायेगा। इसके लिए 21 मई से 31 मई तक लगने वाले प्रशिक्षण शिविर में उन्होंने अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं के शामिल होने का आह्वान किया और कहा कि आप प्रशिक्षित होकर सनातन समाज को एकजुट करने का कार्य करें। इस कार्यक्रम में उपरोक्त पदाधिकारी के अलावा जिला प्रचार प्रसार प्रमुख मिथिलेश कुमार, जिला सह मंत्री गुरूदेव गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार प्रखंड बजरंग दल संयोजक अरविंद कुमार , प्रचार प्रसार प्रमुख धीरज गुप्ता, बजरंग दल संयोजक दीपक राणा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मंडल प्रमुख सुरेश यादव सहित सैकड़ों रामभक्त शामिल हुए।

# कर्रा-तोरपा मुख्य पथ के जागु गांव से चिद्दी भाया कसीरा ब्रीज तक पथ का किया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कर्रा :** मुख्यमंत्री सड़क योजना अन्तर्गत स्वीकृत कर्रा-तोरपा मुख्य पथ के जागु गांव से कसीरा ब्रीज सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास रविवार को तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने नारियल फोड़कर किया. जिसके बाद चिद्दी बाजार बगीचा में विशेष सभा का आयोजन किया गया. जहां गांव की महिला किशोरीयों द्वारा ढोल नगाड़े के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया. जहां सभा को संबोधित करते हुए विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि झारखंड में वर्तमान सरकार लूट खसौट और भ्रष्टाचार किस प्रकार बढ़ा हुआ है प्रखंड व अंचल कार्यालय पर विकास कार्य एवं जमीन मियूटैशन के नाम पर खुली लूट मची सुची हुयी है वह किसी से छुपा नहीं है यहां की भोली भाली जनता को गुमराह में करके वर्तमान सरकार अधिकारीयों से मिलकर झारखंड को लुटने में लगी हुयी है जिसे मोदी सरकार चुन-चुनकर जेल भेजने का काम करेगी जिसमें विपक्षी दल के भ्रष्टचारी नेताओं व पूजा सिंघल पुरवार जैसे भ्रष्टचारी आई एस अफसर नहीं छोड़ा जाएगा. साथ ही उन्होंने कहा कि पहले हम लोग दिल्ली जाते थे तो वहां की सड़कों को देखकर लगता था कि पता नहीं हमारे क्षेत्र में कभी ऐसा सड़क बन पाएगा या नहीं मगर झारखंड में डबल इंजन की सरकार रही और पूरे झारखंड में सर को सड़कों का जाल बिछा दिया गया. आज हर तरफ चौड़ी- चौड़ी सड़क नजर आ रहे हैं जिस कारण ग्रामीण और सुदूरवर्ती क्षेत्र विकास की ओर भी बढ़ रहे हैं. कार्यक्रम भाजपा खूंटी जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर गुप्ता, प्रदेश कार्य समिति सदस्य संतोष जयसवाल, जिला उपाध्यक्ष कृपा सिंधु बेहरा, हुरदा मंडल अध्यक्ष ओमेन सिंह, बानो मंडल अध्यक्ष कमलेश्वर सिंह, रनिया मंड़ल अध्यक्ष निखिल कन्डुलना, गोविन्दपुर मंडल अध्यक्ष राम ध्यान सिंह, विजय हेमरोम ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम का अध्यक्षता गोविन्दपुर मंडल अध्यक्ष राम ध्यान सिंह व कार्यक्रम संचालन भाजयुमो अध्यक्ष विनय गुप्ता ने किया. या मौके जिला महामंत्री सुशांत शेखर राय, गोविन्दपुर मंडल अध्यक्ष राम ध्यान सिंह, तोरपा मंडल अध्यक्ष कुलेन्द्र मांझी, परमेश्वर प्रसाद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिवकुमार केसरी, सुधीर सिंह, नीलांबर सिंह, सोशल मिडिया प्रभारी शिवम् कुमार, सीमा देवी, लक्ष्मण पहान, नन्दलाल सिंह, सुदर्शन गोप, हल्लु साहू के अलावे भारी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित है।

## झारखंड सचिवालय का घेराव ग्यारह को करेगी भाजपा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हज़ारीबाग :** भाजपा झारखंड प्रदेश द्वारा आयोजित निकम्मी और भ्रष्टाचारी,बालू लूट,नक्सल को बढावा देना,हत्या,अपहरण,दुष्कर्म, बेरोजगारी आदि समस्या को लेकर वर्तमान हेमंत सरकार के खिलाफ झारखंड सचिवालय का घेराव 11 अप्रैल मंगलवार को 11 बजे दिन में राँची धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में पूरे राज्य भर से भाजपा के कार्यकर्ता जुटेंगे।वही भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि हज़ारीबाग जिले से दस हज़ार से भी अधिक संख्या में सभी मंडलो से बूथ स्तर तक भाजपा कार्यकर्ताओं का महजुटान मंगलवार को होगा।श्री यादव ने कहा कि कार्यक्रम में हज़ारीबाग से वर्तमान सांसद,पूर्व सांसद, वर्तमान विधायक,पूर्व विधायक, जिप अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महापौर, सभी जनप्रतिनिधि गण, सभी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, सभी मंडल अध्यक्ष, सभी जिला कार्यसमिति के सदस्य, सभी मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी/ कार्यसमिति सदस्य/ जिलाध्यक्ष/ पदाधिकारी/ सभी मंडल मोर्चा के अध्यक्ष/ पदाधिकारी, सभी शक्तिकेन्द्र संयोजक/ सह संयोजक, सभी बूथ संयोजक/ सह संयोजक,सभी पूर्व मंडल अध्यक्ष, सभी सांसद व विधायक प्रतिनिधि गण,सभी मंडल प्रभारी गण,सभी वरिष्ठ/ प्रमुख/ जेष्ट/ श्रेष्ठ कार्यकर्ता और समर्पित कार्यकर्ताओं बंधुओं से आग्रह है कि आप इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर वर्तमान तानाशाह हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे।

## टुंडी के नये थानेदार बनें अनिल कुजुर



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी थाना के नये थाना प्रभारी के रूप में अनिल कुजुर ने पदभार ग्रहण किया। करते ही कहा कि मेरे कार्यकाल में किसी भी तरह की बेईमानी नहीं चलेगी और नहीं दागी लोगों को बख्शा जाएगा। इस लिए टुंडी में अच्छी प्रशासनिक व्यवस्था कायम करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। थाना अच्छे लोगों के? लिए सदा खुला रहेगा बुरे के लिए हमेशा बंद रहेंगे।

## बिजली चोरी करने के आरोप में सात लोगों पर प्राथमिकी कराई गई दर्ज

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के सोनाद, लकड़ाखुन्धी, करमाटांड सहित कई गांवों में आज रविवार को विद्युत सहायक अभियंता सन्नी कुमार बाड़ा के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया जिसमें कुल सात लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया जिससे जुर्माना लगाया गया एवं टुंडी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई छापामारी दलो में किन्नू चन्द्रा, प्रसन्नजीत सिंह, रामेश्वर रवानी, महावीर सिंह समेत कई विद्युत कर्मी उपस्थित थे।

## भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शिव शक्ति मंदिर, श्री राम कुंज, नवाडीह के मंदिर प्रांगण में शिव शक्ति मंदिर ट्रस्ट के द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि भक्ति जागरण में मशहूर गायक कृपांसु सिंह के ग्रुप द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति में भजन की प्रस्तुति दी गई।उन्होंने अपने भजन और गीत के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। भक्ति जागरण के पश्चात मंदिर परिसर में लोगों के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया। मौके पर गोपाल सिंह, संतन सिंह, अशोक सिंह, सरोज सिंह, दीपक महतो, अंकित केडिया सहित मंदिर कमिटी के सभी सदस्य मौजूद थे।



## समाजसेवी मनीष कुमार के नेतृत्व में लगाया गया नि:शुल्क जांच शिविर

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को गिरिडीह ज़िले के गांडेय प्रखंड अंतर्गत उच्च विद्यालय ताराटांड़ में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन ज़िला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी मुनिया देवी व उनके सुपुत्र समाजसेवी मनीष कुमार के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया गया ।वही बताया गया कि इस तरह का आयोजन से गरीब एवं असहाय लोगों का लाभ होगा। साथ ही मोके पर चिकित्सा शिविर में आंख , दांत , शिशु रोग ,स्त्री रोग से संबंधित तथा विभिन्न रोगों के साथ साथ खून हिमोग्लोबिन बीपी , शुगर, टी वी आदि जांच कर निश्शुल्क दवा भी मरीजों को दी गई। बताया गया कि कुल 517 रोगियों का विभिन्न बीमारियों से संबंधित जांच किया गया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से हिंगा मुनि जिला परिषद सदस्य गांडेय, प्रमुख राजकुमार पाठक , मुखिया यशोदा देवी, प्रवीण चौधरी, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि, भोला मंडल, पंचायत समिति सदस्य कुंडल वादाह, लखन प्रसाद वर्मा मुखिया प्रतिनिधि पर्वतपुर, राजकुमार , पवन अग्रवाल पंचायत समिति सदस्य राजकुमार साव, समाजसेवी विनोद मंडल ने संबोधित किया। वही चिकित्सा शिविर को सफल बनाने में डॉक्टर नेत्र डॉ कुलदीप नारायण, डॉक्टर अशोक कुमार वर्मा, डॉक्टर राजकिशोर वर्मा, डॉक्टर अनामिका वर्मा, डॉक्टर रितु कुमारी, डॉक्टर श्यामा कांत, डॉ गौतम कुमार का योगदान रहा । इसके अलावे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांडेय का विशेष योगदान रहा । मौके पर महेंद्र वर्मा, नरेश वर्मा, विशाल वर्मा , रूपेश वर्मा , रूपेश स्वर्णकार समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामिण उपस्थित थे।



## धूमधाम से संपन्न हुई जल यात्रा, जय श्री राम की ध्वनि से गूंजा वातावरण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोविंदपुर कुरची गांव में श्री श्री 108 रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है जिसकी कलश व जल शोभा यात्रा भव्य रूप से दिनांक 09 अप्रैल 2023 को संपन्न हुई। वहीं धूमधाम से संपन्न हुई जल यात्रा एवं जय श्री राम की ध्वनि से गूंजा उठा वातावरण। इस कलश शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यज्ञ का वेदी पुजन एवं शुभारंभ 10 अप्रैल को होगा एवं 12 अप्रैल 2023 को पूर्णाहुति होगी। यज्ञ में परिक्रमा हेतु सार्वजनिक शिव मंदिर, कुरची में सभी श्रद्धालुओं का स्वागत है।



### एमआर अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

# सभी बच्चों को टीका लगवाने की उपायुक्त ने की अपील

### 9 माह से 15 वर्ष तक के आठ लाख से अधिक बच्चों को वैक्सीन देने का लक्ष्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह की अध्यक्षता में आज दिनांक 08 अप्रैल 2023 को समाहरणालय सभागार में एमआर अभियान, जो कि 12 अप्रैल 2023 से शुरू हो रही है, उसके सफल क्रियान्वयन एवं शत प्रतिशत उपलब्धि हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक की गई। बैठक के दौरान ट्रेनिंग, फॉर्म-1, माइक्रो प्लानिंग, सेशन प्लैनिंग, आईईसी की प्लानिंग की समीक्षा की गई। इस दौरान जो कुछ कमियां पाई गई उसे लेकर उपायुक्त ने कई दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी और समाज कल्याण पदाधिकारी को अभियान के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को दूर करने हेतु विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों की ओर से जागरूकता फैलाने हेतु रैली निकालने को निर्देशित किया। उन्होंने स्कूलों में पैरेंट्स टीचर मीटिंग करा कर अभिभावक को अभियान के प्रति जागरूकता सुनिश्चित करने को कहा। मिजिल्स रूबेला की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त ने सभी विद्यालयों को इस अभियान में सहयोग करने को कहा। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री भूतनाथ रजवार को निर्देशित किया कि जिन विद्यालयों से द्धश्रह्म्द्ब-1 प्राप्त नही हुए हैं वैसे चिन्हित स्कूलों से 9 अप्रैल तक फॉर्म 1 प्राप्त करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) के डॉक्टर अमित कुमार तिवारी ने पीपीटी के माध्यम से एमआर अभियान को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रखंड स्तर पर तैयार किये गए माइक्रोप्लान, सेशन प्लैनिंग, आईईसी की प्लानिंग, कुल लक्ष्य आदि की जानकारी दी। इस दौरान सीएस डॉ आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि खसरा एक जानलेवा रोग है। यह वायरस द्वारा फैलता है। इसके कारण बच्चों में दिव्यांगता तथा असमय मृत्यु हो सकती है। वहीं रूबैला भी एक संक्रामक रोग है। यह भी वायरस द्वारा फैलता है। इसके लक्षण खसरा रोग जैसे होते हैं। यह लड़के या लड़की दोनों को संक्रमित कर सकता है। यदि कोई महिला गर्भावस्था के शुरुआती चरण में इससे संक्रमित हो जाए तो कंजेनिटल रूबैला सिंड्रोम (सीआरएस) हो सकता है जो उसके भ्रूण तथा नवजात शिशु के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने इस वर्ष मिजिल्स रूबेला के उन्मूलन के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है। यह अभियान अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह में शुरू होगा।

## एसआईटी गिरिडीह को केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री ने सराहा



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री और कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी का आगमन बीते शनिवार को गिरिडीह हुआ। वही इस अवसर गिरिडीह में सांसद खेल महोत्सव के आयोजन पर चर्चा हुई। साथ ही अपने संसदीय क्षेत्र बेंगाबाद प्रखंड अंतर्गत कोइरीडीह स्थित सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को काफी सराहा। संस्थान के प्राचार्य कौशल हँसराज जी ने उन्हे संस्थान में चल रहे विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम के बारे में बताया जिसे जानकर उन्हें काफी प्रसन्नता हुई। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के इंजीनियरिंग कॉलेज को गिरिडीह जिले के विद्यार्थियों को अत्यधिक आवश्यकता है। साथ ही सांसद महोदया ने संस्थान में नए पाठ्यक्रम कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की मान्यता मिलने पर शुभकामनाएं और बधाई दी। खेल महोत्सव में विजयी खिलाड़ियों को संस्थान में नामांकन कराने पर उन्हें लाभ दिया जाए ऐसा माननीय सांसद महोदया ने सुहाव दिया। बैठक उपरांत उन्हें प्रॉस्पेक्टस प्रदान कर उन्हें संस्थान की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि सह गिरिडीह नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष दिनेश यादव सहित कई अन्य गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

# जन समस्याओं को लेकर सांसद से मिले धैयावासी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सड़क पर जल जमाव की समस्या और निगम द्वारा प्रस्तावित नाली निर्माण के विरोध में धैया धीरेंद्र पुरम के लोग रविवार की सुबह सांसद पीएन सिंह के आवास पर पहुंचे। जहां लोगों ने सांसद से मुलाकात कर धैया वासियों की विकट समस्या से उन्हें अवगत कराया। नागरिकों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से धैया में बरटांड़ - बरवाअड्डा मार्ग पर रानी बांध के समीप हल्की बारिश होने पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

सड़कें पूरी तरह पानी में डूब जाती हैं। इस समस्या के निराकरण के लिए लोगों ने कई बार नगर निगम, IIT-ISM, NHAI और संबंधित विभागों को ज्ञापन दिया। स्थानीय युवकों ने कई बार आंदोलन भी किये।

परंतु समस्या जस की तस बरकरार है। ऐसे में जल जमाव निकासी के लिए सांसद महोदय संबंधित विभाग प्रमुख को अवगत कराते हुए जल्द से जल्द निराकरण करने की व्यवस्था करें। जिससे लोगों को सड़कों पर जल जमाव की स्थिति से छुटकारा मिल सके।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज व संपूर्ण विप्र समाज ब्राह्मण कल्याण मंच की संयुक्त बैठक संपन्न



**22 अप्रैल को परशुराम जयंती का भव्य आयोजन करने का निर्णय**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजगंज :** रविवार को विधिक सेवा से सेवानिवृत्त हरि प्रसाद तिवारी की अध्यक्षता में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज सम्बंधित सम्पूर्ण विप्र समाज,वब्राह्मण कल्याण मंच एवं समस्त ब्राह्मण समाज के संयुक्त तत्वावधान में धारकिरो ग्राम स्थित मंदिर प्रांगण में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि आगामी दिनांक 22 अप्रेल 2023 दिन शनिवार को सुबह 8 बजे से डीएवी स्कूल+2 कतरास में भगवान परशुराम जी जयंती का भव्य आयोजन किया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि इस आयोजन में ब्राह्मण समाज की ओर से एक महती मोटर साइकिल जुलुस कतरासगढ़ नदी किनारे सूर्य मंदिर से थाना मोड़ होते हुए डीएभी स्कूल +2 तक जायगी। उसके बाद वहां भगवान परशुराम जी का वैदिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना के साथ मंगलाचरण स्वस्तीवाचन एवं शंखध्वनि विद्वान आचार्य पंडितों के द्वारा किया जायगा। फिर उपस्थित ब्राह्मण विद्वत जनों के मुखारविंद से संभाषण किया जायगा। उसके बाद प्रसाद ग्रहण का कार्यक्रम किया जायगा। बैठक में सुरेश चन्द्र, सुमन, रामाशंकर, प्रभाष, विद्यानन्द, प्रभात शर्मा, ललित, सूर्य, राकेश, मधुसूदन, अवनी, अनुप, भानुशंकर, हिमांशु , धुर्येटि प्रसाद दूबे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### राधानगर को प्रखंड बनाने को लेकर पदुगोड़ा में किया गया सभा का आयोजन

# प्रखंड बनाने की मांग को लेकर पंचायतों में किया जाएगा बैठक : धनेश्वर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड के पदुगोड़ा विधालय परिसर में नागरिक मंच महुदा द्वारा राधा नगर को प्रखंड बनाने की मांग को लेकर एक सभा का आयोजन किया गया। सभा का संचालन अजय तिवारी और सभा की अध्यक्षता नागरिक मंच के संयोजक धनेश्वर महतो ने किया।

पूर्व जिला परिषद सदस्य संतोष महतो ने कहा कि राधानगर को प्रखंड बनाने की मांग वर्षो से हो रहा है। महिलाओं को बाघमारा प्रखंड जाने में काफी कठिनाई होती है। प्रखंड बनाने की बात को विधायक माननीय ढुलु महतो ने विधान सभा में उठाया भी है।

सभा में नागरिक मंच के संयोजक ने समिति का विस्तार किया जिसमे,ꣻ मुख्य संरक्षक ढुलु महतो संरक्षकद्ध शंकर रवानी, शारदा सिंह ,एहसान फैज ,अब्दुल हामिद अंसारी , अध्यक्ष धनेश्वर महतो महासचिव अजय कुमार तिवारी सचिव वन बिहारी दास सदस्य आशा देवी , रितेश रजवार रिंकू देवी ,समीर कुमार लाला अन्य के अलावा क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि को बनाया गया।धनेश्वर महतो ने कहा कि कमेटी बना है आगे भी प्रत्येक पंचायत में जाकर प्रखंड बनाने की मांग को लेकर बैठक किया जाएगा। मौके पर शंकर रवानी, मटुक मिश्रा, संतोष महतो, सुरेश सिंह के अलावा सैकड़ो की संख्या में महिला उपस्थित थी।

## टुंडी के नये थानेदार बनें अनिल कुजुर झामुमो नेता ने बुके देकर किया सम्मानित



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड झामुमो के नेतृत्व में आज रविवार को टुंडी के नये थाना प्रभारी अनिल कुजुर से मिलकर बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर झामुमो के वरिष्ठ नेता ऐनुल अंसारी , आजाद अंसारी, फुलचंद किस्कू, सरफुद्दीन अंसारी, पंचायत समिति सदस्य मीना देवी के अलावा कई झामुमो नेता उपस्थित थे।

### पीजी में यूनिवर्सिटी टॉपर बने हाजी गुलाम मोहिउद्दीन असफर्ी

# समाजिक कार्यकर्ताओं ने किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी के सत्र 2020 - 22 के परीक्षा का परिणाम आया। जिसमें स्नातकोत्तर उर्दू विभाग के हाजी गुलाम मोहिउद्दीन असफर्ी प्रथम स्थान हासिल कर यूनिवर्सिटी के टॉपर बने। इस उपलक्ष्य मे टीएमसी झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान, समाजिक कार्यकर्ता हाजी ज़मीर आरिफ, सैफ अली खान, फहीम खान आदि ने हाजी गुलाम मोहिउद्दीन असफर्ी को पुष्पगुच्छ एवं पवित्र कुरान शरीफ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बता दें की हाजी गुलाम मोहिउद्दीन असफर्ी जिनकी पढ़ाई की शुरुआत मदरसे से हुई है। वह वासेपुर, गुलजारबाग स्थित मदरसा अब्दुल हई अशरफ में शिक्षक के रूप मे अपनी सेवा दे रहें हैं। उन्होने पुरे धनबाद जिले विशेष कर वासेपुर का नाम रौशन किया है। उनकी इस सफलता पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

## सचिवालय घेराव को लेकर किया भाजयुमो ने किया बैठक

**सचिवालय घेराव को लेकर गिरिडीह जिले से 34 मंडल जयेंगे कार्यकर्ता ।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** रविवार को गिरिडीह ज़िले के भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय हरीचक गिरिडीह में भारतीय जनता युवा मोर्चा का बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार राय ने किया जिसमे मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी उपस्थित थे । वही बैठक की मंच संचालन महामंत्री संभू शर्मा ने किया । वही बैठक का मुख्य बिंदु 11 अप्रैल को सचिवालय घेराव को लेकर किया गया। इधर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कहा कि आगामी 11 अप्रैल को युवा मोर्चा के सभी 34 मंडल से कार्यकर्ता लोग अपने नेतृत्व में युवाओं को लेकर जाएंगे और राज्य के भ्रष्ट मुख्यमंत्री के काले कारनामे को लेकर भाजपा द्वारा सचिवालय का घेराव किया जएगा । उन्होंने कहा कि पूरा राज्य अब जान गया है इस सरकार में सबसे अधिक युवा के साथ छल किया है और ठगा है ।इधर युवा मोर्चा ज़िला अध्यक्ष रंजीत राय नव कहा कि राज्य के युवा को बेरोजगारी भत्ता देने के नाम पर झूठ बोल कर ये सरकार सत्ता हासिल कर युवाओं से किया वादा को भूल गई और 1 साल में 5 लाख नौकरी का वी वादा को भूल गई । भय भूख और भ्रष्टाचार को फैलने का काम कर रही है।

# बाघमारा के मधुबन में कई जगहों से कोयले का अवैध उत्खनन धड़ल्ले से जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बाघमारा :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत मधुबन थाना क्षेत्र में इन दिनों अवैध कोयला खनन का कारोबार धड़ले से जारी है। बताया जाता हैं की महुदा कतरास फोरलेन सड़क किनारे एक होटल ढाबा के समीप दाहिनी और जंगल में बंद खदानों में अवैध उत्खनन भारी मात्रा में चल रहा है। रोज 10 गाड़ियां लोड होकर निकलते हुए दिन या रात को देखा जा सकता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मधुबन थाना क्षेत्र के कई जगहों से और उक्त होटल के बगल जंगल में कई महीने से कोयले की निकासी किया जा रहा है। मधुबन थाना के बॉर्डर पर यह कारोबार खुलेआम डंके की चोट पर चलाया जा रहा है। इस कोयला के अवैध धंधा में कई व्यक्ति सक्रिय हैं। वही इस अवैध उत्खनन से आसपास के ग्रामीण भयभीत है। ग्रामीणों ने अखबार में नाम नही छपने की शर्त पर बताया कि अवैध उत्खनन दिन के उजाले में हम लोग पहली बार देख रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग किया है कि इस जंगल में वन भूमि का जमीन है। और कोयला माफिया जंगल के कई पेड़ पौधों को जेसीबी मशीन से तोड़कर अवैध कोयले की निकासी कर रहे है।

# सूर्यवंशी राजपूत क्षेत्रीय घटवाल जनजाति विकास समिति की बैठक संपन्न, समाज के उत्थान के लिए लिया निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** प्रखंड क्षेत्र के शांडीह में रविवार को सूर्यवंशी राजपूत क्षेत्रीय घटवाल जनजाति विकास समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक में गिरिडीह जिला के सभी प्रखंड के सैकड़ों लोग उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता मुन्ना सिंह के नेतृत्व में किया गया वहीं संचालन अविनाश कुमार सिंह ने किया। उपस्थित समाज के सभी लोगों ने समाज के उत्थान के लिए बारी-बारी से अपना विचार दिया है वही बैठक में संगठन का विस्तार एवं स्थापना दिवस की समीक्षा की गई। वही समाज के लोग ने कहा कि हॉस्टल का निर्माण अतः शीघ्र किया जाएगा जिसके लिए कोष संग्रह पर भी चर्चा किया गया वहीं समाज के कई लोगों ने समाज में फैल रही कुर्तियां को कैसे समाप्त इस पर भी चर्चा किया। मौके पर जिला सचिव श्याम नारायण सिंह, कोषाअध्यक्ष सुनील सिंह, राजकुमार सिंह ,सुनील सिंह इत्यादि कई लोग उपस्थित थे।

## जरीडीह कांड के बाद चर्चा में आए थाना प्रभारी अमरजीत सिंह लाइन हाजिर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** रविवार को नये थाना प्रभारी के रुप में मृत्युंजय सिंह ने बिरनी थाना में प्रभार लिये. इस बीच तात्कालिन बिरनी थाना अमरजीत सिंह को लाइन हाज़िर किया गया. वहीं बिरनी में थाना में मधुबन थाने के थाना प्रभारी रह चुके मृत्युंजय सिंह को बिरनी थाना का नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है. आपको बता दें कि बीते 9 मार्च को जरीडीह कांड में स्थानीय मुखिया टिकैत राजामणी सिंह समेत 13 लोगों की गिरफ्तारी के पश्चात चर्चा में आए थाना प्रभारी अमरजीत सिंह से पुरा महकमा नाराज था जिसके माना जा रहा था कि उनका जाना तय है, जिसकी अधिसूचना आज जारी कर उन्हें लाइन हाज़िर किया गया।

# कोलेबिरा के समस्या का समाधान करेगा मिशन बदलाव : भूषण भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** मिशन बदलाव सिमड़ेगा कार्यकारिणी की बैठक मिशन बदलाव के संस्थापक भूषण भगत के अध्यक्षता में कोलेबिरा हाई स्कूल स्टेडियम में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भुषन भगत ने कहा कि बेरोज़गारी, अशिक्षा, अंधकार, पानी, बिजली, आवास, अंधविश्वास, सड़क, सिंचाई आदि-आदि कई समस्यायें किसी से छुपी नहीं है लेकिन कई वर्षों से समस्याओं वहीँ के वही है लेकिन कोई भी जनप्रतिनिधियों के द्वारा समस्या के समाधान के कार्य नहीं किया गया है। मिशन बदलाव सिमड़ेगा टीम के जिला अध्यक्ष तुलशी साहू, sc/st जिला अध्यक्ष संतोष जो और महिला जिला अध्यक्ष जयंती बड़ाईक ने कहा कि उद्योग धंधों की कमी के कारण, गाँव के लोग रोज़गार के लिए मुख्य रूप से कृषि पर निर्भर हैं। कृषि रोज़गार का मुख्य स्रोत होने के कारण किसान मौसमी बेरोज़गारी से भी जूझ रहे हैं और प्रसाशन को भी समस्या के समाधान के लिये पॉजिटिव प्रयासों की आवश्यकता है। आज के बैठक में मिशन बदलाव सिमड़ेगा टीम से प्रभा देवी, सीता देवी, दीपक चीक बड़ाईक, दिलमोहन नायक, रवि गोप, एम. डी. सुहैल अहमद, आकाश नायक, दितराज नायक, अविनाश नायक, अनु खान, संतोष जोजो, रोहित राणा, दीपक महतो, नीरज, छोटेलाल नायक ये सभी प्रतिनिधि शामिल हुए।

## एनआईए और पुलिस टीम ने की छापेमारी अवैध हथियार, गोली और कई दस्तावेज बरामद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में फिर एक बार पुलिस बड़ी कार्यवाही करते हुए एनआईए और स्थानीय पुलिस की टीम के द्वारा रविवार को लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र के ओपा गांव स्थित ईटा भट्ठा में छापेमारी की जहां टीम ने एक पिस्टल,छह गोली जमीन और बैंक के कई महत्वपूर्ण कागजात जब्त किया है वही मौके से ईट भट्ठा मालिक फरार है। उसकी गिरफ्तारी को लेकर एनआईए और पुलिस संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही है माओवादियों के खिलाफ की गई इस कार्रवाई के बाद माओवादी समर्थकों में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि एनआईए को गुप्त सूचना मिली थी कि माओवादी रीजनल कमांडर 15 लाख का इनामी नक्सली रविंद्र गंजू के करोड़ों रुपए ईट भट्ठा मालिक द्वारा अलग-अलग व्यवसाय में इन्वेस्ट किया जा रहा है जिसके बाद एनआईए की टीम ने पहुंचकर स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापेमारी की हालांकि मौके पर माओवादी कमांडर तो नहीं मिला और ना ही व्यवसाय ही हाथ लगा लेकिन माओवादी कमांडर से जुड़े कई महत्वपूर्ण कागजात तथा हथियार बरामद किए गए हैं। बताया जा रहा है कि एनआईए और पुलिस की टीम जिस ईट भट्ठा व्यवसाई को गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है उसे कुछ समय पहले भी एनआईए की टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था उस समय भी एनआईए की टीम ने माओवादी कमांडर के साथ संबंध होने तथा माओवादी का पैसा अलग अलग व्यवसाय में लगाने और अन्य महत्वपूर्ण अपराध के साथ माओवादी कमांडर और व्यवसाय के बीच बातचीत के सबूत हाथ लगे थे जिसके बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।

## सुखदेव भगत ने शोकाकुल परिजनों से की मुलाकात जताया दुख



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो प्रखण्ड में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक ए आई सी सी के सदस्य सुखदेव भगत 09 अप्रैल रविवार को कैरो निवासी रिपोर्टर समीद अंसारी व सकील अंसारी के आवास कैरो पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया विदित हो कि पत्रकार बन्धु के माता का देहांत विगत 3 अप्रैल को इलाज के दौरान हो गया था।सुखदेव भगत ने कहा आकस्मिक देहांत की खबर सुनकर दुख हुआ झारखण्ड से बाहर रहने के कारण अंतिम मिट्टी देने में सामील नही हो सका। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में धैर्य रखने की जरूरत है। हम सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं सुख दुख में हमलोग हमेशा साथ रहें और आगे भी साथ रहेंगे। मौके पर पवन गौतम, शाहिद अहमद बेलू, मो सजाद, अख्तर अंसारी, मुस्लिम अंसारी, जमीरुदीन अंसारी, वाहिद अंसारी, वसीम खान, सकील अंसारी, अकबर खान, शोएब अख्तर आदि उपस्थित थे।

## किस्को में सीआरपीएफ 158 जी वन कंपनी द्वारा मनाया गया शौर्य दिवस



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** किस्को प्रखंड में स्थित शिवनारायण भगत प्रतिमा स्थल पर सीआरपीएफ 158 बटालियन जी वन कंपनी की ओर से 9 अप्रैल को शौर्य दिवस मनाया गया इस कार्यक्रम को लेकर प्रतिमा स्थल का साफ-सफाई एंव पिंड का निर्माण किया गया। इस मौके पर सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर उत्तपल चक्रवर्ती की अगुवाई में सीआरपीएफ जवानों ने श्रमदान कर कार्यक्रम को लेकर तैयारी की गई वहीं सीआरपीएफ स्पेक्टर इंस्पेक्टर उत्तपल चक्रवर्ती ने कहा 9 अप्रैल 1965 को 6000 पाक सैनिकों का 70 जवानों ने डटकर मुकाबला किया था। इसी के याद में जवानों के वीरता को लेकर शौर्य दिवस मनाया गया और शहीद जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

## एक वृद्ध की संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत, पुत्र के द्वारा हत्या की आशंका जता रहे हैं लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोलबा :** प्रखंड के पालेमुण्डा बेसिनबहार निवासी पास्कल खेस्स उम्र लगभग 72 वर्ष की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पास्कल खेस्स की पत्नी एवं बच्चे सुबह चर्च गए हुए थे। लौटकर देखा तो पास्कल खेस्स आंगन में पड़े पत्थर के पास गिरा पड़ा हुआ है। उसके पुत्र इसीदोर खेस्स ने पिता को उठाकर अंदर कमरे में ले गया। लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुत्र इसीदोर खेस्स अक्सर अपने पिता को मारा करता था इसलिए ग्रामीणों के साथ साथ मृतक के भांजे ने भी पुत्र पर ही पिता की हत्या की आशंका जताई है। हालांकि पत्नी ने बताया कि सुबह इसीदोर के साथ हम सभी चर्च गए हुए थे। वहीं पति के मृत्यु का कारण आंगन में पड़े पत्थर पर गिरना बता रही है। बहरहाल सच्चाई क्या है वह तो पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा। फिलहाल थाना प्रभारी अरूनिश रोशन ने एस आई सुमन कुमार एवं पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया है। एवं पुत्र इसीदोर खेस्स को भी शक के आधार पर पूछताछ के लिए बोलबा थाना लाया गया है।

## दो वर्षों से जले ट्रांसफार्मर को बदल कर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए विभाग : आलोक साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्रखंड के ग्राम मुंदो के ग्रामीणों की शिकायत पर रविवार को लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू कांग्रेसियों के साथ ग्राम मुंदो पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। मौके पर ग्रामीणों ने श्री साहू को बताया कि ग्राम मुंदो में 25 केवी का दो ट्रांसफार्मर लगा हुआ था। विगत 2 वर्ष पहले एक ट्रांसफार्मर जल गया था तब से आज तक एक ही ट्रांसफार्मर से बिजली की सप्लाई हो रही है जिसके कारण यहां की ग्रामीणों को वोल्टेज की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। कम वोल्टेज होने के कारण पंखा भी नहीं चलता है गर्मी का मौसम भी प्रारंभ हो गया है। ग्रामीणों ने श्री साहू से 2 वर्ष से जले ट्रांसफार्मर को शीघ्र बदल कर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग किए। मौके पर आलोक कुमार साहू ने कहा कि 2 वर्षों से जला हुआ ट्रांसफार्मर नहीं बदला जाना दुर्भाग्य बात है जिसके कारण यहां की जनता वोल्टेज की समस्याओं का दंश झेल रही हैं। जनता की समस्याओं का निदान हो उसके लिए कांग्रेस पार्टी हमेशा सतत प्रयास करती है। मौके पर से ही श्री साहू ने लोहरदगा विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को मुंदो गांव की समस्याओं से अवगत कराते हुए शीघ्र 2 वर्षों से जले 25 केवी का ट्रांसफार्मर को बदल कर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की बात कहें। कार्यपालक अभियंता ने आश्वासन दिया कि जल्द ही यहां नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया जाएगा। मौके पर अखिलेश्वर साहू, प्रभु साहू, करमा उरांव, बसंत साहू, मोहन उरांव, राजेश साहू, सुखदेव उरांव, रामचरण साहू, संजीत साहू, सोनावती देवी, जानकी देवी, चमरू साहू, ज्योति साहू, करमचंद भगत, बसंती देवी इत्यादि ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने जीप उपाध्यक्ष व सदस्यों को डायरी कैलेंडर किया भेंट



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो द्वारा आज जिला परिषद उपाध्यक्ष व सदस्यों को राज्य सरकार के तीन वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिका, टेलीफोन डायरेक्टरी, कैलेंडर 2023 और डायरी सूचना भवन, लोहरदगा में भेंट की गई। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उराँव, जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की और जिला परिषद सदस्य किस्को संदीप कुमार उपस्थित थे।

## बिजली के तार के चपेट में आने से दो गाय, दो बैल और एक बछिया की हुई दर्दनाक मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोलबा :** प्रखंड के समसेरा पंचायत के रामटोली में बिजली विभाग की लापरवाही के कारण बिजली के तार से झुलसकर दो हल जोतने वाले बैल, दो गाय और एक बछिया की दर्दनाक मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सुबह 10 बजे के करीब बिजली का तार टूट कर गिरा था और तार में करेंट प्रवाहित हो रहा था। इसी क्रम में दो बैल, दो गाय और बछिया तार के चपेट में आ गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही मरे हुए जानवरों को देखकर एक लोमड़ी उन्हें अपना शिकार बनाने के लिए आया तो वो भी तार के चपेट में आ गया जिससे उसकी भी मौत हो गई । मृत जानवरों में से एक हल जोतने वाला बैल प्रेमिका मिंज पति बिलकस मिंज का है,एक गाय और बछिया सुको लोहराईन पति सोमारू लोहरा का है , दूसरी दुधारू गाय धर्मदासी सोरेंग पति अलबिनुस सोरेंग की है एवं दूसरा हल जोतने वाला तगड़ा बैल मंजुला किरण टेटे पति अभिराम टोप्पो का है जिसे वह एक सप्ताह पहले पैंतालिस हजार रूपये में खरीदकर लाया था । बैल की मौत से दुखी मालिक ने रोते हुए बताया कि कितनी मुश्किल से पैसा इकट्ठा कर खेती बारी करने के लिए बैल खरीदा था पर बिजली की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई ,अब खेती बारी कैसे करेंगे। जानकारी मिलते ही मुखिया सुरजन बड़ाइक ने घटना स्थल पर जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की तथा पीड़ित परिवारों को प्रशासन की ओर से जल्द से जल्द मुवावजा दिलाने का आश्वासन भी दिया। मुखिया ने ग्रामीणों की मदद से जेसिबी द्वारा गढ्ढा खोद कर सभी पशुओं का अंतिम संस्कार कराया गया। जिसमें मुख्य रूप से वार्ड सदस्य विपिन किशोर खेस्स, रमेश दास, अश्विनी कुमार सिंह, अभिराम टेटे, कुलदीप खेस्स के अलावे अन्य ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पुलिस ने 7 से 8 लिटर अवैध महुआ शराब किया नष्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के अरू साप्ताहिक बाजार में अवैध महुआ शराब बिक्री की सूचना पूर्व में थाना प्रभारी को प्राप्त हुआ था। जिसके आलोक में गस्ती टीम को कारवाई का निर्देश दिया गया। गस्ती टीम को निर्देश मिलते ही पुलिस जवान के सहयोग से साप्ताहिक बाजार में हो रही अवैध महुआ शराब बिक्री के विरुद्ध अभियान चलाते हुए 7 से 8 लीटर शराब नष्ट किया गया। यह अभियान सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान के निर्देश पर पु0आ0नि0 गणेश यादव द्वारा शस्त्र बल के सहयोग से चलाया गया। बताया जाता है कि पुलिस की गाड़ी को देखते ही शराब बेचने वाली महिलाएं शराब लेकर भाग निकली वहीं कुछ लोग शराब छोड़ भाग खड़े हुए। जिसे पुलिस के द्वारा नष्ट किया गया। पु0आ0नि0 गणेश यादव ने कहा 7 से 8 लीटर अवैध महुआ शराब जवानों द्वारा नष्ट किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा अवैध महुआ शराब निर्माण कर बाजार में बेचने को लेकर शराब नष्ट अभियान लगातार जारी रहेगा साथ ही उन्होंने कहा अवैध शराब बेचते हुए पकड़े जाने पर मद्य निषेध अधिनियम के तहत कारवाई किया जाएगा।

## स्कूल की ओर से मैराथन दौड़ का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर में द कराटे एकेडमी से ओरियंट पब्लिक स्कूल तक पलामू मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें पलामू के छह सौ से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। मैराथन दौड़ का आयोजन ओरिएंट पब्लिक स्कूल के द्वारा किया गया। मैराथन दौड़ भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए 4 कैटेगरी बनाई गई सीनियर कैटेगरी जो 19 साल से ऊपर के लोग हैं उनके लिए कैडेट कैटेगरी जो 16 साल से 18 साल तक के खिलाड़ियों के लिए जूनियर केटेगरी 13 साल से 15 साल के खिलाड़ियों के लिए सब जूनियर कैटेगरी है 7 साल से 12 साल तक के खिलाड़ियों के लिए बालक वर्ग के खिलाड़ियों को पाकी रोड द कराटे एकेडमी से पोखराहा पेट्रोल पंप ओरिएंट पब्लिक स्कूल (2.5 किलो मीटर) तक दौड़ाया गया। बालिका वर्ग के खिलाड़ियों के लिए टेडवा पुल से ओरियंट पब्लिक स्कूल (1 किलो मीटर) तक दौड़ाया गया। फिनिश लाइन पर सीनियर ग्रुप की श्वेता कुमारी सबसे पहले पहुंच कर प्रथम स्थान हासिल किया, दूसरा स्थान अंकिता कुमारी ,तीसरा स्थान खुशबू कुमारी ने हासिल किया । मौके पर ओरियंट पब्लिक स्कूल की शिक्षिकाओं ने खिलाड़ियों पर पुष्प की वर्षा करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। ओरियंट पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सभी खिलाड़ियों के पहुंचने के पश्चात मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एस . डी.पी.ओ सुरजीत कुमार, ऑरिंट ओरिएंट पब्लिक स्कूल के चेयरमैन रामाकांत मेहता, निर्देशक सुधीर मेहता, पलामू खेल पदाधिकारी उमेश लोहारा , द कराटे एकेडमी के निर्देशक सुमित वर्मन कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नंदकिशोर भारती द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया।

## पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति का जल्द होगा गठन : उदाशन नाग



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज लोहरदगा तेली धर्मशाला लोहरदगा जिला अध्यक्ष जयनाथ साहु कि अध्यक्षता में आहुत बैठक में पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष उदाशन नाग मुख्य रूप से उपस्थित हुए एवं अपने वक्तव्य में बोले कि झारखण्ड सरकार के गलत निर्णय के कारण आज नौ जिला में पिछड़ा समाज को जिला रोस्टर में शुन्य कर दिया गया है ।आज पिछड़ा समाज अपने आप को ठगा महसुस कर रहा है, पिछड़ा समाज को हवा पानी को छोड़ कर सभी चिजों आरक्षित कर दिया गया है जिससे हमारे समाज के लोग पढ़ाई लिखाई, नौकरी या चुनाव से वंचित करने का षड्यंत्र किया गया है । पिछड़ा समाज के सभी जातियों का लोहरदगा जिला में एक बृहत संगठन का गठन जल्द किया जाएगा और जोरदार आंदोलन खड़ा किया जाएगा। झारखण्ड सरकार को हमारा हक देना होगा। बैठक में पुर्व जिला अध्यक्ष प्रो शिव दयाल साहु, कृष्णा प्रसाद साहु, लाखपति साहु, मनोज साहु, कमलेश साहु, रामबिलास साहु, राजु साहु, बिजया कुमार, अभिषेक कुमार गुप्ता, दीपक कुमार साहु, मुकेश साहु, बजरंग साहु, बिनोद प्रसाद, धनु प्रसाद साहु, उज्जवल आनन्द, सचिन कुमार साहु, सुभम साहु, सुरेन्द्र साहु, महेश्वर साहु, पंकज साहु, आकाश पंकज, अनिता साहु प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सामिल हुए।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच व चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 42 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। मारवाड़ी महिला एकता शाखा की उपाध्यक्ष अंजलि सर्राफ व नीतू मित्तल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ की, सभी ने भारत माता की जय और वंदे मातरम का नारा लगाएं। आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 48 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं सहसचिव संजय चौधरी ने डॉ कुमुद अग्रवाल को पुष्प एवं सेवा भारती की बुक देकर सम्मानित किए। अंजलि सर्राफ एवं नीतू मित्तल ने कही कि जीव सेवा करने से बड़ा कोई भी पुण्य का कार्य नहीं है, इनकी जितनी भी सेवा की जाए कम ही है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि यह चल रहे प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में काफी लोग चेकअप करा कर लाभान्वित हो रहे हैं। और जिला अध्यक्ष व सचिव जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है, आज लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉ कुमुद अग्रवाल से शुगर, बुखार, सर्दी, खांसी, दर्द, हार्ड एवं हाइड्रोसील आदि का चेकप कराते हुए परामर्श भी लिए और कहा की प्रत्येक रविवार को यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगातार चलते रहेंगे। आज शिविर में, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, जयप्रकाश शर्मा, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, संजय चौधरी, दिनेश कुमार, अनिल वर्मा, सुबोध महतो, अतुल सर्राफ, अनूप कुमार महतो अंजली सर्राफ, प्रभादेवी, नीतू मित्तल, दिलीप सिंह, ओम प्रकाश, राम प्रसाद साहू, लाल अनूपनाथ शाहदेव, संजय साहू, उदय प्रसाद कास्यंकार, अंजलि सराफ, रमेश शर्मा, शुभम ठाकुर, आदिल अंसारी, सूर्या देवी आदि थे।

## कौड़िया प्रखंड में श्रीराम सेना की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सदर प्रखंड के कौड़िया गांव के शिव मंदिर प्रांगण में श्रीराम सेना की एक महत्वपूर्ण बैठक सनातनी ग्रामीणों के साथ हुई जिसकी अध्यक्षता टुकुरू ग्राम निवासी एवं पूर्व जिला पार्षद श्री अर्जुन सिंह ने की द्य इस बैठक में सनातन धर्म पर हो रहे आक्रमण ,धर्मांतरण एवं कई विषयों पर विचार विमर्श किया गया एवं हिंदू समाज में हो रहे कई कुरीतियों को समाप्त करने की दिशा पर बल दिया गया साथ ही साथ जातिवाद ऊंचा नीचा अमीर गरीब इत्यादि के नाम पर हो रहे भेदभाव को समाप्त करने का भी संकल्प लिया गया हम सभी सनातनी बंधु आपस में भाई भाई हैं ऐसी मानसिकता विकसित करने हेतु प्रयास किया जाएगा इसका ग्रामीणों ने संकल्प लिया द्य इस बैठक में मुख्य रूप से श्रीराम सेना राज्य प्रमुख पंकज कुमार जायसवाल, उप राज्य प्रमुख मंटू कुमार, प्रदेश सचिव श्री अनिल कुमार रवि, श्री सतीश कुमार जायसवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चिंटू गुप्ता, चूकरु ग्राम के गोपाल सिंह , प्रमोद कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह ,भुनेश्वर सिंह, नारियल सिंह ,विजय यादव ,पचुसिंह, संजय सिंह, राजदेव सिंह ,मलकू सिंह विनोद सिंह, अमित सिंह एवं अन्य सनातनी बंधु उपस्थित थेद्य भारत माता की जय गौ माता की जय सनातन धर्म की जय के उद्घोष साथ बैठक का प्रारंभ किया गया एवं ओम के उच्चारण के साथ बैठक का समापन किया गया , आगामी बैठक में अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगीद्ध राज्य प्रमुख पंकज कुमार जायसवाल ने लव जिहाद के माध्यम से हो रहे धर्मांतरण से सनातन को बचाने हेतु एकजुट होने का आह्वान किया और सजग होने को कहा पूर्व जिला पार्षद श्री अर्जुन सिंह ने कहा की लगातार हमारे जनजातीय बंधुओं को मिशनरी के द्वारा प्रलोभन देकर एवं छल कपट से धर्मांतरण का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है परंतु हम सनातनी इससे सफल नहीं होने देंगे और अपने समाज के जो लोग धर्मांतरण कर चुके हैं उन्हें घर वापसी करने का कार्य करेंगेद्य सभी ग्रामीणों ने श्रीराम सेना के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का संकल्प लिया।

## शोभायात्रा में आमंत्रित करने के लिए युवा वाहिनी का तुफानी दौरा

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 22 अप्रैल को आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा की तैयारी अब अंतिम चरण में है। इस क्रम में युवा वाहिनी के पदाधिकारियों की टीम विभिन्न जत्था के रुप में गांवों का तुफानी दौरा कर रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी,प्रमंडलीय संरक्षक पप्पू पांडेय,शैलेश तिवारी, प्रमंडलीय प्रभारी पंडित चंदन तिवारी, जिलाध्यक्ष विकास दूबे,राजा पांडेय,विक्रांत त्रिपाठी के नेतृत्व में रविवार को पांकी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया।इस दौरान विप्र बंधुओं को जन्मोत्सव शोभायात्रा में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई। वहीं दूसरी ओर युवा वाहिनी के प्रदेश संरक्षक नवीन तिवारी,जन्मोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष तिवारी(पिंकू तिवारी), प्रमंडलीय संरक्षक राकेश पांडेय,प्रवीण मिश्रा, प्रदेश कोर कमेटी सदस्य संजय मिश्रा,किशोर पांडेय,पूर्व गढ़वा जिलाध्यक्ष रोहित मिश्रा,प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी,पंकज कुमार दूबे,दिलीप तिवारी की टीम विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। इस क्रम में लोहडा़, रजहरा, भंडार, बसना, अमवा, बरिगांवा, तोलरा, गुरी, चनया, सहित कई गांव का भ्रमण कर विप्र बंधुओं को जन्मोत्सव शोभायात्रा में आमंत्रित किया गया।

## चलते चलते एक नजर

### मॉडल विद्यालय में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर स्थित राजकीयकृत बालिका उच्च विद्यालय में मॉडल स्कूलों में कक्षा छह के नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। केंद्र अधीक्षक रूबी कुमारी ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के दौरान जिले के कई प्रखंडों से छात्र-छात्राएं नहीं पहुंच सकें। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान छात्रों की उपस्थिति भी बहुत कम थी। वहीं कई छात्र -छात्राओं को एडमिट कार्ड नहीं मिलने के कारण वे परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए। बालूमाथ प्रखंड से 31 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया था ,जिसमें मात्र एक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुआ ,जबकि 30 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। बरवाडीह प्रखंड से 72 छात्रों में छह छात्र ही परीक्षा दें पाए, जबकि 66 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। लातेहार प्रखंड से 9 छात्र -छात्राओं ने पंजीकरण करवाया था, जिसमें 8 छात्र परीक्षा में उपस्थित रहे ,एक छात्र अनुपस्थित पाया गया। वही मनिका प्रखंड से 47 छात्र-छात्राओं में 16 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे,जबकि 31 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे। परीक्षा के दौरान पर्यवेक्षक अनीता लकड़ा, विनीता शर्मा, पिंटू कुमार, अश्विनी कुमार पांडे, रीना सिंह ,मीना कुमारी, साजिदा खातून रिचा कुमारी उपस्थित थे।

### लालपुर रोड किनारे नॉनवेज बेचने वालों पर 11 अप्रैल से होगी कार्रवाई

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के लालपुर कोकर मार्ग पर डिस्टलरी वेंडर मार्केट में 74 दुकानदारों को मार्केट में जगह उपलब्ध कराई गई है। सोमवार को नॉनवेज बेचने वाले दुकानदारों को शिफ्ट करने की आखिरी तारीख है। इसके बाद रोड किनारे दुकान लगाने वालों पर नगर निगम कार्रवाई करेगा। निगम एक्ट के तहत ऐसे दुकानदारों पर जुर्माना लगाएगा और उनका सामान भी जब्त करेगा। नगर निगम इंफोर्समेंट टीम ने बताया कि पुल के पास लगने वाले जाम से आम लोगों को राहत दिलाने के लिए नगर निगम की ओर से निर्देश दिया गया है। उसका पालन सभी को करना होगा। लालपुर कोकर मार्ग पर मटन, चिकन और मछली विक्रेताओं को दुकानें आवंटित की गई है। दुकानों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया गया है। मामले को लेकर नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि आवंटित दुकान 10 अप्रैल तक नहीं लगाई गई तो 11 अप्रैल से मार्केट के बाहर फुटपाथ पर दुकान नहीं लगाने दिया जाएगा। दुकानदारों का कहना था कुछ लोगों को दुकान नहीं मिली है।

# 32 सालों से लगातार हो रहा है दावत ए इफ्तार का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 9 अप्रैल 2023 को झारखंड प्रदेश जमीअतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी के द्वारा लोअर बाजार थाना क्षेत्र के सुल्तान कॉलोनी में भव्य पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी आए अतिथियों को अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने टोपी और साफा ओढ़ा कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसएसपी किशोर कौशल, ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमॉ , ट्रैफिक पुलिस थाना प्रभारी अहमद अली , खिजरी विधायक राजेश कच्छप,श्री महावीर मंडल पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, जय सिंह यादव, कायस्थ महासभा सह अधिवक्ता डॉक्टर प्रणव कुमार बाबू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनय सिन्हा दीपू, राजेश छोटू,राउफ, महताब, अंजुमन इस्लामिया रांची के सचिव? डा मोहम्मद तारिक, डॉक्टर होदा, आदिल कुरैशी, बारीक, गुलाम जावेद, फिरोज कुरैशी, गुलाम पप्पू, फरहाद कुरैशी, मासूक कुरैशी, आशिक,मिट्ठू, मौलाना मंजूर हसन बरकाती, हाफिज कैसर, पत्रकार परवेज कुरैशी, आवेश कुरैशी मुन्ना, हाजी मनान, सलौद्दीन, राजा,अकबर कुरैशी,सकील, मुन्ना सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों का उपस्थित थे।

### 32 सालों से कर रहे हैं दावत ए इफ्तार

एक जमाने तक रांची ही नहीं पूरे झारखंड में दावते इफ्तार मदरसे तक सीमित था, लेकिन भव्य और बड़े पैमाने पर दावत ए इफ्तार की शुरुआत आज से 32 साल पहले 17 रमजान 1991 से इसकी शुरुआत मुजीब कुरैशी ने किया । तब कांटा टोली कुरैशी मोहल्ला, चांदनी ग्राउंड, कांटा टोली के बॉडी बिल्डर मैदान, फिर यहां के बाद वाईएमसीए सभागार में 2019 तक यह सिलसिला जारी रहा और 2020-21 कोविड महामारी और लॉकडाउन के कारण इफ्तार का



आयोजन नहीं हो सका, इसलिए नौ अप्रैल 2023 को सुल्तान कॉलोनी में इफ्तार आयोजित किया गया।

### अब तक शामिल होते रहे हैं

कांग्रेस के दिवंगत राज्यसभा सदस्य ज्ञान रंजन,आरपी राजा, खुंटी विधायक रही सुशीला केरकेट्टा, पूर्व मंत्री दिवंगत रमेश सिंह मुंडा, राजद के अभय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय,सरयू राय, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश, प्रदीप यादव, बंधु तिर्की, दिवंगत सबा अहमद, झारखंड आंदोलन कारी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अमानत अली,आइपीएस अधिकारीयों में प्रवीण सिंह,एम एस भाटिया,साकेत सिंह, कुलदीप द्विवेदी,अनीस गुप्ता, पूर्व सिटी एसपी रहे कौशल किशोर, आइएएस अधिकारियों में पूर्व उपायुक्त रांची मनोज कुमार,भोर सिंह यादव सहित वरिष्ठ पत्रकार व श्री महावीर मंडल और अंजुमन इस्लामिया एवं अन्य कई समाजिक संगठनों से जुड़े गणमान्य पदाधिकारियों ने हिस्सा ले चुके हैं।

### क्या कहा मुजीब कुरैशी ने

झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने कहा कि दावते इफ्तार समाज को जोड़ने के लिए , आपसी भाईचारे, सौहार्द कायम बरकरार रहे इसके लिए आयोजित करते रहे हैं और अल्लाह ने दिया तो आगे भी करते रहेंगे। इसमें सभी समुदायों के सम्मानित शख्सियत जो विधि व्यवस्था में जिला प्रशासन के साथ मिलकर समाज के बीच और शहर में अमन व शांति बनाए रखने के लिए अपना योगदान देते हैं, वैसे गणमान्य शख्सियतों को जोड़ने के लिए यह आयोजन करते चले आ रहे हैं, इसमें सभी राजनीति दलों के सांसद, विधायक,से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों एवं सामाजिक संगठनों के जिम्मेदार और वरिष्ठ पत्रकारगण शामिल होते रहे हैं।

### एसएसपी ने बताया

इफ्तार पार्टी में आए एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि मुजीब कुरैशी समाज के जाने पहचाने चेहरे हैं और हमेशा समाज के बीच बेहतर काम करते हैं और पूर्व में भी इनके द्वारा दिए गए पार्टी में शामिल हुए हैं और आज भी शामिल होने का मौका मिला ऐसे लोगों की समाज में बहुत जरूरत है।

### राजीव रंजन मिश्रा ने कहा

श्री महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा ने कहा पिछले 25- 30 सालों से मुजीब कुरैशी के द्वारा इफ्तार पार्टी में शामिल होते आ रहा हूं और यह न सिर्फ अपने कांटा टोली क्षेत्र के शहर में भी सभी समुदायों को लेकर चलते हैं सौहार्द, एकता और भाईचारे का मिसाल पेश करते आ रहे हैं।

# महिला सहित दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नामकुम थाना पुलिस ने महिला सहित दो गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में रांची के सुखदेव नगर थाना निवासी उज्जवल खलखो और गुमला के डुमरी थाना निवासी सुजाता देवी शामिल है। इनके पास से 2.6 किलोग्राम गांजा, एक स्कूटी और दो मोबाइल फोन बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बुण्डू की तरफ से एक लाल रंग के स्कूटी पर सवार एक महिला एवं एक पुरुष गांजा लेकर नामकुम की ओर जा रहे हैं। सूचना के बाद सहायक



पुलिस अधीक्षक (मु0) मुमल राजपुरोहित के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने नामकुम थाना के सामने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।

# पलामू में मालगाड़ी दो हिस्से में बंटी, बाधित रहा आवागमन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिले के मोहम्मदगंज-सतबहिनी रेल स्टेशन के बीच रविवार को अप मालगाड़ी (संख्या 60050) कादल गांव के पास डगरा नामक स्थान पर दो हिस्से में बंट गई। खंभा संख्या 341/ 35 से लेकर खंभा संख्या 341/ 37 के बीच अलग हुए दोनों हिस्से खड़े रहे। मालगाड़ी के दोनों हिस्सों को जोड़ने में करीब 35 मिनट लगा, लेकिन इस बीच कादल गांव में समपार फाटक से आवागमन बाधित रहा। मालगाड़ी के करीब 59 डिब्बों में कोयला भरा था। अंकोरहा स्टेशन स्थित एनटीपीसी में बिजली बनाने के लिये झारखंड के कोयला खदान से आपूर्ति की गई थी। ओवरलोड कोयला भरी मालगाड़ी मोहम्मदगंज-सतबहिनी रेल स्टेशन के बीच दो हिस्से में बंट गई। गार्ड सूर्यमणि, रेल फाटक कर्मी सत्यनारायण कुमार और ग्रामीण रामदेव महतो के संयुक्त प्रयास से अलग हुए डिब्बों को जोड़ने में करीब 35 मिनट लगा। इस बीच कादल गांव में रेल पटरी पर बने समपार फाटक से आवागमन बाधित रहा। साथ ही अप रेल पटरी पर परिचालन पूरी तरह ठप रहा। इधर,चालक शिवनाथ कुमार ने बताया कि इस रेल खंड के छिपादोहर और कादल गांव के समीप रेल पटरी पर चढ़ान के कारण ओवरलोड कोयला से भरी मालगाड़ी का दो हिस्से में बंट जाना आम बात हैं। चालक, गार्ड, रेल फाटक कर्मी और कादल गांव के ग्रामीणों की सूझ-बूझ से बड़ी रेल दुर्घटना होने से बच गयी।

# कोरोना के बढते संक्रमण को लेकर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री फिर करेंगे बैठक

**देश में कोरोना के बढते संक्रमण को लेकर होगी महत्वपूर्ण बैठक**



**देशभर के जिलाधिकारियों के साथ राज्य स्वास्थ्य मंत्री भी करेंगे बैठक**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट है। ऐसे में रविवार शाम को एक बार फिर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडविया, स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी देशभर के जिलाधिकारियों और जिला उपायुक्तों, सिविल सर्जनों के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में सभी राज्यों के साथ झारखंड के स्वास्थ्य सचिव और स्वास्थ्य मंत्री भी शामिल होंगे।

इसके अलावा भी कोरोना संक्रमण बढ़ने की संभावनाओं को देखते हुए रविवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता सभी जिलों के डीसी और सिविल सर्जन के साथ वर्चुअल बैठक करेंगे। राज्य में 7 अप्रैल तक 24 जिलों में से 8 जिलों में अभी कोरोना के एक्टिव केस हैं। सबसे अधिक 18 एक्टिव केस रांची में हैं। जमशेदपुर में 11, देवघर में आठ, लोहरदगा में नौ कोरोना संक्रमित हैं।

झारखंड में 1 अप्रैल को कोरोना की तैयारियों को लेकर राज्यस्तर पर मॉक ड्रिल हो चुका है। अब 10 और 11 अप्रैल को भी भारत सरकार के निर्देश पर सभी सरकारी अस्पतालों में मॉक ड्रिल किया जाएगा, जिसकी तैयारी में स्वास्थ्य महकमा जुटा हुआ है।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने गत शुक्रवार को देश के 25 राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर राज्यों की तैयारियों की समीक्षा की थी। इस दौरान राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर राज्य में कोरोना के वर्तमान हालात पर चर्चा की थी।

# केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल 11 से 13 अप्रैल तक फ्रांस और इटली के दौरे पर



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 11 से 13 अप्रैल तक फ्रांस और इटली की आधिकारिक यात्रा करेंगे। उनके साथ एक शीर्ष सीईओ का प्रतिनिधिमंडल भी होगा।

केंद्रीय मंत्री अपने फ्रांसीसी समकक्ष ओलिवियर बेख्त के साथ भारत और फ्रांस की मित्रता के 25 वर्ष के उपलक्ष्य में भारत-फ्रांस बिजनेस सम्मिट की सह अध्यक्षता करेंगे।

सरकार के अनुसार इस यात्रा से यूरोपीय क्षेत्र में भारत के प्रमुख व्यापारिक भागीदारों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और गति मिलने की उम्मीद है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार शिखर सम्मेलन में हरित भविष्य के निर्माण, उभरती प्रौद्योगिकियों, रक्षा सहयोग और हिंद-प्रशांत से जुड़े क्षेत्रों में सहयोग सहित विभिन्न विषयों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। पीयूष गोयल फ्रांस के मंत्री ओलिवर बेख्त के साथ भारत की सांस्कृतिक विरासत और सॉफ्ट पावर को दर्शाने वाले एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। उनका पेरिस में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत का भी कार्यक्रम है।

पीयूष गोयल बाद में रोम (इटली) की यात्रा करेंगे। वह वहां उप प्रधानमंत्री और विदेश मामलों के अंतरराष्ट्रीय सहयोग के मंत्री एंटोनियो ताजानी से मिलेंगे। इसके बाद सरकार और उद्योग जगत के लोगों के साथ एक डिनर होगा। उनका द्विपक्षीय बैठकों के लिए शीर्ष इतालवी सीईओ से मिलने का कार्यक्रम है। इसके बाद सीईओ इंटरएक्टिव बिजनेस सेशन होगा जिसमें 35 सीईओ के भाग लेने की संभावना है। इसके बाद उद्यम मंत्री अडोल्फो उर्सो के साथ बैठक होगी, जो भारतीय सीईओ के साथ भी बातचीत करेंगे।

### स्टीव जॉब्स, मार्क जुकरबर्ग, ओबामा और विराट कोहली की सूची में शामिल हुई लवलीना

**नैनीताल:** महिला विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने अपने स्वर्ण पदक जीतने वाले 'गोल्डन पंच' का श्रेय बाबा नीब करौरी को दिया है। इस प्रकार भारतीय मुक्केबाज लवलीना भी स्टीव जॉब्स, मार्क जुकरबर्ग, ओबामा और विराट कोहली जैसे उन विशेष शख्सियतों की सूची में शामिल हो गई हैं, जिन्होंने अपने बुरे वक्त में बाबा नीब करौरी को याद किया और उन्हें बाबा की कृपा से बड़ी सफलता मिली। बाबा नीब करौरी के दर्शनों के लिए नैनीताल पहुंचीं लवलीना ने खुद बताया किया कि महिला विश्व चैंपियनशिप के दौरान उन्होंने बाबा नीब करौरी से अपनी जीत की मन्नत मांगी थी और स्वर्ण पदक जीतने के बाद उनके कैंची धाम आने का वादा किया था। इसलिए ही वह यहां आई हैं। लवलीना आज 9 अप्रैल को कैंची धाम बाबा नीब करौरी के दर्शन करने पहुंची हैं।